WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- सप्तमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 232 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

शीतकालीन सत्र : विस अध्यक्ष रमन सिंह बोले- छग के इतिहास में पहली बार रविवार को लगेगा सत्र

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 14 दिसंबर से शुरू हो रहा है। यह सत्र नवा रायपुर के नए विधानसभा भवन में होगा। सत्र को लेकर आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पत्रकारों से चर्चा की। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब रविवार अवकाश के दिन भी विधानसभा की कार्यवाही होगी। ऐसा इसलिए हो रहा, क्योंकि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद विधानसभा की पहली बैठक 14 दिसंबर को हुई थी। वो भी राजकुमार कॉलेज स्थित जशपुर हॉल के भवन में टेंट लगाकर बैठक की गई थी। 25 वर्षों की यात्रा आज भव्य नए विधानसभा भवन तक आ पहुंची है। बीते 25 वर्षों में कुल 76 सत्रों में 773 बैठकें हुई हैं और सदन की कार्यवाही 3456 घंटे 19 मिनट चली है।

लॉ एंड ऑर्डर, धान और सड़क पर घिरेंगे मंत्री

सत्र के दौरान कानून-व्यवस्था, धान खरीदी, सड़कों की स्थिति और राशन वितरण में गड़बड़ी पर सबसे अधिक चर्चा होगी। इसके चलते नया विधानसभा भवन 3 दिन तक गर्मागर्म बहस और सियासी टकराव का केंद्र बनेगा।

16 दिसंबर को अनुपूरक मांग पर होगी चर्चा

उन्होंने बताया कि 14 दिसंबर 17 दिसंबर तक विधानसभा का शीतकालीन सत्र आयोजित है। सत्र के दौरान कुल 4 बैठकें होंगी। 628 प्रश्नों की सूचना प्राप्त हुई है। इसमें 333 तारांकित प्रश्न और 295 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं। 99.17 प्रतिशत प्रश्न ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं। 48 ध्यानाकर्षण होगा। एक लोक महत्व के विषय पर चर्चा होगी। 9 अशासकीय संकल्प, शून्यकाल 4, याचिका 77 पर भी चर्चा होगी। 16 दिसंबर को अनुपूरक मांग पर चर्चा होगी। छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनिमय संशोधन विधेयक, 2025 (क्रमांक 28 2025) विधानसभा में पारित किया जाएगा। विभागों से प्राप्त प्रतिवेदनों को भी पटल पर रखा जाएगा।

सदस्य दे सकेंगे तीन नोटिस

14 दिसंबर से शुरू होने वाली बैठक में विधायकों को सुबह 8 बजे तक नोटिस दाखिल करने का अवसर मिलेगा। इसके तहत ध्यानाकर्षण सूचना, स्थगन सूचना और नियम 267-क के तहत सूचनाएं दी जा सकेंगी। सचिवालय ने स्पष्ट किया है कि एक सदस्य एक दिन में अधिकतम दो ध्यानाकर्षण और एक स्थगन नोटिस दे सकता है।

चुनाव आयोग का बड़ा फैसला, 5 राज्य,1 यूटी में

एसआईआर की समय सीमा बढ़ी

■ **एमपी-छत्तीसगढ़ में 18, यूपी में 26 दिसंबर तक फॉर्म भर सकेंगे**

नई दिल्ली/वार्ता। चुनाव आयोग ने गुरुवार को 5 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की समयसीमा बढ़ा दी। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान-निकोबार में 18 दिसंबर तक फॉर्म भर सकेंगे। उत्तर प्रदेश में 26 दिसंबर, गुजरात और तमिलनाडु में 14 दिसंबर तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। पहले फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 11 दिसंबर थी।

बाकी राज्यों का ड्राफ्ट रोल 16 दिसंबर को पब्लिश होगा: आयोग ने बताया कि गोवा, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, राजस्थान और पश्चिम बंगाल के लिए समयसीमा गुरुवार को ही ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

देश के 12 राज्यों में और यूटी में चल रहा एसआईआर

पॉलिटिकल पार्टियों को मिलेगी मृत मतदाताओं की सूची निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के तहत राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होने से पहले मृत, स्थानांतरित और अनुपस्थित वोटरों की सूची दी जाएगी। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 16 दिसंबर को जारी की जाएगी। इससे पहले आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को हर बूथ के हिसाब से अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या डुप्लीकेट वोटरों की सूची तैयार कर बूथ एजेंटों को देने का निर्देश दिया है। ये वे वोटर हैं जिनसे बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) तीन बार कोशिश के बावजूद संपर्क नहीं कर सके। बिहार में हुई एसआईआर प्रक्रिया के दौरान भी यही तरीका अपनाया गया था।

बस्तर ओलंपिक: आप आगे बढ़ें, सरकार हर कदम आपके साथ

बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में शामिल होगे अमित शाह

■ **डिप्टी सीएम के अलावा सुविख्यात महिला मुक्केबाज एमसी मेरीकाम भी मौजूद रहीं**

रायपुर/नवप्रदेश। आपका मुख्यमंत्री आपके समाज के बीच का है, आपका भाई हूं आप आगे बढ़ें, सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को बस्तर ओलंपिक 2025 के तहत संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री साय ने जगदलपुर के स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में संभाग स्तरीय बस्तर ओलिंपिक का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने समूचे बस्तर संभाग के खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान बस्तर संभाग के सभी सातों ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

अब बन रहा नया बस्तर- मैरी कॉम

मैरी कॉम ने कहा कि, अवसर मिला तो वे भारत के नियाग्रा कहलाने वाले प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात अवश्य जाउंगी। उन्होंने बस्तर को 'नया बस्तर बताते हुए कहा कि यहां विकास की गति स्पष्ट दिखाई दे रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं जनजातीय समुदाय से आते हैं और उन्हें जानकारी मिली है कि वे जनजातीय अंचल के समग्र विकास के लिए गंभीरता से कार्य कर रहे हैं।

गृहमंत्री शुक्रवार पहुंचेंगे बस्तर ओलंपिक में

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में शामिल होने के लिए दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आएंगे। इसके लिए उनका मिनट टू मिनट कार्यक्रम तय हो गया है। श्री शाह शुक्रवार की रात 10:00 बजे माना एयरपोर्ट पहुंचेंगे। माना एयरपोर्ट से वे सीधे मेंफेयर रिसोर्ट रवाना होंगे और वहीं रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन शनिवार दोपहर 1:30 बजे माना एयरपोर्ट से वे जगदलपुर के लिए रवाना होंगे।

आज बेबाक

पता नहीं कुछ लोगों को उड़ता तीर लेने में क्या मजा आता है? संसद के शीतकालीन सत्र में चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष ने दो दिनों तक संसद बाधित की थी। चुनाव सुधार के नाम पर चर्चा कराई गई तो विपक्ष ने एक सुर में वोट चोरी का राग अलापना शुरू कर दिया। विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए जब गृह मंत्री अमित शाह ने वोट चोरों को बेनकाब करना शुरू किया तो विपक्ष सदन से बहिर्गमन कर गया। सही बात है। जिनके घर शीशे के हों उन्हें दूसरो पर पत्थर नहीं उछालना चाहिए।

नहाने गए तीन छात्र हसदेव नदी में डूबे, शव बरामद

■ **नहाते समय डूबे, एसडीआरई की टीम ने शवों को बाहर निकाला**

जांजगीर-चांम्पा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जांजगीर- चांम्पा में लापता हुए तीन बच्चों के शव बरामद हुए हैं। घटना स्थल से कुछ दूरी पर अलग- अलग जगह से लाश मिली है। सभी बच्चे मनका पब्लिक स्कूल के छात्र बताए जा रहे हैं। तीनों बच्चे हनुमान धारा चाम्पा से हसदेव नदी में नहाने गए थे। त्रिदेव घाट के पास बच्चों का कपड़ा और चप्पल बरामद हुआ है। तलाशी के दौरान नदी किनारे साईकिल और मोबाइल बरामद हुआ है। तीनों बच्चे 5 वीं, 8वीं और 9वीं के छात्र बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद एसडीआरई की टीम खोजबीन में जुट गई थी, जिसके बाद अब तीनों की लाश मिली है। एसडीआरई की टीम ने लाश को बाहर निकाल

लिया है। सभी की पहचान नेलशन एक्का, रूद्र राज, युवराज राठौर के रूप में हुई है।

इलाके में पसरा मातम

सभी बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद से पूरे इलाके में मातम पसर गया है। वहीं बच्चों के परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल हो गया है। एक साथ तीन घरों के चिराग बुझने से इलाके में सन्नाटा फैला हुआ है।

अरुणाचल में ट्रक खाई में गिरा, 21 की मौत

अनजॉ/वार्ता। अरुणाचल प्रदेश के अनजॉ जिले के हयुलियांग इलाके में एक ट्रक 1000 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ड्राइवर और क्लीनर समेत 21 की मौत हो गई। बचाव दल को 18 शव मिल चुके हैं। यह हादसा 8 दिसंबर का है। जानकारी गुरुवार को सामने आई। दरअसल, हादसे में एक व्यक्ति जीवित बचा था, जो दो दिन तक पैदल चलकर किसी तरह आर्मी कैंप तक पहुंचा। इसके बाद आज सुबह आर्मी के बचाव दल की टीमें मौके पर पहुंची। टीम को घटनास्थल पर पहुंचने में 10 से ज्यादा घंटे लगे।

हादसा 8 दिसंबर की रात हुआ था: हादसे में घायल व्यक्ति खाई से मुश्किल से बाहर निकला और हयुलियांग-चगलगाम रोड पर पहुंचा। दो दिन तक पैदल चलकर दिसंबर की रात चिपरा जीआरईएफ कैंप तक पहुंचा। यहां उसने जवानों को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हादसे वाली जगह चगलगाम से लगभग 12 किलोमीटर आगे पहाड़ी और घने जंगल वाला इलाका है। यहा बहुत कम ही आवाजाही होती है।

इंडिगो ने प्रभावित यात्रियों को रिफंड यात्रा वाउचर देना शुरु किया

नई दिल्ली (आईएएनएस)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने गुरुवार को उन ग्राहकों को 10,000 रुपए का ट्रैवल वाउचर देने का ऐलान किया, जिनकी यात्रा बड़ी संख्या में उड़ानों के रद्द होने से प्रभावित हुई थी। इंडिगो के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, हम इस तरह के गंभीर रूप से प्रभावित ग्राहकों को 10,000 रुपए का यात्रा वाउचर प्रदान करेंगे। इस यात्रा वाउचर का उपयोग अगले 12 महीनों के दौरान इंडिगो की किसी भी यात्रा के लिए किया जा सकता है। यह मुआवजा मौजूदा सरकारी दिशानिर्देशों के तहत की गई प्रतिबद्धता के अतिरिक्त है, जिसके अनुसार इंडिगो उन ग्राहकों को उड़ान के ब्लॉक समय के आधार पर 5000 रुपए से 10,000 रुपए तक का मुआवजा प्रदान करेगी, जिनकी उड़ानें प्रस्थान समय से 24 घंटे के भीतर रद्द कर दी गई थीं। इससे पहले, इंडिगो ने कहा था कि गुरुवार को वह 1,950 से ज्यादा उड़ानों का ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

जेपीसी बैठक... सिब्बल ने कथित तौर पर 'वन नेशन, वन इलेक्शन प्रणाली का विरोध किया

लोकसभा में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' विधेयकों की जांच कर रही समिति का कार्यकाल बढ़ा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। लोकसभा ने गुरुवार को उस संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के कार्यकाल को बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जो लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों को एक साथ आयोजित करने से जुड़े विधेयकों की जांच कर रही है। जेपीसी के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने संविधान के 129वें संशोधन विधेयक, 2024 और केंद्रशासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 की जांच अवधि को 2026 के बजट सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ाने का प्रस्ताव सदन में रखा। लोकसभा ने इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया। पिछले वर्ष दिसंबर में गठित इस समिति ने अब तक कई दौर की बैठकों में संवैधानिक विशेषज्ञों, अर्थशास्त्रियों और विधि आयोग के अध्यक्ष दिनेश महेश्वरी सहित कई विशेषज्ञों से सुझाव लिए हैं। पीपी चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में भाजपा सांसद संबित पात्रा, अनुराग ठाकुर, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी, सुखदेव भगत, और समाजवादी पार्टी सांसद धर्मेंद्र यादव शामिल हुए।

इस बैठक में राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने भी समिति के सामने अपनी राय रखी। सिब्बल ने कथित तौर पर 'वन नेशन, वन इलेक्शन प्रणाली का विरोध किया और कहा कि यह ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

वनांचल गैंदाटोला क्षेत्र के असली हीरो डॉ. मुकेश की अनोखी दास्तान

डोंगरगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर जिला राजनांदगांव जितेंद्र यादव और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न के आदेशानुसार पूरे जिले में शालेय नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा शासकीय मिडिल स्कूल 6वीं 7वीं 8वीं कक्षा के प्रत्येक बच्चे की आंख जांच, चश्मा जांच और उनका उचित उपचार करना है। जिले के विकासखंड छुरिया में यह कार्यक्रम ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ. उमेश भगत एवं ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. विजय मेश्राम के मार्गदर्शन में चलाया गया। एक बड़ी जिम्मेदारी देते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गैंदाटोला और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बूचाटोला के शासकीय मिडिल स्कूल की जिम्मेदारी डॉ.मुकेश कुमार साहू नेत्र सहायक अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गैंदाटोला को मिला। 21 मिडिल स्कूल के लगभग 2000 बच्चों की आँख जांच करने का लक्ष्य मिला।

12 वर्ष के बच्चे की दोनों आँखों में मिला मोतियाबिंद

प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी स्कूली बच्चों का जांच कर। 53 बच्चों में दृष्टिदोष की पहचान कर। उन्हें निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया है। शालेय नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अलीवारा(छुरिया) में एक ऐसा मामला सामने आया है। जिसने पुरे सिस्टम के होश उड़ा दिया। मामला है नन्ही बच्ची कशिश पिता मुकेश कंवर 12 वर्ष 7वीं कक्षा की है। आंख जांच के दौरान दोनों आंख से बच्ची को पढ़ने देखने में असुविधा हो रही थी। बायीं आंख से 1 मीटर और दायीं आंख से 2 मीटर उंगली को गिरने में असमर्थ थी। पूरी जांच होने के बाद पता चला कि कशिश की दोनों आंखों में मोतियाबिंद है। जब छात्रा और उनके परिवार को इनकी जानकारी देते हुए पूछा गया तो, उनके द्वारा कहा गया की हम लोग इनका बहुत इलाज कराये है। इलाज कराकर थक-हार गए है। आसपास के डॉक्टर से इनका इलाज कराए हैं। पर कुछ नहीं हुआ और इनका इलाज संभव नहीं है।

बच्चों के मसीहा बने डॉ. मुकेश कुमार साहू

टीमवर्क और टीम को लीड करते हुए सफलता हासिल किया

डॉ. मुकेश कुमार साहू ने बात की गंभीरता को देखते हुए पूरा बीड़ा खुद ही उठाया और टीम बनाकर, टीम को नेतृत्व करते हुए। बच्चों के माता को समझाइए देते हुए। उन्हें बताया कि आप लोग अभी तक जानकारी के अभाव में इनका उचित उपचार नहीं कराए हैं। और अभी तक सरकारी अस्पताल नहीं गए हो। यह उपचार द्वारा पूरी तरह से ठीक हो सकती है। बच्ची फिर से दुनियाँ देख सकती है। शासन द्वारा इनका पूरा उपचार निःशुल्क किया जाएगा। आपको एक पैसे भी खर्च करने की जरूरत नहीं है। शासकीय अस्पताल में बच्चे का पूरा इलाज किया जाएगा। काफी समझाइए के बाद अभिभावक इलाज के लिये तैयार हुए।

चॉकलेट वाले डॉक्टर की लोकप्रियता शिखर पर

वनांचल में हर तरफ उनके काम के चर्चे हैं। क्षेत्र में स्कूली बच्चों के ऑपरेशन का ये तीसरा मामला है। स्वास्थ्य विभाग ने इस बार टीमवर्क करते हुए बहुत अच्छा कार्य किया है। क्योंकि जिस स्कूल,ग्राम आलीवारा से बच्चे को ऑपरेशन के लिए तैयार किया गया है। वह डॉ. मुकेश कुमार साहू के कार्यक्षेत्र में नहीं आता है। फिर भी उन्होंने इस दायित्व का निर्वाह किया। जो कि उसके निष्ठा, बच्चों के प्रति प्रेम,सेवाभाव और कार्य के प्रति समर्पण को प्रकट करता है। स्वास्थ्य विभाग राजनांदगांव से नेत्र चिकित्सा एवं सेवा के क्षेत्र में असली हीरा बनकर उभरे है। जिनकी चमक लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले 3 सालों से लगातार स्कूली बच्चों का मोतियाबिंद ऑपरेशन करा कर जिले के नंबर वन नेत्र सहायक अधिकारी बन गए है। शालेय नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण में त्वरित कार्यवाही करने, तेज और सटीक उपचार के लिए जाने जाते हैं। ज्ञात हो की जिले में लोग इन्हें चॉकलेट वाले डॉक्टर के नाम से भी जानते हैं। क्योंकि यह अपने ओपीडी में प्रत्येक मरीज को पहले चॉकलेट खिलाते हैं। फिर उनका जाँच और उपचार करते हैं। लोगों को इनका यह तरीका बहुत भाता है। इनके ओपीडी में मरीजों की भीड़ हमेशा देखी जा सकती है। बच्चों के स्वास्थ्य के मामले में मैं बहुत संवेदनशील हूँ। जितनी जल्दी हो सके सही और उचित उपचार हो,यही मेरी प्राथमिकता रहती है। कशिश की एक आँख का मोतियाबिंद ऑपरेशन हुआ है। दूसरी आँख का भी ऑपरेशन समय पर कराया जायेगा।

मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल राजनांदगांव में हुआ बच्चे का ऑपरेशन

नन्ही परी कशिश को 3 दिसंबर को शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल पेंड्री राजनांदगांव में जांच कराया गया और 4 दिसंबर को एडमिट किया गया। जहां सभी जांच करने की उपरांत 5 दिसंबर को दायीं आँख की मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया गया। सूचना मिलने तक छोटी बच्ची कशिश पूरी तरह ठीक है। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा। 8 दिसंबर को अस्पताल से छुट्टी होकर सकुशल घर वापसी हुआ है। माता-पिता, परिवार, गांव और क्षेत्र के लोग डॉ. मुकेश कुमार साहू नेत्र सहायक अधिकारी की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

जिले में धान की खरीदी अभियान से किसानों में हर्ष व्याप्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में धान की खरीदी अभियान से सिकानों में हर्ष व्याप्त है। खरीफविपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे है। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 34015 पंजीकृत किसानों से 409 करोड़ 89 लाख 66 हजार रूपए मूल्य का 1725706 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान का उठाव भी लगातार जारी है। अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 43030 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

क्रिकेट का तूफ़ान डोंगरगांव में

डोंगरगांव/नवप्रदेश। डोंगरगांव के संत भवन मैदान में सोमवार, 08 दिसम्बर 2025 की रात मानो किसी स्टेडियम से कम नहीं थी। तेज रोशनी में नहाया मैदान, गूंजती तालियाँ, आसमान तक उठती हूटिंग और खिलाड़ियों के जोश से भरी दस्तक–ऐसा माहौल था कि हर धड़कन क्रिकेट के सुर में थिरक रही थी। JPL 2025 सीजनङ्क3 का भव्य शुभारंभ होते ही पूरा मैदान मानो आग की तरह दहक उठा। कुल 8 दमदार टीमें–प्रशांत पैंथर (मालिक : प्रशांत जैन 'स्वप्निल'), संतोष ज्वेलर्स (मालिक : सुयंक जैन), बाउंड्री ब्लास्टर्स (मालिक : आशीष जैन 'आशु'), LIC लीजेंड्स (मालिक : संदीप जैन 'LIC'), स्वस्तिक रॉयल्स (मालिक : नवीन जैन), ऋषभ लायंस (मालिक : सौरभ जैन), सानिध्य समशेर (मालिक : सजल जैन) और विपिन विक्टर्स (मालिक : विपिन जैन) अपनी-अपनी टोली के साथ मैदान में उतरीं और देखते ही देखते माहौल में बिजली-सी दौड़ गई। ऑक्शन में पॉइंट्स के जरिए तैयार हुई इन टीमों ने जैसे ही सीजन-3 का आगाज़ किया, दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुँच गया। JPL का उद्घाटन दीपङ्कप्रज्ज्वलन से हुआ, जिसे श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के सतीश जैन 'लल्ली', प्रबोध जैन, प्रमोद जैन, ऋषभ जैन, राहुल राही एवं अनुज जैन ने आचार्य भगवान के चित्र के समक्ष सम्पन्न किया। दीप की लौ की तरह ही पूरे मैदान में ऊर्जा, जयकारों और जोश की लहर फैल गई। पहले दिन के मैचों में रोमांच इस कदर था कि दर्शकों की आँखें एक क्षण के लिए भी पलक न झपका सकीं–पहला मैच ऋषभ लायंस और बाउंड्री ब्लास्टर्स के बीच हुआ, जिसमें बाउंड्री ब्लास्टर्स ने 10 रन से सनसनीखेज जीत दर्ज की (मैन ऑफ द मैच : मोक्ष जैन)। दूसरे मुकाबले में प्रशांत पैंथर्स ने धमाकेदार बल्लेबाज़ी और घातक गेंदबाज़ी के दम पर विपिन विक्टर्स को 19 रन से शिकस्त दी (मैन ऑफ द मैच : सक्षम जैन 'लल्ली')। तीसरे रोमांचक मैच में सानिध्य समशेर ने संतोष ज्वेलर्स को 5 विकेट से पटखनी देते हुए दर्शकों को सीटों से उठने पर मजबूर कर दिया (मैन ऑफद मैच : शुभम जैन 'लल्ली')। पूरे आयोजन की असली ताकत युवा शक्ति–गौरव, जयद, मयंक, अमन, चित्रांश, विशु (अर्हम), श्रुत सहित पूरी टीम है, जिन्होंने अपनी निष्ठा, मेहनत और उमंग से JPL को डोंगरगांव का सबसे बड़ा क्रिकेट उत्सव बना दिया है।

जल संसाधन विभाग गरियाबंद की गंभीर चूक, कार्यालय की संपत्ति होगी कुर्क

- हाईकोर्ट आदेश की अवहेलना,
- मुआवजा राशि जमा न करने पर विभाग पर गिरी कार्रवाई की तलवार

गरियाबंद/नवप्रदेश। भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे जल संसाधन विभाग गरियाबंद के अधिकारियों की लापरवाही, अब विभाग पर ही भारी पड़ने जा रही है। माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के स्पष्ट आदेशों के बावजूद विभाग द्वारा निर्धारित मुआवजा राशि जमा नहीं किये जाने के कारण अब कार्यालय की संपत्ति कुर्क होने की नौबत आ गई है। पुनर्वासन एवं व्यवस्थापन न्यायालय द्वारा जल संसाधन विभाग गरियाबंद कार्यालय की संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी कर दिया गया है।

आपको बता दें कि लगभग दो वर्ष पूर्व, मुआवजा को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को तय मापदंडों के आधार पर मुआवजा राशि का भुगतान करने का आदेश जारी किया था। विभागीय अधिकारियों ने हाई कोर्ट के आदेश के दो साल बाद भी याचिकाकर्ता को मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया। याचिकाकर्ता द्वारा लगातार आवेदन और स्मरण पत्र लिखने के बाद भी फाइल आगे नहीं बढ़ पाई। जल संसाधन विभाग के अफसरों के अड़ियल रवैये से परेशान याचिकाकर्ता ने भू-अर्जन पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन न्यायालय, रायपुर के समक्ष मामला दायर कर मुआवजा राशि की मांग की। आवेदनकर्ता ने दो साल पहले जल संसाधन विभाग के अफसरों को हाई कोर्ट द्वारा जारी आदेश की जानकारी भी दी थी, दुर्गा देवी स्मृति सेवा समिति को मुआवजा राशि देने का निर्देश हाई कोर्ट ने दो वर्ष पहले दिये थे। लेकिन विभाग द्वारा इस आदेश का पालन नहीं किया गया।

मुआवजा राशि प्राधिकरण में जमा करने के लिये पूर्व में कार्यपालन अभियंता, गरियाबंद को निर्देशित किया गया था। पिछले आदेश में स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई थी कि राशि जमा न करने पर कुर्की वारंट जारी किया जायेगा। इसके बाद भी निर्धारित तिथि में कार्यपालन अभियंता अनुपस्थित रहे और उनकी ओर से मुआवजा राशि जमा नहीं की गई।

मिली जानकारी के अनुसार मुआवजा जमा करने के लिये अतिरिक्त समय देने के अनुरोध को प्राधिकरण द्वारा खारिज कर दिया गया। प्राधिकरण ने कहा कि माननीय हाईकोर्ट द्वारा एफए.एन. क्रमांक 272/2018 (श्रीमती दुर्गा देवी स्मृति सेवा समिति बनाम छत्तीसगढ़ शासन एवं अन्य) में दिनांक 07 नवंबर 2023 को दिये गये आदेश की जानकारी होने के बावजूद दो वर्ष बाद भी विभाग ने इसका पालन नहीं किया है।

वित्तीय भार अब शासन पर..

कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि आदेश की अवहेलना से प्रतिदिन ब्याज बढ़ रहा है, जिसका अतिरिक्त वित्तीय भार सीधे शासन पर पड़ेगा। कई अवसर दिये जाने के बाद भी विभाग द्वारा आदेशों का अनुपालन न करने को गंभीर चूक मानते हुये प्राधिकरण ने अब अंतिम कार्रवाई की ओर कदम बढ़ाया है।

आदेश में आवेदक को निर्देशित किया गया है कि जल संसाधन विभाग गरियाबंद के कार्यालय से संबंधित संपत्तियों का विवरण प्रस्तुत किया जाये, ताकि उनके विरुद्ध कुर्की वारंट जारी किया जा सके। संपति का विवरण प्रस्तुत होते ही विधिवत कुर्की वारंट जारी किया जायेगा।

प्रकरण अब कुर्की वारंट तामिली रिपोर्ट हेतु 17 दिसंबर 2025 को निर्धारित किया गया है।

वरिष्ठता सूची में सुधार करने एवं रिक्त पदों में वृद्धि करने की मांग

उतई/नवप्रदेश। नवीन शिक्षक संघ छ. ग. का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश सचिव गिरीश साहू के नेतृत्व मे सयुंक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग को मांग पत्र सौंपकर पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक पद मे पदोन्नति के लिये जारी कार्यालय द्वारा सूची मे व्यापक त्रुटि की ओर ध्यानाकर्षण कराकर बताया गया की कार्यालय द्वारा सूची के अवलोकन करने पर कई वरिष्ठ शिक्षक एलबी वरिष्ठता क्रमांक मे काफ़ी नीचे हो गया है जैसे शिक्षाकर्मी तीन पर एक साथ भर्ती आदेश /दिनांक, शिक्षकर्मी दो पर एक साथ पदोन्नति आदेश /दिनांक व संविलियन भी समान होने के बाद भी वरिष्ठता सूची जन्मतिथि के अनुसार प्रकाशित नही किया गया है शासन ने पूर्व मे ही आदेश जारी कर निर्देश दिया है की एक ही दिन भर्ती, एक ही दिन पदोन्नति होने पर जन्मतिथि के अनुसार वरिष्ठता सूची बनाया जाय लेकिन कार्यालय सयुंक्त संचालक द्वारा जारी वरिष्ठता सूची मे इस नियम का पालन नही होने से सैंकड़ो वरिष्ठ शिक्षक वरिष्ठता सूची मे बहुत ही नीचे मे दर्शाया गया है जिससे प्रधान पाठक पदोन्नति से वंचित होना पड़ रहा है साथ ही अभी वर्तमान मे कुछ दिनों पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठको का प्रचार्य के पद पर पदोन्नति होने से माध्यमिक शाला प्रधान पाठक का पद रिक्त हो गया है इसलिए पूर्व मे कार्यालय सयुंक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग द्वारा जारी रिक्त पदो मे वृद्धि किया जाय जिससे कई शिक्षक एलबी संवर्ग को पदोन्नति का अवसर मिल सके नवीन शिक्षक संघ छ. ग. ने वरिष्ठता सूची मे सुधार एवं प्रधान पाठक माध्यमिक के रिक्त पदों मे वृद्धि की मांग को प्रमुखता से रखा है प्रतिनिधिमंडल मे बिसेन सिंह राजपूत,अशोक कुमार साहू,प्रभु राम साहू, राजाराम साहू,नरोतम वर्मा,नंदकुमार मस्तके, अलमू दास महिलांगे,नरेश साहू,प्रदीप भुआल,नरेंद्र साहू,सहित बेमेतरा,बालोद,कबीरधाम, खैरागढ़, छुई खदान,दुर्ग जिला के शिक्षक उपस्थित थे।

कलेक्टर बी.एस. उइके ने मैनपुर क्षेत्र के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित और किसान-हितैषी बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर बी.एस. उइके ने आज मैनपुर क्षेत्र के अंतर्गत जिड़ार, शोभा, नउमुड़ा, धवलपुर और बिन्द्रनवागढ़ सहित विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने केंद्रों में संचालित सभी व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री उइके ने समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया कि किसानों द्वारा धान परिवहन के लिए उपयोग किए जा रहे वाहनों के लाइव फोटो को शत-प्रतिशत पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने कहा कि इससे खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहेगी और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकेगा। उन्होंने धान बोरे की गिनती, तौल और उठाव की प्रक्रिया को निर्बाध व सटीक बनाए रखने पर जोर दिया।

राजस्थान में अदम्य नारी रत्न सम्मान से सम्मानित हुई छत्तीसगढ़ की पंडवानी गायिका दुर्गा साहू

- निनवा गांव में खुशी का माहौल

धरसीवा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जिला रायपुर धरसीवां थाना क्षेत्र के छोटे से गांव निनवा की दुर्गा साहू ने प्रदेश का नाम पंडवानी गायिकी के क्षेत्र में गौरांवित किया है राजस्थान के जयपुर में रविवार को आयोजित गरिमामयी समारोह में दुर्गा साहू को अदम्य नारी रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर राजस्थान में रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में राकेश गुर्जर चीफ एडिटर विंजा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, नितिन वर्मा फाउंडर स्किल शिक्षा , डॉ नूपुर जैन कुलपति पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर के द्वारा जैसे ही मंच से छत्तीसगढ़ की पंडवानी गायिका दुर्गा साहू को अदम्य नारी सम्मान से सम्मानित किया गया तो वहां दर्शक दीर्घा में मौजूद दुर्गा के परिजनों की आंखों से खुशी के आंसू छलक आए

कोरिया जिले में धान खरीदी के बीच समितियों में नियम उल्लंघन उजागर

- हमाली आदेश से किसानों को मिली राहत

कोरिया/नवप्रदेश। कोरिया जिले में इन दिनों धान खरीदी का सीजन चरम पर है। प्रशासन किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए राजस्व विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को सीधे मैदान में उतार चुका है। जिले के सभी खरीदी केंद्रों में व्यवस्था की मॉनिटिरिंग लगातार जारी है।

खबर प्रकाशन के बाद हमाली को लेकर भी व्यवस्था स्पष्ट की गई और बुधवार से सभी केंद्रों में किसानों के लिए हमाल उपलब्ध कराना अनिवार्य कर दिया गया है। पूर्व में किसानों को हमाली राशि स्वयं भुगतान करनी पड़ती थी, जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ सहना पड़ता था।

प्रारंभिक स्तर में सालाना लाखों की गड़बड़ी, समिति प्रबंधन पर उठे सवाल

इसी बीच एक महत्वपूर्ण जानकारी यह सामने आई है कि जिले की आधे से अधिक सहकारी समितियों में अध्यक्ष चयन और सदस्यता से जुड़े नियमों का गंभीर उल्लंघन हुआ है। सहकारी समिति अधिनियम के अनुसार समिति का सदस्य बनने के लिए आवेदक का किसान होना आवश्यक है तथा सदस्यता के लिए न्यूनतम पाँच वर्ष की अवधि का नियम लागू होता है। इसके साथ ही सरगुजा संभाग के आदिवासी बहुल्य क्षेत्रों में, जहां विशेष पिछड़ी जनजाति और अनुसूचित जनजाति की आबादी अधिक है, वहां समिति अध्यक्ष का चयन भी आदिवासी वर्ग से किया जाना अनिवार्य है।

महापौर एवं कलेक्टर ने नालंदा परिसर निर्माण कार्य का लिया जायजा

निर्माण कार्य मे तेजी लाकर ड्राईंग डिजाइन के अनुसार निर्माण करने दिये निर्देश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम के विकास कार्यो का निरीक्षण की कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा ड्राईंग डिजाईन के अनुसार निर्माण करने के निर्देश तकनीकि अधिकारियो को दिए।

महापौर श्री यादव एवं कलेक्टर श्री यादव आज सुबह निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य श्री आलोक श्रोती के साथ नगर निगम द्वारा उर्जा पार्क के बाजू निर्माणाधीन नालंदा परिसर का जायजा लेकर निर्माण की प्रगति के संबंध में जानकारी लिए।

महापौर श्री यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को उच्च पद प्राप्त करने तैयारी हेतु सर्वसुविधायुक्त लायब्रेरी के लिए शासन द्वारा 11.18 करोड रूपये की लागत से 500 सीटर नालंदा परिसर निर्माण की स्वीकृति प्रदान किए है, जिसका शासन स्तर पर प्रक्रिया उपरांत निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन मंशानुरूप रायपुर की तर्ज पर नालंदा परिसर का निर्माण समय सीमा में करना है, ताकि विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

कलेक्टर यादव ने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जावे एवं निर्माण कार्य में तेजी लाकर निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण करे निर्देशित किए। उन्होंने कहा कि परिसर में सुव्यवस्थित पार्किंग के अलावा बिल्डिंग के चारो ओर वाकिंग पाथवे का निर्माण करे तथा लेंडस्केपिंग के साथ सुंदर गार्डन का भी निर्माण करे। इसके अलावा टेरिस फ्लोर पर जीम लगाने की भी प्लांनिग करे, संबंधित अधिकारी निर्माण कार्य की प्रतिदिन मानिटरिंग करे।

आयुक्त विश्वकर्मा ने निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नालंदा परिसर निर्माण के लिए साईड क्लियरेंस के उपरांत भूमि समतलीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है तथा नीव खुदाई व कॉलम ढलाई का कार्य प्रगति पर है।

रेलवे ट्रैक पर मिली एनटीपीसी के ठेका श्रमिक की लाश, मजदूरों ने किया हंगामा

सीपत थाना क्षेत्र की घटना, पटरी पर लेटकर जान देने की आशंका, प्रबंधन पर जानकारी छिपाने का आरोप

बिलासपुर/नवप्रदेश। सीपत स्थित एनटीपीसी कर्मी की लाश रेलवे ट्रैक पर मिली है। शव को देखकर पहली नजर पर उसके ट्रेन के सामने लेटकर खुदकुशी करने की आशंका है। परिजन और मजदूरों ने प्रबंधन पर जानकारी छिपाने का आरोप लगाया। जिसके बाद गुरुवार की सुबह एनटीपीसी के मटेरियल गेट पर हंगामा करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना सीपत थाना क्षेत्र की है।

दरअसल, ग्राम देवरी निवासी सुरेश वस्त्रकार (43) पिता दुखीराम एनटीपीसी के एमजीआर डिपार्टमेंट में राइटस कंपनी में गैंगमैन में हेल्पर का काम करता था। बताया जा रहा है कि बुधवार को वो ड्यूटी पर था। शाम करीब 5 बजे लाइन नंबर-2 में कोयला छनाई का काम पूरा करने के बाद उसने अपनी उपस्थिति दी। फिर अपने साथी कर्मचारियों के साथ ड्यूटी पॉइंट से निकल गया। इस दौरान उसके साथ काम करने वाले कर्मचारी अपने-अपने घर पहुंच गए, लेकिन सुरेश रात भर घर नहीं लौटा। इधर, सुरेश के घर नहीं पहुंचने से परेशान परिजन उसकी तलाश करते रहे। उनके सहयोगी कर्मचारियों से बातचीत करने के बाद देर रात तक उसकी खोजबीन में जुटे रहे। कहीं पता नहीं चलने पर परिजन रात करीब 1 बजे एनटीपीसी प्लांट पहुंच गए। तब उन्हें बताया गया कि, सुरेश की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। उनका शव सीपत हॉस्पिटल में शिफ्ट कर दिया गया है। परिजनों का आरोप है कि, एनटीपीसी प्रबंधन ने घटना की जानकारी छिपाई और परिजनों को इस घटना की जानकारी तक नहीं दी। उन्हें बिना जानकारी दिए शव को अस्पताल भेज दिया। गुरुवार को परिजन और ग्रामीण इस घटना को लेकर नाराजगी जताते हुए मटेरियल गेट पहुंच गए। धीरे-धीरे कर लोगों की भीड़ जुटी और हंगामा शुरू कर दिया।

मजदूर के परिजनों ने की मुआवजे की मांग

आक्रोशित मजदूरों के साथ ही परिजन और स्थानीय लोग प्रबंधन पर मनमानी करने का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि मजदूर के परिजन को मुआवजा राशि दी जाए। विरोध-प्रदर्शन के बाद एनटीपीसी प्रबंधन प्रदर्शनकारियों से चर्चा करने की कोशिश में है। इसके चलते एनटीपीसी में तनाव का माहौल है। ऐहतियात के तौर पर पुलिस जवान और अफसर तैनात हैं। परिजनों ने प्रबंधन पर जानकारी छिपाने का आरोप लगाया है। एनटीपीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी प्रवीण रंजन भारती ने बताया कि, ठेका मजदूर के शव को देखकर पुलिस ने प्रथम दृष्टया सुसाइड बताया है। यह कोई हादसा नहीं है। फिर भी प्रदर्शनकारियों के साथ प्रबंधन की चर्चा चल रही है। कही कोई विवाद की स्थिति नहीं है।

न्यूज गैलरी

सुपर ऐप 'रेलवन' ने यात्री सुविधाओं को बनाया अधिक सरल व आसान

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए विभिन्न सेवाओं को एक ही मंच पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एकीकृत मोबाइल सुपर ऐप 'रेलवन (स्वरेल)' का बीटा संस्करण शुरू किया गया । यह ऐप रेलवे टिकट बुकिंग (आरक्षित, अनारक्षित और प्लेटफ़ॉर्म टिकट), ट्रेन पूछताछ, ई-कैटरिंग, शिकायत निवारण एवं अन्य यात्री सेवाओं से जोड़ते हुए रेलवे यात्रा को और अधिक आधुनिक एवं सुविधाजनक बना रहा है। यह पहल रेलवे उपयोगकर्ताओं के लिए सुविधा बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सुपरऐप भारतीय रेलवे सेवाओं तक अधिक तीव्र, सरल और अधिक कुशल पहुँच प्रदान करता है । इस ऐप को प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से डाउनलोड करें। रेलकनेक्ट या यूटीएस मोबाइल ऐप के मौजूदा उपयोगकर्ता अपने पहचान के प्रमाण के साथ सीधे लॉग इन कर सकते हैं। नये उपयोगकर्ता न्यूनतम डेटा प्रविष्टि आवश्यकताओं के साथ पंजीकरण कर सकते हैं । आरक्षित, अनआरक्षित, प्लेटफार्म टिकट की सुविधा, टिकट बुकिंग और रद्दीकरण, ट्रेन की रियल-टाइम पूछताछ एवं लाइव स्टेटस, ई-कैटरिंग सेवा द्वारा भोजन की ऑनलाइन बुकिंग, शिकायत एवं सुझाव दर्ज कराना तथा उनकी स्थिति देखना, पार्सल बुकिंग एवं संबंधित जानकारी।

जनदर्शन में शिकायत के बाद कलेक्टर की त्वरित कार्रवाई

झारखंड में बंधक बनाए गए श्रमिक सकुशल लौटे, सुरक्षित घर पहुंचे

बिलासपुर/नवप्रदेश। साप्ताहिक जनदर्शन में 9 दिसंबर को प्रस्तुत शिकायत में ग्राम सरगवाँ, मस्तूरी निवासी अमित कुमार मधुकर ने कलेक्टर संजय अग्रवाल को अवगत कराया कि उनके गांव के 16 श्रमिक (महिला और पुरुष) और दो बच्चे शामिल हैं। झारखंड के सेमडेगा जिले में एक ईंट भट्ठे पर बंधक बनाकर काम कराने की अमानवीय परिस्थिति में फँसे हुए हैं। श्रमिकों के साथ मारपीट, छेड़छाड़ और जबरन श्रम की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल श्रम विभाग को त्वरित कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए।

जनदर्शन में मिली थी शिकायत

9 दिसंबर को साप्ताहिक जनदर्शन में ग्राम सरगवां, मस्तूरी निवासी अमित कुमार मधुकर ने कलेक्टर संजय अग्रवाल को आवेदन देकर बताया था कि उनके गांव के 16 श्रमिक, जिनमें महिलाएं, पुरुष और दो बच्चे शामिल हैं, झारखंड के सिमडेगा जिले में एक ईंट भट्ठे में बंधक बनाए गए हैं।

श्रम विभाग ने शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए संबंधित लेबर ठेकेदार नीलकंठ अंबेडकर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया। विभाग द्वारा आगामी दिनों में श्रम न्यायालय में अभियोजन की कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। इसके साथ ही बिलासपुर जिला प्रशासन ने सेमडेगा (झारखंड) जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर श्रमिकों को मुक्त कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए। प्रशासनिक कार्रवाई के परिणामस्वरूप 10 दिसंबर की सुबह, बंधक बनाए गए सभी श्रमिक–महिला, पुरुष एवं बच्चे–सकुशल अपने गृह ग्राम सरगवाँ, तहसील मस्तूरी वापस लाए गए। श्रमिकों ने सुरक्षित घर वापसी के लिए कलेक्टर, श्रम विभाग एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने तुरंत श्रम विभाग को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। श्रम विभाग ने शिकायत के आधार पर संबंधित लेबर ठेकेदार नीलकंठ अंबेडकर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। विभाग आने वाले दिनों में श्रम न्यायालय में अभियोजन की कार्रवाई शुरू करेगा। इसके साथ ही, बिलासपुर जिला प्रशासन ने सिमडेगा (झारखंड) जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर श्रमिकों को मुक्त कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए। प्रशासनिक कार्रवाई के परिणामस्वरूप, 10 दिसंबर की सुबह सभी बंधक श्रमिक- महिलाएं, पुरुष और बच्चे सकुशल अपने गृह ग्राम सरगवां, तहसील मस्तूरी वापस लाए गए।

बिलासपुर संभाग का सबसे बड़ा टेक्सटाइल मार्केट बनकर तैयार

■ मालिकाना हक चाबी दुकान स्वामियों को सौंपी गई

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज प्रथम चरण में दुकान न आर/बी 6 व आर/बी 7 की मालिकाना हक चाबी दुकान स्वामियों को सौंपी गई। ज्ञात हो कि थोक कपड़ा का सबसे बड़ा मार्केट परसदा स्तिथ ट्रांसपोर्ट नगर के ठीक सामने बन रहा था , आज प्रथम चरण में 8 दुकान पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो चुके जिसमे आज चाबी सोप कर विधिवत मालिकाना हक दिया गया , थोक कपड़ा मार्केट के परसदा स्तिथ बीटीएम में शिफ्ट होने से शहर का ट्रैफिक भी काफी कंट्रोल होगा। आज बिलासपुर टेक्स्टाइल मार्किट बनकर तैयार हो चुका है तथा दुकानों का मालिकाना हक चाबी सौंपी गई। इस अवसर पर किशोर पंजवानी, अमरजीत सिंह टुटेजा, प्रताप राय बुलानी, रेणुका पंजवानी, दामनी पंजवानी, माणिक बुलानी, देवानन्द कुकरेजा, अशोक रोहरा व बिल्डर्स शेख अयूब, दिनेश मूंदड़ा, जवाहर सराफ, अमर लालवानी, प्रवीण दुबे, संतोष शर्मा व इंजियर बी डी राव उपस्तिथ थे।

सायबर फ्रॉड में संलिप्त 6 माह से फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

■ म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराता था आरोपी

बिलासपुर/नवप्रदेश। अवैध लेन-देन के लिए उपलब्ध कराये गये फर्जी बैंक अकाउंट (म्यूल अकाउंट) के मुख्य कड़ी अकाउंट सप्लायर रेंज साइबर बिलासपुर ने ऑनलाईन सायबर फ्रॉड के लिये ''म्यूल अकाउंट'' बैंक खाता उपलब्ध कराने वाला 6 माह से फरार मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार प्रारम्भिक जांच पर नेशनल साइबर क्राईम पोर्टल में संदिग्ध्य पाये गय बैंक खातो को चिन्हांकित किया गया है ''म्यूल बैंक'' अकाउंट की जांच की गई। जांच कार्यवाही में पीड़ितों की पहचान कर उनसे घटना के संबंध में जानकारी एकत्र किया गया। साइबर क्राईम पोर्टल की रिपोर्ट, बैंक खाता में हुए संदिग्ध लेनदेन, एक ही व्यक्ति के अधिक बैंक अकाउंट एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य के आधार पर बैंक अकाउंट खुलवाने तथा म्यूल अकाउंट का डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग फर्जी ऐप, क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट, गूगल रिव्यू टास्क, टेलीग्राम टास्क, बैंक केवाईसी अपडेट एवं गूगल सर्च जैसे साइबर अपराध में उपयोग करने वाले लोगों को चिन्हांकित किया जाकर कार्यवाही किया गया था। प्रकरण में पूछताछ पर म्यूल अकाउंट खाता धारक आरोपियों द्वारा अपना बैंक खाता 5000-10000 रूपये प्रति खाता के कमिशन पर आरोपी दीपक विश्वकर्मा तथा अन्य को देना बताने पर सायबर थाना द्वारा ऐसे मुख्य आरोपियों को चिन्हाकिंत कर लगातार पतासाजी किया जा रहा था। आरोपी विगत दिनों से बैंक खाता प्राप्त करने बिलासपुर में प्रयासरत् था जिसे तकनीकी जानकारी तथा सूचना के आधार पर पकड़ा गया।

ठिकाना बदलकर रहता था आरोपी

प्रकरण में आरोपी म्यूल खाता धारक आरोपियों की गिरफ्तारी की सूचना पाकर पुलिस कार्यवाही से बचने के लिये अपने निवास से फरार होकर अपना ठिकाना लगातार बदल रहा था, इस दौरान म्यूल बैंक खाता अपने अन्य साथियों को पहूचाने तथा पुलिस से बचने के लिये रेल्वे में कोच अटेंडर का काम करने लगा, और म्यूल बैंक खाता लेकर यूपी दिल्ली एवं भोपाल में अपने साथियों तक पहुंचाया करता था।

पत्र लेखन में फाल्गुनी को राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय डाक विभाग द्वारा प्रधान डाकघर बिलासपुर में 9 से 15 वर्ष आयु वर्ग के स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसका परिणाम घोषित कर दिया गया है। घोषित परिणामों में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2, एनटीपीसी कोरबा की प्रतिभावान छात्रा फाल्गुनी राठौर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान और परिमंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

दुर्घटनाग्रस्त बस में आग लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पेन्ड्रा-रतनपुर मुख्यमार्ग में बंजारीघाट केन्दा में दीप ट्रैवल्स की क्षतिग्रस्त बस को आग लगाने वाले आरोपी को बेलगहना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 2 दिसंबर के शाम पेन्ड्रा-रतनपुर मुख्यमार्ग में बंजारीघाट केन्दा में दीप ट्रैवर्ल्स की वाहन बस क्रमांक सीजी 10 जी 0336 को वाहन के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाकर दुर्घटना कर दिया था दुर्घटना में एक व्यक्ति कि मृत्यु हो गई थी तथा वाहन बस पुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो घाट में अटका हुआ था उसी रात को वाहन में आग लगने की सूचना मिली, आग लगने से बस पूरी तरीके से जल कर नष्ट हो गई थी। वाहन स्वामी संदीप कुमार साहू द्वारा वाहन में आगजनी की सूचना पर चौकी बेलगहना थाना कोटा में आगजनी कायम कर जांच की गई। जांच पर घटना दिनांक की रात वाहन के खलासी शिवा उर्फ शेरप्रताप सिंह पिता दुर्गविजय सिंह उम्र 29 वर्ष निवासी देवकली चौकी सिंगपुर थाना मेहनगर जिला आजमगढ़ उ.प्र. के द्वारा वाहन स्वामी के व्यवहार से रंजिस रखते हुये रात को जब इसके साथ बस की सुरक्षा में तैनात अन्य साथी गर्म कपड़े लेने गये थे सुनसान मौका देखकर वाहन के सीट के फोम से वाहन को आग लगा दिया था, और वाहन स्वामी और अपने साथियों को किसी अज्ञात के द्वारा वाहन में आग लगाने की सूचना दिया था। संपूर्ण जांच पर अपराध धारा 326 (च), 324(5) बी एन एस का घटित होना पाये जाने से चौकी बेलगहना थाना कोटा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ली गई। विवेचना पूर्ण होने पर आरोपी शिवा उर्फ शेरप्रताप सिंह को आज 11 दिसंबर को गिरफ्तारर किया गया।

आयुष विभाग ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 197 लोग हुए लाभान्वित

रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. यशपाल सिंह ध्रुव के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। शिविर का संचालन आयुष चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार सोनी द्वारा किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंचे।197 लोगों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की गई तथा आयुष पद्धति पर आधारित निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया।

नागरिकों ने आयुर्वेदिक परामर्श एवं उपचार का लाभ उठाया। शिविर में डॉ. रश्मि श्रीवास द्वारा 91 लोगों की रक्तचाप (बीपी) स्क्रीनिंग तथा 58 लोगों की ब्लड शुगर जांच की गई। जांच के दौरान पाए गए संभावित रोगियों को आगे आवश्यक उपचार एवं सावधानियों की जानकारी दी गई। जिला प्रशासन के सहयोग से आयुष विभाग की टीम द्वारा शिविर को सुचारू रूप से संचालित किया गया। आयोजन में बहोरन यादव, श्याम मरावी, मोहनलाल टंडन, उत्तरा दुबे एवं मनीराम यादव ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

आयोजन

दपूमरे, नागपुर मंडल में रेलवे प्रशासन व दपूमरे आलइंडिया अनुसूचित जाति/जनजाति रेलकर्मी संगठन के साथ द्वितीय अनौपचारिक बैठक आयोजित

रेलवे कर्मचारियों के मुद्दों का समाधान और बेहतर समन्वय स्थापित करना उद्देश्यः गुप्ता

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों के समाधान और बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से नागपुर मंडल में प्रतिवर्ष रेलवे प्रशासन एवं कर्मचारी संगठनों के मध्य दो अनौपचारिक बैठकों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में वर्ष 2025 की द्वितीय अनौपचारिक बैठक का आयोजन आज मंडल रेल प्रबंधक नागपुर मंडल के सभागृह में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने की।

इस बैठक में द.पू.म.रे. आल इंडिया अनुसूचित जाति/जनजाति रेलकर्मी संगठन, नागपुर की ओर से एम.एस. खोब्रागड़े, जोनल अध्यक्ष एवं प्रतीम पखिड्डे, मंडल सचिव उपस्थित रहे। रेलवे प्रशासन की ओर से राजेश चिखले, अपर मंडल रेल प्रबंधक, उदय कुमार भारती, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सहित विभिन्न शाखाओं के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक के दौरान कर्मचारियों से संबंधित कुल 12 महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत, रचनात्मक एवं सकारात्मक चर्चा की गई। इनमें सेवा-संबंधी समस्याएं, कल्याणकारी सुविधाएं, पदोन्नति, कार्यस्थल की आवश्यकताएं एवं बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विषय शामिल थे। संबंधित शाखाओं के अधिकारियों ने कई मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए समाधान प्रदान किया, जिससे कर्मचारियों को सीधा लाभ मिला। शेष मुद्दों पर रेलवे प्रशासन द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया। प्रशासन ने यह स्पष्ट किया कि कर्मचारियों के हितों, कल्याण एवं कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए विभाग निरंतर प्रतिबद्ध है और इसी भावना के साथ संवाद व सहभागिता की यह प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी। इस बैठक ने कर्मचारी संगठनों और प्रशासन के बीच सकारात्मक संवाद, पारदर्शिता और सहयोग को और मजबूत किया है, जो कि बेहतर कार्य संस्कृति एवं कर्मचारी संतुष्टि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

बिलासपुर मंडल में ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार आयोजित

बेहतर और सुरक्षित भविष्य के संकल्प के साथ सम्पूर्ण देश में प्रतिवर्ष 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल में भी 08 से 14 दिसम्बर तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विविध जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी संदर्भ में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह 2025 के अवसर पर आज मंडल सभागार में विद्युत (सामान्य) विभाग द्वारा ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल ने की। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक जे एस मीना, के श्रीनिवास, वरि.मंड़ल विद्युत अभियंता(आरएस × जी) के के भारद्वाज, सभी शाखाधिकारी तथा विद्युत विभाग के पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी–गण शामिल हुए । सेमीनार में वरि.मंड़ल विद्युत अभियंता (आर एस × जी) द्वारा पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण की दिशा में मंडल द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधकराजमल खोईवाल ने कहा कि हम दैनिक जीवन में नियोजित तरीके से छोटे–छोटे माध्यमों से विद्युत ऊर्जा बचा सकते हैं।

सुविचार

सच बोलना आसान नहीं होता खासतौर पर उस समय जब सब लोग झूठ को ही सच मान चुके हों। - अज्ञात

गृहमंत्री अमित शाह की खरी-खरी

ससंद के शीतकालीन सत्र में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान विपक्ष के आरोपों का बिन्दुवार जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष को खरी-खरी सुना दी और खासतौर पर कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए वोट चोरी का आरोप लगाने वाली कांग्रेस को ही कटघरे में खड़ा कर दिया उन्होंने पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी के नाम का उल्लेख करते हुए सदन को बताया कि कैसे उन्होंने वोट चोरी की थी। अमित शाह के इस वक्तय के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आपत्ति दर्ज कराई और उन्होंने वोट चोरी के मुद्दे पर अमित शाह को बहस करने की चुनौती दे दी। इस पर अमित शाह ने तीखे प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे तीस सालों से विधानसभा और संसद में हैं उन्हें संसदीय प्रणाली का अधिक अनुभव और वे खुद यह तय करेंगे कि उन्हें कब क्या बोलना है। नेता प्रतिपक्ष उन्हें अपने सवालों का जवाब देने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि घुसपैठियों के खिलाफ सरकार की कार्यवाही जारी रहेगी। रही बात एसआईआर की तो इसका विरोध करने का कोई कारण नहीं है। पहले भी देश में एसआईआर किया गया है लेकिन उस समय तो इसका कभी विरोध नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि एसआईआर के विरोध की मुख्य वजह यह है कि विपक्ष घुसपैठियों को मतदाता सूची में रखना चाहता है लेकिन सरकार ने यह तय कर लिया है कि देश में एक भी घुसपैठिए को नहीं रहने दिया जाएगा। भारत में घुसपैठिए यह तय नहीं करेंगे कि कौन मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री बनता है। इसके बाद कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों ने सदन से वॉकआउट कर दिया इस पर तंज कसते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि घुसपैठियों के खिलाफ की जाने वाली कार्यवाही से विपक्ष आहत हो गया है और उसने सदन से बहिर्गमन करके यह साबित कर दिया है कि वे सच्चाई का सामना नहीं कर सकते। इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने भी विपक्ष के वॉकआउट पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब विपक्ष को अपने सवालों का जवाब सुनना ही नहीं था तो उसने दो दिनों तक सदन की कार्यवाही बाधित क्यों की थी। जब विपक्ष ने कोई मुद्दा उठाया है तो उसे सरकार का जवाब सुनने के लिए तैयार रहना चाहिए। गौरतलब है कि संसद में चुनाव सुधार के नाम पर जो चर्चा कराई गई थी और इसके लिए दस घंटे का समय निर्धारित किया गया था। किन्तु यह समय भी आरोप प्रत्यारोप पर ही जाया हो गया।

आत्मसमर्पित नक्सलियों के हित में निर्णय

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में वापस लाने के लिए एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। केबिनेट की बैठक में यह तय किया गया है कि जिन नक्सलियों ने आत्मसमपर्ण कर दिया है उनके खिलाफ दर्ज मुकादमों की समीक्षा की जाएगी और फिर ऐसे आपराधिक मामलों को वापस लेने का विचार किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तरीय समिति गठित की जाएगी और यह समिति सरेन्डर करने वाले नक्सलियों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की समीक्षा कर उसकी रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को सौंपेगी और फिर पुलिस मुख्यालय की सिफारिश और प्रस्ताव पर विधि विभाग की राय लेने के बाद केबिनेट उपसमिति इसे अंतिम स्वीकृति के लिए केबिनेट के सामने रखेगी। ऐसे मामले जो केन्द्रीय कानूनों अथवा केन्द्र सरकार से संबंधित हैं उन्हें भारत सरकार से आवश्यक अनुमति के लिए भेजा जाएगा। राज्य सरकार का यह निर्णय आत्मसमर्पण करने वाले उन नक्सलियों के हित में जो नक्सली संगठन से जुड़कर छोटे मोटे अपराधों में संलिप्त रहे हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार की नई आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर ही बस्तर क्षेत्र में सक्रिय नक्सलियों ने लगातार आत्मसर्पण किया है। अब तक चार हजार से अधिक नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया है अभी भी लगातार नक्सली हथियार छोड़कर सरकार के सामने आत्मसर्पण कर रहे हैं। ऐसे नक्सलियों पर दर्ज आपराधिक मामलों के निराकरण के लिए साय सरकार का यह फैसला निश्चित रूप से बचे खुचे नक्सलियों को आत्मसर्पण के लिए प्रेरित करेगा।

राजीव खण्डेलवाल

''स्वच्छ भारत! दिया तले अंधेरा''

दूसरा उदाहरण और भी प्रतीकात्मक है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 7, लोक कल्याण मार्ग पर स्थित सरकारी आवास ''पंचवटी'' में आयोजित रात्रि-भोज की फोटो स्वयं प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया ङ्ग(एक्स) पर साझा की। यदि आप ध्यान से देखें तो प्रधानमंत्री'' के आवास के प्रवेश द्वार के फाउंटेन कुछ जर्जर होकर पानी पूरी तरह से साफ नहीं है। पानी में एक छोटा-सा कचरा मलबा तैरता नजर आ रहा है, और पूल की टाइल्स पर भूरे-पीले दाग लगे हुए हैं, जो गंदगी या जंग जैसे लगते हैं। ''स्वच्छ भारत'' अभियान के ''प्रणेता'' के सरकारी निवास की यह स्थिति किसी व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की ढिलाई का उदाहरण है। इस अभियान पर अभी तक 2.5 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। इस वित्तीय वर्ष में 12192 करोड़ का बजट में प्रावधान किया गया है। बावजूद इसके मूलभूत रखरखाव भी सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है।

'चकाचौंध में 'तंत्र' कहां खो गया है?''

विगत दिवस देश के ''चकाचौंध'' से भरे दो ऐसे परिदृश्य सामने आए, जो ''तंत्र'' की वास्तविक स्थिति का आईना दिखाते हैं। ये दो उदाहरण बताने के लिए पर्याप्त हैं कि देश की चमक-दमक और जमीनी वास्तविकताओं के बीच खाई कितनी बड़ी है।

''हवाई अड्डों का विस्तार एवं आधुनिकरण''

निःसंदेह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में नागरिक उड्डयन क्षेत्र में रिकॉर्ड विस्तार हुआ है। 2014 में देश में 74 ऑपरेशनल एयरपोर्ट थे, जो ''उड़े देश का आम नागरिक'' योजना के तहत बढ़कर आज 157 हो गए हैं। इसी अवधि में व्यावसायिक विमानों की संख्या 400 से बढ़कर 860 हो गई-लगभग 115त्न वृद्धि।

फलस्वरूप आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार है।

प्रधानमंत्री का ''हवाई चप्पल वाला भी हवाई जहाज में''का वादा निश्चय ही इस विस्तार के पीछे प्रमुख आधार रहा है। एयरपोर्ट्स का आधुनिकरण इतना प्रभावी है कि भीतर प्रवेश करते ही ''विदेश'' होने की ''सुखद'' अनुभूति होती है।

एकाधिकार, ''डुओपॉली'' से ''मोनोपाली'' की ओर?

उक्त विकास ने एक नई गंभीर समस्या भी पैदा कर दी, जिसने वर्तमान संकट को गहराया है। विमानन बाजार पर आन इंडिगो (64%) (2014 के 31.8% से बढ़कर) और एयर इंडिया (27.3त्न) (8.4% से बढ़कर) तथापि कुल 91.3% नियंत्रण का व एकाधिकार, पिछले चार-पांच दिन से हो रही हवाई यात्रियों की परेशानी का एक सबब है। देश का सबसे बड़ा (आठ) निजी एयरपोर्ट प्रबंधन अदानी समूह का दबदबा भी इसी दिशा की ओर संकेत करता है।

देश की सबसे बड़ी ''फ्लाइट ट्रेनिंग एवं सिमुलेशन संस्था'' (FSTC) के 72.8% शेयर उड़ाने रद्द होने के संकट पैदा होने के कुछ दिन पूर्व 27 नवम्बर को अदानी समूह द्वारा अधिग्रहित किए गए। यह भी एविएशन क्षेत्र में संभावित नई ''आशंका'' की ओर इंगित करता है। यह ''संयोग है अथवा प्रयोग''?

घोर अव्यवस्था'' हजारों उड़ानें रद्द-लेकिन तंत्र मौन?

इसी बीच देश में 4 दिसंबर से 3000 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं और हजारों उड़ानें देरी से चलीं। यात्री हवाई अड्डों पर बेहाल और असहाय से दिखे। हमेशा की तरह मेंनस्ट्रीम मीडिया प्रायः मौन रहा। यद्यपि देश की हवाई यात्राओं की दुर्दशान ''अर्नब'' (रिपब्लिक टीवी) की आत्मा को शायद कुछ समय के लिए जरूर जागृत कर दिया। वास्तविक तस्वीर सोशल मीडिया पर ही सामने आयी।

मूल समस्या पायलटों की भारी कमी थी। आवश्यक संख्या - 2422 उपलब्ध -1357 कम से कम 650-700

अतिरिक्त पायलट की जरूरत थी, जिसे कंपनी ने अनदेखा किया।

इंडिगो ने पायलट नहीं बढ़ाए, जबकि टाटा एयरलाइंस ने समय रहते 350 से अधिक पायलट नियुक्त किए, इसलिए उनका रद्दीकरण मात्र 1-2त्न रहा।

पायलट यूनियंस FIPऔरU ALPA ने इंडिगो की ''लीन मैनपावर स्ट्रैटेजी'' (हायरिंग फ्रीज, पाय फ्रीज, नॉन-पोचिंग एग्रीमेंट्स) की कड़ी आलोचना की है, तथापि कोई आधिकारिक हड़ताल घोषित नहीं हुई। क्या इसका एक मतलब यह भी निकलता है की इंडिगो कंपनी ने स्नष्ठञ्जरु नियम को लागू न करने के लिए ही से यह स्थिति निर्मित की? जिसमें वह सफल भी रही, क्योंकि डीजीसीए ने कंपनी को कोई सजा दिए बिना उक्त नियम लागू करने के लिए फरवरी 2026 तक का समय और दे देकर पायलट व यात्रियों की सुरक्षा को ताक पर रख दिया। जबकि दूसरी कंपनी एयर इंडिया में उक्त नियम का लगभग परिपालन किया।

''डीजीसीए-अकर्मण्यता की पराकाष्ठा''

हवाई यात्रियों की सुरक्षा के लिए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 22 माह पूर्व (जनवरी 2024) में फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (स्नष्ठञ्जरु) नियम जारी किए थे। इनका उद्देश्य था, पायलट की ''थकान'' (फ्टीग) कम करना। क्योंकि हवाई दुर्घटनाओं के पीछे 10-15त्न कारण ''थकान'' ही पाया गया था। परंतु इंडिगो के समय बढ़ाने के बार-बार अनुरोध और दिल्ली उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से इन्हें चरणबद्ध तरीके से 1 जुलाई एवं 1 नवंबर 2025 से लागू किए गए। नियम लागू होने पर उसके परिपालन में कंपनी ने पायलट (300 कप्तान व 600 फर्स्ट ऑफिसर) बढ़ाने की जगह उड़ानें ही रद्द कर दीं। जबकि टाटा एयरलाइंस 350 पायलट हायर कर उनकी फ्लाइट निरस्तीकरण मात्र 1-2त्न की रही। सबसे चौंकाने वाली बात ऐसी मनमानी के लिए कंपनी को दंडित करने के बजाय डीजीसीए ने अपने बनाए नियम ही फरवरी 2026 तक के लिए स्थगित कर दिए!

राजैनतिक नेतृत्व अद्धश्य? यही नहीं, मांग व पूर्ति के दबाव में अन्य हवाई कंपनियों के टिकट 6 गुना तक महंगे हो गए। रुपए गिरने को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के ''रुपया अपने को खुद ही संभाल लेगा'' को डीजीसीए ने लपककर आत्मसात कर लिया। फलस्वरूप अन्य विमानन कंपनियों के लाभ में सहायक सिद्ध हो रही है। संकट पैदा होने पर संकट पैदा करने वाली कर उस संकट का फायदा लेने वाली कंपनी दोनो को एक साथ फायदा देना यही तो डीजीसीए का ''कमाल'' है।

राजनीतिक नेतृत्व भी ''सपनों की उड़ान में सोया हुआ है'' । का अधिकतम 18,000 रु. किराया निर्धारित करने का आदेश भी ''हवा-हवाई'' हो गया। परंतु इस निर्देश का भी फायदा उठाकर कुछ टिकटें जो अभी सस्ती मिल रही थी, एविएशन कंपनियों ने उक्त सस्ती टिकटों को भी अधिकतम रेट पर ले गये।

एक उदाहरण-जेडीयू के एक वरिष्ठ नेता के सी त्यागी, पूर्व सांसद को अपनी बेटी को मुंबई परीक्षा में भेजने के लिए रू. 9000 की इंडिगो की फ्लाइट निरस्त होने पर मजबूरी में एयर इंडिया की टिकट रू. 41,000 में लेनी पड़ी। इसकी रिफंड की मांग भी त्यागी ने की है, न होने पर धरने पर बैठने तक की धमकी तक दे दी है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री का लोकसभा में यह बयान बेहद हास्यास्पद है कि पूरी जांच की जाएगी, कड़ी कार्रवाई की जाएगी, इंडिगो को जिम्मेदार ठहराया जाएगा? एक रटा-रटाया कथन किसी भी दुर्घटना के हो जाने पर कोई भी ''तंत्र के मंत्री का यह अचूक 'मंत्र होता' है''। याद कीजिए! अहमदाबाद हवाई दुर्घटना की क्या कोई जांच रिपोर्ट आपके सामने आई? ब्लैक बॉक्स की रिपोर्ट अभी तक सामने नहीं आई है। जनता जो आदतन भुलक्कड़ है?

जी. मधुमिता दास

कई देश एकीकृत श्रम कानूनों पर भरोसा करते हैं, लेकिन बहुत कम देशों के पास भारत के ई-श्रम डेटाबेस जैसा विशाल राष्ट्रीय श्रमिक रजिस्टर मौजूद है। सामाजिक सुरक्षा संहिता में एकीकृत पंजीकरण तंत्र का प्रावधान ई-श्रम के साथ पूरी तरह मेल खाता है, जो पहले से ही 310 मिलियन से अधिक असंगठित क्षेत्र के कामगारों के जनसांख्यिकीय, कौशल और व्यवसाय संबंधी डेटा को संग्रहित करता है। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से प्रत्येक कामगार की विशिष्ट रूप से पहचान की जाती है और उन्हें एक ई-श्रम यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) प्रदान किया जाता है। भारत की क्षमता–एकल डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से असंगठित कामगारों की विशिष्ट पहचान करना, उन्हें सीधे पंजीकृत करना और ट्रैक करना–सामाजिक सुरक्षा लाभों के लिए तेज़ पंजीकरण, बेहतर पोर्टेबिलिटी और कामगार डेटा के रियल-टाइम अपडेट की सुविधा प्रदान कर सकती है।

सामाजिक सुरक्षा की ओर कदमः श्रम संहिताएं और डिजिटल ढांचा

सामाजिक सुरक्षा प्रणालियाँ गरीबी कम करने, मजबूती बढ़ाने और न्यायसंगत विकास को प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रत्येक निवासी को, उसकी आय, रोजगार की स्थिति या जनसांख्यिकीय विशेषता की परवाह किए बिना, पेंशन, स्वास्थ्य देखभाल, बेरोजगारी भत्ता या दिव्यांगता सहायता जैसे न्यूनतम सामाजिक सुरक्षा लाभों तक पहुँच प्रदान करता है। भारत अब सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली बनाने की दिशा में पहले से कहीं अधिक नजदीक है-एक ऐसी प्रणाली जिसे अधिकांश राष्ट्र, यहाँ तक कि सबसे विकसित देश भी, दशकों तक निरंतर निवेश और प्रयास करने के बाद ही स्थापित कर पाए।

श्रम संहिताओं, विशेष रूप से सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के माध्यम से, देश के पास हर कामगार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानूनी ढांचा मौजूद है –चाहे वह गिग ड्राइवर हो, फैक्ट्री कर्मचारी हो या निर्माण कार्य करने वाला प्रवासी मजदूर हो । सामाजिक सुरक्षा संहिता नौ प्रमुख कानूनों को एकल एकीकृत ढांचे में समेकित करती है। इससे प्रशासनिक जटिलता कम करने, लाभों को हस्तांतरित करने की योग्यता बेहतर बनाने, नियोक्ताओं के लिए अनुपालन सरल बनाने और निगरानी व प्रवर्तन मजबूत बनाने में मदद मिलती है। इसकी बदौलत विशेषकर असंगठित क्षेत्र के छोटे उद्यमों के कामगार – जहाँ भारत के 90त्न कामगार काम करते हैं–नौकरशाही की अड़चनों में उलझे बगैर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह संहिता सरकार को भी यह अधिकार देती है कि वह सभी क्षेत्रों में उद्यमों के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), मातृत्व लाभ और ग्रेच्युटी का कवरेज बढ़ा सके, ताकि अब तक असुरक्षित रहे कामगारों को लाभ मिल

सके और छोटे उद्यमों में स्वैच्छिक पंजीकरण को प्रोत्साहित किया जा सके। इसके अलावा, यह राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा कोष / राज्य सामाजिक सुरक्षा कोष की व्यवस्था प्रदान करती है, जहाँ सरकार का वित्तीय योगदान, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) का योगदान, नियोक्ता और कर्मचारियों का योगदान एकत्रित किया जा सकता है, जो सामाजिक सुरक्षा कवरेज को सहायता प्रदान कर सकता है। लेकिन केवल कानून बनाना भर ही पर्याप्त नहीं है। जो बात वास्तव में भारत को उसके वैश्विक समकक्षों से अलग कर सकती है, वह है उसका उभरता डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तंत्र–ई-श्रम डेटाबेस और आधार प्रमाणीकरण से लेकर यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और प्रत?यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्लेटफ़ॉर्म तक। ये सभी उपकरण मिलकर भारत को पारंपरिक कल्याण मॉडल से आगे बढ़ने और एक पोर्टेबल, पारदर्शी, तकनीक-सक्षम कल्याण प्रणाली बनाने का अनूठा अवसर प्रदान करते हैं, जो दुनिया की किसी भी प्रणाली से अलग है।

आधारः सार्वभौमिकरण की रीढ़

सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश सार्वभौमिकता सुनिश्चित करने के लिए हर निवासी को एक विशिष्ट पहचान प्रदान करते हैं जो सीधे लाभों से जुड़ी होती है। भारत के पास आधार ङ्क के रूप में यह सुविधा पहले से मौजूद है–जो अत्यंत विश्वसनीय और निशुल्क प्रमाणीकरण प्रदान करता है।

आधार सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा की सबसे बड़े बाधाः अर्थात, विभिन्न राज्यों, क्षेत्रों और नियोक्ताओं में लाभार्थियों की पहचान और प्रमाणीकरण को हल करता है। प्रवासी कामगारों के लिए, आधार-सक्षम पोर्टेबिलिटी वह कर सकती है, जो पिछली पीढ़ी के कल्याणकारी सुधार हासिल नहीं कर पाए : स्थान की परवाह किए बगैर लाभों तक निर्बाध पहुँच सुनिश्चित करना। यह प्रणाली नॉर्वे और डेनमार्क जैसे देशों में डिजिटल आईडी आधारित प्रणालियों की तरह है, जहाँ नागरिक अपनी कल्याण पहचान को अलग-अलग क्षेत्रों और सेवाओं में निर्बाध रूप से अपने साथ रख सकते हैं।

एकीकृत डेटाबेस पर आधारित एकीकृत संहिता

जहाँ एक ओर दुनिया भर में संगठित क्षेत्र के कामगार सामान्यतः सामाजिक सुरक्षा कवरेज के अंतर्गत आते हैं, वहीं नियोक्ता-कामगार के बीच स्थिर रोजगार संबंध नहीं होने के कारण असंगठित क्षेत्र के कामगारों को कवर करना कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण होता है ।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ तुम्हारा चिंतन तुम्हारी भाव धारा जब एक महापुरुष से जुड़ती है, महाशक्ति से जुड़ती है; 'ईश्वर अंश जीव अविनाशी' अपने उस अंशी से अंश से जुड़ जाता है, अंश का अंशी से जुड़ जाता है उसी समय तुम अनंत हो जाते हो। जब तक अंशी से अंश अलग है तब तक क्षुद्र है, जब तक बूंद बिंदु सिंधु से अलग है तब तक उसे एक धूल भी मिटा दे, तब तक उसे धूप की एक किरण भी सुखा दे, तब तक उसे हवा भी उड़ा दे लेकिन जैसे ही वह बिंदु सिंधु में मिली अब आओ तुम कौन ? धूल कौन ? हवा कौन सागर को मिटा सकता है? कौन सागर को सुखा सकता है? श्री कृष्ण और श्री गुरु से 'तुम्हारे जुड़े विचार; तुम बिंदु हो वो सिंधु है, तुम भी सिंधु हो जाते हो, कोई सुखा नहीं सकता, कोई मिटा नहीं सकता।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1882 : बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का बांग्ला उपन्यास 'आनंद मठ' प्रकाशित'। 1911 : कलकत्ता (अब कोलकाता) की बजाय दिल्ली को भारत की राजधानी बनाने का ऐलान किया गया। 1940: प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ शरद पवार का जन्म हुआ। 1950 : दक्षिण भारतीय सिनेमा के चर्चित सितारे और बेहद लोकप्रिय अभिनेता रजनीकांत का जन्म। रजनीकांत उनका फिल्मी नाम है, जबकि उनका वास्तविक नाम शिवाजी राव गायकवाड़ है।1958 : विल्सन जोन्स अमेच्यर बिलियर्ड्स में विश्व चैंपियन बने। 1964 : ब्रिटेन से आजादी के एक वर्ष बाद केन्या एक गणराज्य बना। 1988 : दक्षिण लंदन में तीन रेलगाड़ियां आपस में टकरा जाने से 35 लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक सौ से ज्यादा लोग घायल हुए। 2005 : प्रसिद्ध भारतीय फ़िल्म निर्देशक तथा ख्यातिप्राप्त धारावाहिक 'रामायण' के निर्माता रामानन्द सागर का निधन हुआ। 2009 : डेमोक्रेटिक नेता एनीस पार्कर की जीत के साथ ही ह्यूस्टन उस समय का अमेरिका का सबसे बड़ा शहर बन गया, जिसने एक समलैंगिक को अपना मेयर चुना।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दिसंबर जैसे

दिसंबर जैसे अनसुलझी,अधूरी सी कोई बात छोड़कर जाते हुए प्रेमी की पीठ दिसंबर जैसे प्यास के सन्नाटे में बर्फ के नश्तर सी उतरती बर्फीली कोई घूंट दिसंबर जैसे कोई रात सूनसान लंबी सड़क की खामोशी में कांपते दो हाथों की गर्माहट दिसंबर जैसे गहरे एहसासों के बाद बिछड़ने के पहले दो प्रेमी का आलिंगन दिसंबर जैसे बुझता हुआ अलाव एक आखिरी बार फिर पढ़ा गया कोई पुराना खत।

- अनामिका चक्रवर्ती अनु

आँखें ढूँढती रही

आँखें ढूँढती रही बस इधर-उधर निर्जन से संसार में आशियाँ आशियाँ जालीनुमा सा ऊँची-ऊँची दीवारें खिड़कियों से झाँक रही घुटन घुटन जैसे रस्साकसी अकड़ती हुई मानो दिलो-दिमाग की दिवारें बेजान बेजान पीड़ा भरी तन मन अब सिसकियों में बस कहे तड़प तड़प जमीं की घर-परिवार की बंद सपनों की गठरी लादकर लादकर एक उम्मीद बस चलता चल बढ़ता रहेगा साथ-साथ कारवां।

- सपना चन्द्रा

दर्द का एहसास न हो दिलचस्पी खास

दर्द का एहसास न हो दिलचस्पी खास न हो। सुरतें है महफ़िल में हुस्न भी पास न हो। चाँद के बहाने मिलने उनसे मुलाक़ात न हो। देखूं बारम्बार उसे ही प्यासा होंठ गिलास न हो। - **सुरेश वैष्णव**

जरूरी तो नहीं हर दिसंबर ही अवसाद

जरूरी तो नहीं हर दिसंबर ही अवसाद की चादर लपेटकर आए हाँ...मुझे पता है तुम्हारे आने से पहले ही जनवरी... मैंने खुशियों की बारात को सूखे पत्तों की खड़खड़ाहट के बीच अपनी आँखों से सुना है दिसंबर भी पतझड़ ही होता है कोमलता को कोंख में दबाकर चुपके से हाँ चुपके से धरती का अवसाद आकाश को सौंप आता है! - **सरिता खोवाला**

आधुनिक परिप्रेक्ष्य में, प्रीत है

आधुनिक परिप्रेक्ष्य में, प्रीत है नेपथ्य में, न समर्पित प्रेम संभव, भेद करनी कथ्य में ङ्घ अब नहीं हैं भाव विह्वल, अब न व्याकुल प्रणय निर्मल, मन सशंकित मध्य में, प्रीत है नेपथ्य में ङ्घ मनन में काया का कलरव, न समाहित प्रेम अर्णव, दृष्टि ओझल लक्ष्य में, प्रीत है नेपथ्य में ङ्घ प्रेम तृष्णा अनबुझी सी, आत्मा है अनछुई सी, प्रेम खोया तथ्य में,प्रीत है नेपथ्य में दीप। - **कुलदीप मिश्रा**

बड़े बड़े सट्रेंड चला लेते है

बड़े बड़े सट्रेंड चला लेते है... सोसल मिडिया प्लेटफार्म को #manipulate कर लेते है ? न्यूज़ पेपर मे ब्लॉग भी छप जाता है पर सतुहरङ्घटोकन से टोकन काटने मे सब बोलबचन का कीड़ा निकल जाता है सरकार ने क्या बवासीर बना रखा है... #NIC जैसे संस्था बदनाम हो रही इस शीट app से..। - **अंबर दानी**

ये वक्त की धारा भी कितनी तेजी से

ये वक्त की धारा भी कितनी तेजी से अपनी ही रफ्तार में बस बहती जा रही है... इन नन्हें परिन्दों को अपने खुद के पंखो से उड़ने की नयी तरकीब बता रही है... कल तक थीं जिनकी वजह से रौनकें घर की, आज उनके लिए आंखे तरस जा रही है ... थोड़ा तो ठहर, ऐ वक्त की रफ्तार! आखिर क्या जल्दी है तुझे, जो इतनी उतावली हुए जा रही है... - **पूनम राजपूत**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन प्रातः काल से ही किसी विशेष कार्य को लेकर दौड़-धूप करनी पड़ेगी लेकिन आज की गई मेहनत व्यर्थ नही जाएगी देर अबेर ही सही परिणाम लाभदायक रहेंगे। सेहत सामान्य रहेगी।

वृषः आज के दिन भाग्य का साथ कम ही मिलेगा। जो योजना बनाएंगे उसमे कुछ ना कुछ कमी रहेगी कारण कोई अन्य व्यक्ति ही रहेगा। संध्या के आसपास सेहत में नरमी आएगी किसी भी कार्य मे उत्साह नही रहेगा।

मिथुनः आज का दिन भी आपके लिए शुभ रहेगा। दिन के आरंभ में दैनिक अथवा घरेलू कार्यो को लेकर व्यस्त रहेंगे इसके बाद व्यावसायिक कारणों से परिश्रम करना पड़ेगा।

कर्कः आज परिस्थिति पिछले दिनों की अपेक्षा बेहतर रहेगी। शारीरिक रूप से पहले से ठीक रहेगी। आज आर्थिक लाभ की संभावनाएं भी रहेंगी। आकस्मिक कार्य पड़ने पर दिनचार्य में बदलाव करना पड़ेगा।

सिंहः आज आप सुनेंगे सबकी लेकिन करेंगे अपने मन की ही लोगो से बिना सोचे वायदे करेंगे बाद में इन्हें पूरा करने में आनाकानी करेंगे। परिजन आपकी किसी बुरी आदत से परेशान होंगे।

कन्याः आज भी दिनचार्य संघर्ष वाली रहेंगी लेकिन हिम्मत नही हारेंगे दिन के आरंभ से मध्यान तक का समय उदासीन रहेगा इसके बाद अन्य लोगो का आश्रय छोड़ स्वयं के पराक्रम से हानि को लाभ में बदलेंगे।

तुलाः आज आपको कार्य व्यवसाय के साथ सामाजिक क्षेत्र से भी उन्नति के अवसर मिलेंगे। अपनी वाणी एवं व्यवहार से प्रभावित कर किसी से भी आसानी से काम निकाल लेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। संध्या का समय ज्यादा थकान भरा फिर भी दिन की अपेक्षा शांति से व्यतीत होगा।

धनुः आज दिन आशानुकूल रहेगा लेकिन आज लक्ष्य के पास पहुचकर दिग्भ्रमित होंगे फिर भी दोबार प्रयास असफल नही जाएगा। ।

मकरः आज का दिन मानसिक तनाव को छोड़ अन्य सभी कार्यो के लिये बेहतर रहेगा आज किसी भी कार्य मे ज्यादा परिश्रम नही करना पड़ेगा। घर मे मांगलिक कार्यक्रम की रूप रेखा बनेगी।

कुंभः आज का दिन भी विजय दिलाने वाला है आज आलस्य से बचें अन्यथा संध्या बाद परिस्थिति प्रतिकूल होने लगेगी। कार्य क्षेत्र पर आज पुराने सामान अथवा पुराने अनुबंध से धन लाभ होगा।

मीनः आज के दिन भी आपको घरेलू एवं व्यावसायिक कारणों से संघर्ष करना पड़ेगा। दिन का आरंभ आज भी बेचैनी भरा रहेगा पेट की परेशानी अथवा हाथ पैरों में शिथिलता रहेगी।

QUIZ TIME

1) किस श्रेणी में सूर्य को सबसे अच्छा रखा जा सकता है?

2) भारत की पहली योग नीति किस राज्य ने शुरू की है?

3) हाल ही में टी20 अंतरराष्ट्रीय में 200 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज कौन बने हैं?

4) तानसेन संगीत समारोह हर साल दिसंबर में किस शहर में मनाया जाता है?

5) हाल ही में तेलंगाना के वृक्ष पुरुष पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) [illegible] (2) उत्तराखंड (3) रोहित शर्मा (4) ग्वालियर (5) [illegible]

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -255

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 254 का हल

महाराजबंध तालाब में ग्रीन आर्मी के सदस्य नई ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ जुटे

रायपुर/नवप्रदेश। शहर की धरोहर महाराजबंध तालाब को स्वच्छ और संरक्षित करने के लिए आज ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ ने व्यापक सफाई अभियान शुरू किया। पूर्व घोषणा के अनुसार 11 दिसम्बर की सुबह तालाब परिसर में संगठन के सदस्य नई ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ जुटे। दल ने तालाब की सतह पर तैर रहे पॉलीथिन, प्लास्टिक, जलकुंभी और कचरा हटाया, लगभग एक ट्रैक्टर भरकर कचरा बाहर निकाला गया। स्थानीय पार्षद और नागरिकों ने अभियान की सराहना की और नियमित सहयोग का आश्वासन दिया।

यह केवल सफाई का अभियान नहीं,पर्यावरण बचाने का संकल्प

प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने कहा, यह मुहिम केवल सफाई का अभियान नहीं, बल्कि पर्यावरण बचाने का संकल्प है। इसकी पूरी जानकारी पार्षद से लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक पहुँचाई जाएगी। रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने कहा, "तालाब हमारे शहर की धरोहर है। इसे बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। वहीं, ब्लू विंग अध्यक्षा भारती श्रीवास्तव ने जोड़ा, महिलाओं की सहभागिता हर बड़े आंदोलन को सफल बनाती है। हम घर-घर जाकर लोगों को जोड़ेंगे और स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाएंगे।"

जैसा कहा था, वैसा किया

स्थानीय नागरिकों ने तालाब की बिगड़ती दशा से उत्पन्न असंतोष व्यक्त करते हुए अभियान में सक्रिय भागीदारी दिखाई। पुरानी बस्ती ज़ोन के अध्यक्ष चेतन पटेल और महिला विंग अध्यक्षा दुर्गा जैन ने बताया कि यह अभियान प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे जारी रहेगा और तब तक रुकेगा नहीं जब तक तालाब पूरी तरह स्वच्छ नहीं हो जाता। अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने और जागरूकता फैलाने के लिए ग्रीन आर्मी द्वारा 1000 पंपलेट वितरित किए जा रहे हैं। ब्लू विंग अध्यक्षा भारती श्रीवास्तव ने कहा कि उनका लक्ष्य केवल सफाई नहीं बल्कि समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, और महिलाओं, युवाओं और बच्चों की भागीदारी से मुहिम और मजबूत होगी।

ग्रीन आर्मी ने सभी नागरिकों, युवाओं, महिलाओं और सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे तालाब संरक्षण में सक्रिय रूप से सहयोग करें और इस मुहिम से जुड़ें।

सुगम और पारदर्शी व्यवस्था से किसान आसानी से बेच रहे धान

❑ टोकन तुंहर हाथ ऐप से भोलाराम को घर बैठे टोकन की मिली सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों का सीधा लाभ इस वर्ष कबीरधाम जिले में धान खरीदी व्यवस्था में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। टोकन तुंहर हाथ ऐप ने किसानों को घर बैठे ही सरलता से टोकन प्राप्त करने की सुविधा दी है, जिससे खरीदी केंद्रों में अनावश्यक भीड़, भागदौड़ और प्रतीक्षा जैसी समस्याएँ लगभग समाप्त हो गई हैं। केंद्रों में बारदाना उपलब्धता, तौल, भंडारण और भुगतान की सभी व्यवस्थाएँ इस बार पहले से कहीं अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और समयबद्ध हैं। इन्हीं सुविधाओं का लाभ ग्राम छांटा के किसान श्री भोलाराम चंद्रवंशी को मिला है। 5.57 एकड़ भूमि वाले श्री भोलाराम चार एकड़ में धान और शेष में गन्ने की खेती करते हैं। इस सीजन उन्होंने 84.40 क्विंटल धान बेचा और बताते हैं कि पूरे खरीदी प्रक्रिया के दौरान उन्हें एक भी बार किसी प्रकार की समस्या या असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। तौल से लेकर भुगतान तक उनका संपूर्ण कार्य निर्धारित समय में और बिना किसी भागदौड़ के पूरा हो गया। समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल मिलने से उनकी आमदनी में वृद्धि हुई है। वे बताते हैं कि उचित मूल्य से मिली यह आय उनके परिवार के सपनों को नई दिशा दे रही है। वर्तमान में वे अपने परिवार के लिए पक्का मकान बना रहे हैं और कहते हैं कि पहले जो सपने दूर लगते थे, वे अब सरकार की पारदर्शी और धान खरीदी व्यवस्था की बदौलत साकार हो रहे हैं। इस वर्ष धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता है।

सरकारी दफ्तरों में पहले रिचार्ज फिर बिजली

जनवरी से लगेंगे प्रीपेड मीटर, 5000 करोड़ का बकाया, हर माह जुड़ रहा 60 करोड़ सरचार्ज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के सभी सरकारी दफ्तरों में जनवरी महीने से प्रीपेड स्मार्ट मीटर की व्यवस्था लागू हो जाएगी। यानी मोबाइल की तरह पहले रिचार्ज करना होगा। उपयोग के हिसाब से जैसे ही राशि खत्म होने वाली होगी, उसे पहले अलर्ट मैसेज आएगा, ताकि पहले से रिचार्ज कर लें।

दरअसल, प्रदेशभर में 55.63 लाख से ज्यादा सरकारी दफ्तरों के नाम पर बिजली कनेक्शन हैं। इन पर करीब 5000 करोड़ रुपए बिल बकाया है। समय पर बिल जमा नहीं करने के कारण हर महीने 60 करोड़ रुपए सरचार्ज जुड़ रहा है।

यही वजह है कि पहले चरण में सरकारी दफ्तरों से प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत की जा रही है। सभी दफ्तरों में यह व्यवस्था लागू हो जाने के बाद घरेलू और व्यावसायिक कनेक्शनों में भी प्रीपेड मीटर अनिवार्य किया जाएगा। बता दें कि बिजली बिल बकाया होने के कारण बिजली कंपनियों पर बोझ बढ़ता है। घरेलू या व्यावसायिक बकाएदारों पर तो वसूली या कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाती है, लेकिन सरकारी अस्पताल, नगरीय निकायों और पंचायतों में पेयजल सप्लाई, स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं सीधे लोगों से जुड़ी होती है, इसलिए कनेक्शन नहीं काटे जाते। सिर्फ नोटिस थमा दिया जाता है। इस दौरान सरकारी विभागों या एजेंसियों पर सरचार्ज का बोझ भी बढ़ता जाता है।

50 फीसदी से ज्यादा दफ्तरों में प्रीपेड मीटर लगाए गए आरडीएसएस योजना के अधीक्षण यंत्री व स्मार्ट मीटरिंग व्यवस्था के नोडल अधिकारी एम. जामुलकर के मुताबिक प्रदेश में कल 55 लाख 63 हजार 405 कनेक्शन हैं। इनमें प्री पेड स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। वर्तमान में लगभग 30 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इस महीने तक बाकी दफ्तरों में भी स्मार्ट मीटर लगा लिए जाएंगे। जनवरी महीने से इन सभी को प्रीपेड कनेक्शन के रूप में लागू किया जाएगा। मोबाइल या अन्य प्रीपेड सुविधाओं की तरह इसमें भी प्लान होगा।

नई व्यवस्था विभागों को बिजली के लिए करना होगा बजट प्लान

बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि सरकारी दफ्तरों पर बड़ी राशि बकाया होने के बावजूद कार्रवाई नहीं कर सकते थे, क्योंकि जनहित की कई योजनाएं या व्यवस्थाएं रुक जातीं। विभागों को बार-बार नोटिस जारी किया जाता है। इस बीच सरचार्ज भी बढ़ता है, जो संबंधित विभाग के लिए बड़ा बोझ होता है। यह राशि पटाने के लिए वित्तीय मंजूरी के लिए फाइलें चलती हैं, जिससे बेवजह की देरी होती है। प्रीपेड सुविधा होने से ये दिक्कतें नहीं होंगी। अब विभागों को पहले से ही बजट प्लान करना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री आवास : 35 श्रमिक बनेंगे राज मिस्त्री

❑ प्रोजेक्ट उन्नति के तहत दी जा रही रूरल मेशन ट्रेंनिंग

रायपुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को स्थायी आजीविका उपलब्ध कराना है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए मुंगेली जिले में प्रधानमंत्री आवास की बड़ी संख्या में स्वीकृत आवासों के निर्माण के लिए मिस्त्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु प्रोजेक्ट उन्नति के तहत जिले में 35 पात्र श्रमिकों को रूरल मेशन ट्रेंनिंग प्रदान की जा रही है। यह 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, कोनी-सेंदरी, बिलासपुर द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण में वही श्रमिक शामिल किए गए हैं, जिन्होंने विगत वर्षों में कम से कम 60 मानव दिवस मनरेगा में कार्य पूरा किया है और जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य है। प्रशिक्षणार्थियों को प्रधानमंत्री आवास निर्माण स्थलों पर व्यावहारिक कार्य के माध्यम से राज मिस्त्री का कौशल सिखाया जा रहा है। संस्था द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क सेफ्टी किट हेलमेट, बेल्ट तथा मिस्त्री उपकरण करनी, शाहुल, टेप, धागा आदि भी उपलब्ध कराए गए हैं। प्रशिक्षण के संचालन में सहायक परियोजना अधिकारी विनायक गुप्ता तथा कार्यक्रम अधिकारी अशोक साहू विशेष सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

रायपुर साहित्य उत्सव 2026

कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए सभी जिलों में होगी कविता-कहानी प्रतियोगिताएं

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर में अगले महीने होने वाले साहित्य उत्सव के पहले प्रदेश के सभी जिलों में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए कहानी एवं कविता प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। इन दोनों प्रतियोगिताओं में जिला स्तर पर विजेताओं को पुरस्कार भी मिलेंगे। जिले के विजेताओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शामिल किया जायेगा और सर्वोत्कृष्ठ कहानी तथा कविता को रायपुर साहित्य उत्सव में पुरस्कृत किया जायेगा। इस प्रतियोगिता के लिये जिलेवार नोडल अधिकारी नियुक्त किए जा रहे हैं। प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं अपनी स्वरचित कविता और कहानी 30 दिसंबर 2025 तक जिले के नोडल अधिकारी कार्यालय में जमा करा सकते हैं। 30 दिसंबर के बाद मिली कहानियों-कविताओं को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जायेगा। प्रदेश की समृद्धशाली साहित्यिक विरासत को लोगों तक पहुंचानें और साहित्य लेखन में युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए नवा रायपुर में 23-25 जनवरी 2026 तक रायपुर साहित्य उत्सव का आयोजन होगा। साहित्य उत्सव के तहत जिलेवार महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए आयोजित होने वाली कविता-कहानी प्रतियोगिताओं में पहले पुरस्कार के रूप में 5,100 रूपए, दूसरे पुरस्कार के रूप में 3,100 रूपए और तीसरे पुरस्कार के रूप में 1,500 रूपए की धनराशि दी जाएगी। इसी तरह दोनों प्रतियोगिताओं में 1000-1000 रूपए के तीन-तीन प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए जायेंगे। जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त कहानी-कविताओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया जायेगा। राज्य स्तर पर पहले पुरस्कार के रूप में 21,000 रूपए, दूसरे पुरस्कार के रूप में 11,000 रूपए और तीसरे पुरस्कार के रूप में 7,000 रूपए की धनराशि दी जाएगी।

प्रोजेक्ट दृष्टि : लौटी जानवी की आंखों की रौशनी

❑ परिजनों ने मुख्यमंत्री साय का आभार व्यक्त किया

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन की पहल प्रोजेक्ट दृष्टि लगातार बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी अभियान के तहत ग्राम रीवा, विकासखंड आरंग की शासकीय प्राथमिक स्कूल की कक्षा पहली की छात्रा जानवी साहू को समय पर इलाज मिला और उसकी आंखों की रोशनी सुरक्षित हो सकी। 24 नवंबर 2025 को चिरायु टीम स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंची थी। जांच के दौरान टीम को पता चला कि जानवी कंजेनिटल कैटरेक्ट से पीड़ित है। चिरायु टीम ने आगे की प्रक्रिया संभालते हुए जानवी को 03 दिसंबर को डॉ.भीमराव आंबेडकर अस्पताल रायपुर में विशेषज्ञ चिकित्सकों से जांच कराई। पूरी जांच के बाद 04 दिसंबर को बच्ची को अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां 06 दिसंबर को उसकी सफल सर्जरी की गई। डॉक्टरों के अनुसार सर्जरी पूर्णतः सफल रही और बच्ची तेजी से स्वास्थ्य लाभ ले रही है। जानवी के माता-पिता ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन प्रति आभार व्यक्त किया है।

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में एडवांस्ड हर्निया एवं सर्जिकल ऑपरेटिव वर्कशॉप

रायपुर/नवप्रदेश। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने 6 दिसंबर को एडवांस्ड हर्निया एवं सर्जिकल ऑपरेटिव वर्कशॉप का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें सर्जनों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने एक दिन की गहन शल्य चिकित्सा शिक्षा और क्लिनिकल एक्सपोज़र में भाग लिया। वर्कशॉप में डॉ. संदीप दवे (वरिष्ठ रोबोटिक एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन) और उनकी विशेषज्ञ सर्जिकल टीम द्वारा ऑपरेटिव प्रत्यक्ष प्रदर्शन की एक श्रृंखला प्रस्तुत की गई। प्रतिभागियों को आधुनिक मिनिमली इनवेसिव तकनीकों की महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जिसका उद्देश्य सर्जिकल कौशल को निखारना और प्रमाण आधारित अभ्यास के माध्यम से रोगियों के परिणामों में सुधार करना था।

वर्कशॉप की प्रमुख विशेषता इसका सहयोगात्मक और केस-आधारित प्रारूप रहा। क्षेत्रभर से सर्जनों ने अपने जटिल और चुनौतीपूर्ण मामलों को पंजीकृत किया, जिनका संचालन रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में अनुभवी पैनल– डॉ. संदीप दवे (सीनियर रोबोटिक सर्जन), डॉ. सिद्धार्थ तामस्कर (सीनियर कंसल्टेंट सर्जन), डॉ. जाव्वाद नक़वी (सीनियर कंसल्टेंट सर्जन), डॉ. विक्रम शर्मा (कंसल्टेंट जनरल सर्जन), और डॉ. शमीक दवे (जनरल सर्जन)– द्वारा किया गया। ऑपरेटिव प्रक्रियाओं के दौरान रेफरिंग सर्जनों की उपस्थिति ने सक्रिय चर्चा, पीयर लर्निंग और गहन क्लिनिकल समझ को बढ़ावा दिया।

केन्द्रीय जेल रायपुर में मानव अधिकार दिवस का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार बलराम प्रसाद वर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा केन्द्रीय जेल रायपुर का निरीक्षण किया गया, जिसमें जेल नियमावली एवं माननीय उच्चतम तथा उच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर दिये गये दिशा निर्देशों के आलोक में बन्दियों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर कार्य करने हेतु जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया। उनके द्वारा जेल में बैरक, पीने के पानी की सुविधा, पाक शाला, अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया। इसी के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकारण, रायपुर द्वारा मानव अधिकार दिवस के अवसर पर जेल में जागरूकता कार्यकम का भी आयोजन किया गया था, जिसमें अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों जैसेः- निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने का अधिकार, जमानत का अधिकार, अपील दायर करने एवं अन्य कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।

रेडियोडायग्नोसिस विभाग में सोनोग्राफी जांच सेवाओं में वेटिंग हुई शून्य

जांच क्षमता में बड़ा इज़ाफा

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के रेडियोडायग्नोसिस विभाग में सोनोग्राफी जाँच सेवाओं में वेटिंग अब शून्य हो गई है। केवल गर्भवती महिलाओं को ही स्त्री रोग विशेषज्ञों के परामर्श के अनुसार एंटीनेटल स्कैन और एनॉमली स्कैन के लिए उनके गर्भावस्था के सप्ताह के आधार पर डेट दिया जा रहा है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्पताल में स्थापित कुल 5 सोनोग्राफी मशीनों में से 4 मशीनें पूर्ण रूप से क्रियाशील हैं, जबकि शेष 1 मशीन की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। सोनोग्राफी जांच के लिए किसी भी मरीज को प्रतीक्षा तिथि (वेटिंग डेट) नहीं दी जा रही। सभी जांचें उसी दिन की जा रही हैं (केवल गर्भवती महिलाओं को छोड़कर)। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभाग ने अपनी कार्य क्षमता भी बढ़ाई है - जहाँ पहले बाह्य रोग विभाग में प्रतिदिन लगभग 130 सोनोग्राफी की जाती थीं, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 200 से अधिक हो गई है। मंगलवार को बाह्य रोग विभाग के 248 से भी अधिक मरीजों की सोनोग्राफी जाँच उसी दिन की गई। मरीजों को उसी दिन (स्डुद्वद्ग स्न्रडु4 में) सोनोग्राफी जांच की सुविधा का लाभ मिल सके इसके लिए विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक पात्रे द्वारा जांचों की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग नियमित रूप से की जा रही है।

वहीं, सीटी स्कैन एवं एमआरआई जांचों के लिए भी किसी भी मरीज को वेटिंग डेट नहीं दी जा रही है तथा किसी को भी जाँच के लिए डी.के.एस. अस्पताल रेफर नहीं किया जा रहा। इमर्जेंसी में आने वाले मरीजों की सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एक्स रे जाँच नियमित रूप से विभाग में हो रही है।

वर्जन

अस्पताल प्रबंधन मरीजों को त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मशीनों का रखरखाव और आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य प्राथमिकता पर किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक मरीज को समय पर जांच और बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाए।

- डॉ. संतोष सोनकर, अधीक्षक, अम्बेडकर अस्पताल

वर्जन

विभाग में उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए हमने प्रतिदिन की जाने वाली सोनोग्राफी जांच क्षमता को बढ़ाया है। वर्तमान में सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एमआरआई सभी सेवाएँ बिना किसी वेटिंग के सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। विभाग की पूरी टीम मरीजों के हित में लगातार कार्य कर रही है। तकनीकी स्टाफ से लेकर चिकित्सकों तक सभी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर मरीज को उसी दिन जांच की सुविधा मिले और रिपोर्ट समय पर उपलब्ध हो।

-डॉ. विवेक पात्रे, विभागाध्यक्ष, रेडियोडायग्नोसिस विभाग

कॉमर्स एवं साइंस के छात्र-छात्राओं ने किया जिला डाकघर का भ्रमण

○ बच्चों ने जाना विभिन्न डाक टिकटमनी ऑर्डर रजिस्ट्री स्पीड पोस्ट एवं लेटर पोस्ट की जानकारी प्राप्त की

कांकेर / नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल सीबीएसई के कक्षा 11वीं कॉमर्स साइंस छात्र-छात्राओं ने अपने शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत जिला के मुख्य डाकघर में डाक टिकट, पोस्ट कार्ड, अंतर्देशीय पत्र, लिफाफा, पर्सल, मनी ऑर्डर, रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट एवं लेटर पोस्ट तथा अन्य डाक सामग्री के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

11वीं कॉमर्स एवं साइंस के छात्र-छात्राओं ने कांकेर जिला के मुख्य डाकघर का अवलोकन के साथ-साथ लेटर लिखने के बाद पोस्ट किस प्रकार किया जाता है, उसमें पिन कोड नम्बर का क्या महत्व होता है।डाक टिकट का उपयोग पर्सल किस तरह पेक किया जाता उसे किस तरह पोस्ट के द्वारा भेजा जाता था मनी ऑर्डर किस तरह किया जाता है।स्पीड पोस्ट रजिस्ट्री पोस्ट इन सब के बारे में व्यवहारिक एवं प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त किया।

पैराडाइज स्कूल के छात्र-छात्राओं ने दैनिक जीवन के कार्य में आने वाले डाक से संबंधित विभिन्न चीजों का अवलोकन कर अपनी जिज्ञासा को शांत करते हुये अपने सब्जेक्ट का और अधिक ज्ञान लाभ प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक नवीन चीजों का ज्ञान प्राप्त किया। सभी छात्र-छात्राएं इस शैक्षणिक भ्रमण के द्वारा अपने इस विषय का प्रोजेक्ट तैयार करेगे।मुख्य डाकघर के समस्त कार्मचारियों ने बहुत की सरल तरीके से सभी छात्र-छात्राओं को उनका उत्साह बढ़ाते हुये प्रत्येक डाक सामग्री का अच्छी तरह से जानकारी प्रदान कर सम्पूर्ण काउंटर का भ्रमण कराया गया जिसमें छात्रों ने अत्याधिक रूची दिखाई एवं सभी स्टाफएवं कर्मचारियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

न्यूज गैलरी

दुर्गूकोंदल में सांसद खेल महोत्सव में ज़िप अध्यक्ष ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह....

कांकेर / नवप्रदेश। जिले के दुर्गूकोंदल में आयोजित सांसद खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह मे जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें आगे भी निरंतर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों की प्रतिभा और खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया।

मावा मोदोल कोचिंग संस्थान का फिर बजा डंका, पुलिस आरक्षक भर्ती में 43 अभ्यर्थी चयनित

कांकेर / नवप्रदेश। जिला प्रशासन कांकेर की अभिनव पहल 'मावा मोदोल' निःशुल्क कोचिंग संस्थान में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है, जिसमें युवक-युवतियों को उत्कृष्ट शिक्षा एवं कैरियर संबंधी मार्गदर्शन विषय विशेषज्ञों के द्वारा दिया जाता है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक भर्ती में मावा मोदोल से अब तक प्राप्त परिणाम में 43 छात्रों का चयन हुआ है। कलेक्टर कांकेर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने सभी चयनित अभ्यर्थियों, उनके पालकों तथा मावा मोदोल की टीम को बधाई देते हुए कहा कि मावा मोदोल जिला प्रशासन की एक महत्वपूर्ण पहल है। जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी ने मावा मोदोल की पूरी टीम को बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं दी हैं तथा आगे भी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मावा मोदोल को मील का पत्थर साबित होने की बात कही है।

मानव अधिकार दिवस पर मजिस्ट्रेट ने किया जिला जेल का निरीक्षण

कांकेर / नवप्रदेश। मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार 10 दिसम्बर को जिला जेल कांकेर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार टामक के द्वारा जिला जेल कांकेर का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान बंदियों को उनके अधिकार के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया और बंदियों की मानसिक शारीरिक स्थिति को ध्यान मे रखते हुए व्यायाम करवाने की बात कही गई। साथ ही जिला जेल का निरीक्षण कर टेक्नॉलोजी की उपयोगिता बढ़ाने की सलाह दी गई जिससे बंदियों की समस्याओं का समाधान जल्द हो सके। इस अवसर पर कलेक्टर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कांकेर भास्कर मिश्र, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शान्ति प्रभु जैन सहित न्यायिक अधिकारी, जिला जेल स्टाफआदि उपस्थित थे।

जल संरक्षण एवं जल संवर्धन हेतु बरमकेला ब्लॉक से जल संगवारी अभियान की शुरुआत

○ कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे जल संरक्षण के रैली में शामिल हुए और किया श्रमदान

○ कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने अतिथियों व ग्रामीणों को दिलाया जल शपथ

सारंगढ़-बिलाईगढ़ / नवप्रदेश।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सयुंक्त तत्वावधान में ÷जल ही जीवन है÷ और ÷जल संरक्षण÷ संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मोर गांव मोर पानी जल संगवारी अभियान की सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम पंचायत सण्डा से शुरुआत की गई। जल संरक्षण और संवर्धन को जनजागरूकता से जोड़ने के लिए शासकीय प्राथमिक शाला सण्डा के प्रांगण में मुख्य अतिथि सत्ताधारी दल के प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही एवं अध्यक्षता कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, सरपंच, अजय नायक जिला पंचायत उपाध्यक्ष, सदस्य डॉ. अभिलाषा नायक, जनपद अध्यक्ष डॉ विद्या चौहान, इंद्रजीत बर्मन जिला पंचायत सीईओ, डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, ग्रामीण जनों के उपस्थित में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें वक्ताओं ने जल संरक्षण के संबंध में विभिन्न जानकारी दी। इसका लक्ष्य जनभागीदारी से सोख्ता गड्ढे बनाकर, नाली में बह रहे पानी को, वर्षा जल को संरक्षित करना और भूजल स्तर बढ़ाना है, ताकि पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके और इसे जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। इस अभियान में प्रशिक्षण, श्रमदान, जागरूकता रैली, पौधारोपण और जल स्त्रोतों की सफाई किया गया, जिससे ग्रामीण और पर्यावरण दोनों को लाभ मिल रहा है। रैली में महिलाएं व बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और ÷जल है तो कल है÷ के नारे के साथ जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश रैली निकालकर ग्रामवासियों दिया।

वहीं श्रम दान के तहत कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे और अतिथियों ने ग्रामीण के घर में जाकर नल कलेक्शन के पास पहुंच कर श्रमदान कर सोख्ता गड्ढा खोदा गया, जिसमें ग्रामीण महिलाएं बहुत ही खुश होकर बेकार बह रहे पानी उस सोख्ता गड्ढा में जायेगा। वहीं स्कूल परिसर में डॉ संजय कन्नौजे एवं अतिथियों द्वारा पौधा रोपण भी किया गया। जन भागीदारी से 157 सूखता गड्ढा का प्रत्येक घर में निर्माण कराया गया।

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे द्वारा उपस्थित सभी लोगों को पानी संरक्षण का संकल्प दिलाया कि वेः पानी की बर्बादी नहीं करेंगे।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस क्लब में की पत्रकारों से भेंट

भानुप्रतापपुर/ नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया ने बुधवार को नारायणपुर जिला प्रवास के दौरान कुछ समय भानुप्रतापपुर में बिताया। यहाँ स्थित प्रेस क्लब का दौरा किया और स्थानीय पत्रकारों से सौहार्दपूर्ण मुलाकात की।

इस दौरान सभी पत्रकारों ने टिकरिया का पुष्प गुच्छ से आत्मिय स्वागत किया। पत्रकारों के साथ करीब एक घंटे तक गहन चर्चा में केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में फीडबैक लिया साथ ही प्रेस क्लब की भी तारीफ़ की।

विकास को धरातल पर उतारना लक्ष्य-पत्रकारों से बातचीत के दौरान, प्रदेश अध्यक्ष टिकरिया ने छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद ग्रामीण अंचलों में हो रहे निरंतर विकास कार्यों पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार द्वारा भी छत्तीसगढ़ में ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण के साथ-साथ विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।÷ उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार का लक्ष्य केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि धरातल पर विकास की ठोस तस्वीर प्रस्तुत करना है।

लिंग हिंसा समाप्ति के लिए सिदेसर में जागरूकता अभियान

कांकेर / नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार हुमहिला एवं बाल विकास अधिकारी द्वारा महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) एवं 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजनांतर्गत लिंग आधारित हिंसा समाप्ति पर 16 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिदेसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लिंग आधारित हिंसा कारण एवं दुष्प्रभाव तथा इसे समाप्त करने में हमारी भूमिका बारे में जानकारी दी गई। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजनांतर्गत 'हर बेटी है खास' विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को उपलब्ध विशेष अधिकारों पर चर्चा की गई तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे- महिला हेल्पलाइन 181, सखी वन स्टॉप सेन्टर, सखी निवास, शक्ति सदन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, घरेलू हिंसा, सी बॉक्स पोर्टल, पोक्सो एक्ट, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, बाल विवाह एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में महिला सशक्तिरण केन्द्र से जेण्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता समन्वय विशेषज्ञ, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने सारंगढ़ में एनएच सड़क निर्माण का किया निरीक्षण

○ पुल-पुलियाओं पर मजबूत रेलिंग लगाने के निर्देश

सारंगढ़-बिलाईगढ़ / नवप्रदेश।कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने सारंगढ़ में सिटी कोतवाली थाना से भारत माता चौक तक राष्ट्रीय राजमार्ग (एन एच) के चौड़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान एनएच के एसडीओ एम के गुप्ता और नगरपालिका के सीएमओ भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सड़क की अत्यंत खराब स्थिति पर नाराज़गी जताते हुए आगामी सोमवार तक 5 दिनों के भीतर हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क किनारे बने छोटे पुल-पुलियाओं पर दुर्घटना की संभावनाओं को देखते हुए तत्काल मजबूत रेलिंग लगाने के निर्देश दिए। साथ ही, भारत माता चौक से आगे दुकानों के बाहर अतिक्रमण के रूप में रखे गए सामान को हटाने के लिए एसडीएम तहसीलदार और नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा चालानी कार्रवाई करने कहा गया है। कलेक्टर ने रेंजरपारा पुल के पास सफाई, बाबाकुटी पुल के पास झाड़-झाड़ी की सफाई एवं रेलिंग लगाने, तथा दानसरा रोड के पुल पर रेलिंग लगाने के स्पष्ट निर्देश दिए।

14 दिसंबर को अंतागढ़ में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

अंतागढ़ / नवप्रदेश। निज जाति मत पंथ भाषा प्रांत के ऊपर हमारी सार्व भौमिक हिन्दू पहचान और उसी हिंदू संस्कृति धर्म राष्ट्र के गौरव सम्मान संरक्षण के प्रयास में हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति अंतागढ़ के तत्वधान में आयोजित *हिंदू सम्मेलन का* आयोजन अंतागढ़ के मां अमाबुद्दीन शीतला माता मंदिर के प्रांगण में 14 दिसंबर को किया जाएगा जिसमें समाज के सम्मानीय महानुभावों के गरिमामय उपस्तिथि में मुख्य वक्ता के रूप में कुंवर राज बहादुर राणा प्रांत कार्यालय जागृति मंडल समिति के अध्यक्ष का प्रेरक उद्बोधन भी होगा कार्यक्रम सुबह 11 बजे से किया जाएगा वही समिति द्वारा कार्यक्रम पश्चात सभी के लिए भोजन प्रसादी रखा गया है। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति अंतागढ़ ने सभी से अपील की है कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में आकर कार्यक्रम को सफल बनाए

एसआईआर के संबंध में कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

सारंगढ़-बिलाईगढ़/ नवप्रदेश।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में प्रतिनिधियों को एसआईआर कार्य में मिले, ऐसे मतदाता जो मृत, पलायन, शिफ्टिंग हुए हैं उन मतदाताओं की जानकारी दिया गया। ऐसे चिन्हित मतदाताओं का, बीएलओ पुनः सर्वे करेंगे। विभिन्न राजनीतिक दल द्वारा नियुक्ति एजेंट (बीएलए) को सयुंक्त हस्ताक्षर से रिपोर्ट देने के लिए सहयोग करने कलेक्टर ने आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भारत के 12 राज्य में मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को पूरा करने के लिए अंतिम तिथि 11 दिसंबर 2025 निर्धारित है।

गाइडलाइन दरों पर संशोधन चाहते हैं तो 31 दिसम्बर से पहले तर्कयुक्त देना होगा सुझाव.......

कांकेर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गाईडलाईन दरों का निर्धारण नियम 2000 के उपबंधों में किए गए संशोधन तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। ये भूमि एवं मकान की रजिस्ट्री पर तत्काल प्रभाव से लागू हैं। मौजूदा 20 नवम्बर 2025 से प्रभावी गाईडलाईन की दरें फिलहाल यथावत रहेंगी। समिति अपने संशोधित प्रस्ताव 31 दिसंबर 2025 तक केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजने के बाद इन्हीं प्रस्तावों के आधार पर नई गाईडलाईन दरें तय होंगी। संशोधित नई दरें तभी लागू होंगी जब केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड उन्हें मंजूरी देगा।

उपबंधों में हुए संशोधन से जमीन खरीदने-बेचने वालों को पहले की तुलना में कुछ राहत जरूर मिली हैं, लेकिन नई गाईडलाईन दर तय होने तक रजिस्ट्री की गति प्रभावित बनी रहेगी। अधिकांश लोग उम्मीद कर रहे हैं कि संशोधित दरें भले ही पहले जैसी न हों, लेकिन 20 नवम्बर से लागू बढ़ी हुई दरों से कुछ कमी जरूर रहेंगी।

फिलहाल जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि जो व्यक्ति नई दरों को लेकर आपत्ति, सुझाव या दावा देना चाहता है, वह 31 दिसम्बर 2025 से पहले जिला पंजीयक कार्यालय में आवेदन कर सकता है तथा जो भी आपत्ति दर्ज कराई जाए, उसमें दो बातें अनिवार्य होनी चाहिए। पहला वर्तमान दर पर आपत्ति का स्पष्ट और उचित कारण और दूसरा जिस दर का प्रस्ताव दिया जा रहा हैं उसका तार्किक और युक्तिसंगत आधार होना आवश्यक हैं।

जनपद पंचायत बिल्हा अन्तर्गत, सासंद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ

बिल्हा/ नवप्रदेश। सांसद खेल महोत्सव 2025 का आज दिनांक 17 नवम्बर 2025 को जनपद पंचायत बिल्हा के ग्राम पंचायत रहंगी से प्रारंभ हुआ, जिसकी अध्यक्षता श्री धरमलाल कौशिक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, विधायक बिल्हा विधानसभा के द्वारा कि गई जिसके मुख्य अतिथि श्री तोखन साहू, आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री जी रहें खेल में प्रथम कलस्टर में सम्मिलित 17 ग्राम पंचायतों के 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया सांसद खेल महोत्सव हेतु चयनित विभिन्न खेल जैसे- बोरा दौड़, नींबू दौड़ 400 मीटर दौड़, कबडडी रस्साकसी, फूटबाल, बालीबाल एवं तीरंदाजी खेल का आयोजन किया गया माननीय सांसद महोदय एवं विधायक महोदय द्वारा नीबू दौड़ एवं रस्साकसी में विजेताओं को मेडल से सम्मानित किया गया। इस प्रकार रस्साकसी (पुरुष वर्ग) में सेंवार प्रथम, हरदी द्वितीय, बोरा दौड़ (पुरुष वर्ग) अमर पोर्ते प्रथम, सोनल द्वितीय, कबडडी (पुरुष वर्ग) लिमतरी प्रथम, झलफा द्वितीय नीबू दौड़ (पुरुष वर्ग) अमन वर्मा प्रथम, आयुष कौशिक द्वितीय, नीबू दौड़ (महिला वर्ग) दिपिका प्रथम, अक्षरा दुबे द्वितीय स्थान, फुटबाल (पुरुष वर्ग) रहंगी प्रथम, बालीवाल (पुरुष वर्ग) सेंवार प्रथम, कडार द्वितीय, 400 मीटर दौड़ (महिला वर्ग) भूमिका यादव सेजेस चकरभाठा कन्या, तमन्ना लोधी सेजेस चकरभाठा कन्या द्वितीय स्थान के विजेता रहे।

प्रथम पेज का शेष

एसआईआर की समय...

समाप्त होगी और ड्राफ्ट मतदाता सूची 16 दिसंबर को पब्लिश की जाएगी। केरल में पहले ही अखिरी तारीख 18 दिसंबर कर दी गई थी जिसका ड्राफ्ट 23 दिसंबर को पब्लिश होगा।

पहले डेडलाइन 7 दिन बढ़ाई गई थी

चुनाव आयोग ने 30 नवंबर को की समयसीमा एक सप्ताह बढ़ाने का फैसला किया था। आयोग ने कहा था कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। मतदाता जोडने-हटाने का एन्यूमरेशन पीरियड यानी वोटर वेरिफिकेशन अब 11 दिसंबर तक चलेगा, जो पहले 4 दिसंबर तक तय था। पहले ड्राफ्ट लिस्ट 9 दिसंबर को जारी होनी थी, लेकिन अब इसे 16 दिसंबर को जारी किया जाएगा।

बस्तर ओलंपिकः आप आगे ...

जिलों के खिलाडियों ने आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बस्तर के गांव-गांव तक विकास की धारा पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप बस्तर अब शांति, समरसता और समृद्धि की ओर निरंतर अग्रसर हो रहा है और प्रदेश तथा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, बस्तर के युवाओं ने बड़ी संख्या में इस महती आयोजन में भाग लेकर इसे सफल और ऐतिहासिक बनाया है। सबसे अधिक हर्ष की बात यह है कि बस्तर ओलम्पिक में नुवाबाट के प्रतिभागियों ने भी उत्साहपूर्वक शामिल होकर इसे एक विशेष आयाम प्रदान किया है। बड़ी संख्या में बेटियों और बहनों की सहभागिता यह प्रमाणित करती है कि बस्तर में महिला सशक्तिकरण नई दिशा ले रहा है।

बस्तर का समाज अब सकारात्मक दिशा की ओर रहा है बढ़

उन्होंने आगे कहा कि यह आंकड़ा सिर्फ खेलों की लोकप्रियता को नहीं बताता, बल्कि बस्तर के युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा और खेल के प्रति अदम्य उत्साह को दर्शाता है। इतनी बड़ी भागीदारी यह भी साबित करती है कि बस्तर का समाज अब पूरी मजबूती से सकारात्मक दिशा की ओर बढ़ रहा है। खेल मैदानों में उमड़ रही भीड़ बताती है कि बस्तर के लोग नक्सलवाद की छाया से बाहर निकलकर शांति, विकास और प्रगति की राह चुनना चाहते हैं।

बस्तर बदल रहा है और यह परिवर्तन खेल जैसे आयोजनों के माध्यम से और भी सशक्त रूप में सामने आ रहा है।

इंडिगो ने यात्रियों को देना...

संचालन कर रही है। पिछले हफ्ते इंडिगो को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, जिसके चलते हजारों फ्लाइट्स कैंसिल हो गई और उड़ानें देर से चलने लगीं। इससे देश के बड़े हवाई अड्डों पर भी भीड़ काफी बढ़ गई थी और यात्री लंबी लाइनों में घंटों खड़े रहे थे। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने बताया कि 8 दिसंबर से कंपनी की सभी उड़ानें सही तरीके से चलने लगी हैं और 9 दिसंबर से स्थिति पूरी तरह से स्थिर हो गई है। प्रवक्ता ने कहा, इंडिगो ने अपनी सेवाओं में सुधार किया है और अब हम 1,900 से ज्यादा उड़ानें चला रहे हैं, जो हमारे नेटवर्क के 138 गंतव्यों को आपस में जोड़ रही हैं। प्रवक्ता ने आगे कहा कि आज हम 1,950 से ज्यादा उड़ानें चलाने का अनुमान लगा रहे हैं, जिनमें करीब 3 लाख यात्री यात्रा करेंगे।

इंडिगो के प्रवक्ता ने यह भी बताया कि पिछले तीन दिनों में कंपनी का उड़ान कार्यक्रम काफी विश्वसनीय रहा है और केवल मौसम, तकनीकी कारणों या अन्य बाहरी कारणों की वजह से ही कुछ उड़ानें रद्द की गई हैं।

8 दिसंबर को इंडिगो ने 1,750 से अधिक उड़ानें चलाईं और केवल 1 फ्लाइट कैंसिल हुई। 9 दिसंबर को 1,800 से अधिक उड़ानें चलाईं और कोई भी फ्लाइट रद्द नहीं हुई। वहीं 10 दिसंबर को भी 1,900 से अधिक उड़ानें संचालित हुईं, जबकि केवल दो फ्लाइट्स रद्द हुईं।

लोकसभा में 'वन नेशन...

मॉडल संविधान की मूल संरचना को प्रभावित करेगा, संघीय ढांचे को कमजोर करेगा और राज्यों के अधिकारों का हनन कर सकता है। क्योंकि संसदीय समिति की कार्यवाही गोपनीय होती है, इसलिए बैठक में हुई चर्चाओं का विस्तृत विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया। पीपी चौधरी ने बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सिब्बल ने कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब दिए और बहुत रचनात्मक चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि समिति की अगली बैठक 17 दिसंबर को होगी।

चौधरी ने कहा, यह एक बड़ा चुनाव सुधार है। वन नेशन, वन इलेक्शन पर सभी हितधारकों को सुनना जरूरी है। समिति का हर सदस्य देशहित में काम कर रहा है।

दोनों विधेयक, जिन्हें केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दिसंबर 2024 में पेश किया था, बाद में संसदीय समिति को भेज दिए गए थे। इनका मुख्य उद्देश्य लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव चक्र को एकसाथ लाना है। इसके लिए उन विधानसभा कार्यकालों को छोटा किया जा सकता है जो एक विशेष लोकसभा अवधि के बाद चुनी जाती हैं ताकि दोनों का कार्यकाल एक साथ समाप्त हो सके।

न्यूज गैलरी

बाल विवाह मुक्त भारत के तहत जागरूकता कार्यक्रम

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन व महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में जिले में बाल विवाह मुक्त भारत के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड हेल्पलाईन के द्वारा शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय तातापानी एवं एकलव्य विद्यालय राजपुर में छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नही अपितु कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे संबंधी, बाराती यहां तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु मृत्यु दर एवं मातृ-मृत्यु दर के साथ घरेलू हिंसा में भी वृद्धि होती है। समाज में व्याप्त इस बुराई के पूर्णतः उन्मूलन हेतु जनप्रतिनिधियों, नगरीय निकाय/पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संगठनों, महिला स्व सहायता समूहों, किशोर एवं किशोरी बालिकाओं तथा आमजनों से सहयोग प्राप्त कर इस प्रथा के उन्मूलन हेतु परिणाम मूलक कार्यवाही की जानी है। जिले में कहीं पर भी बाल विवाह होने की सूचना मिलने पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 व पुलिस हेल्पलाइन 112 में संपर्क किया जा सकता है।

धरनीधर आंगनबाड़ी में कलेक्टर का औचक निरीक्षण

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर ने विकासखण्ड बलरामपुर के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र धरनीधर (रामनगरकला) का औचक निरीक्षण कर केंद्र में बच्चों की उपस्थिति तथा पोषण आहार की गुणवत्ता की जानकारी ली। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बात करते हुए बच्चों की नियमित उपस्थिति, समय पर वितरण होने वाले पूरक पोषण आहार तथा प्री-स्कूल शिक्षा की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र में बच्चों की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन करते हुए कहा कि सभी बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित करे और बच्चों को गुणवत्ता युक्त एवं पोषक आहार उपलब्ध कराए उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता, पोषण दिवस गतिविधियाँ की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए।

मुंबई में राष्ट्रीय पश्चिम भारत विज्ञान मेले का शुभारंभ

नेहरू साइंस सेंटर में चमकी चार राज्यों की प्रतिभा, सरगुजा के मॉडल मुख्य आकर्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। नेहरू साईस सेंटर मुंबई में आज राष्ट्रीय पश्चिम भारत विज्ञान मेला (2025-26) WISF का भव्य उद्घाटन हुआ, जहाँ विज्ञान और नवाचार की दुनिया में कदम रख रहे चार राज्यों में छत्तीसगढ़, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान के शिक्षकों ने भी प्रतिभागी और भाग लिया। प्रतिभागियों ने 20 व्यक्तिगत, टीम प्रोजेक्टस और शिक्षक, शिक्षिकाओं ने 11 शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शन में अपनी अनोखी परियोजनाओं से सबका ध्यान आकर्षित किया। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर मेले का शुभारंभ किया गया, जिसमें वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, स्कूल प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि 'विज्ञान केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के समग्र विकास की आधारशिला है। ऐसे आयोजन शोध और नवाचार की सोच को मजबूत बनाते हैं।'

सरगुजा के मॉडल बने मुख्य आकर्षण

मेले में सरगुजा जिले से शामिल दो मॉडल विशेष रूप से ध्यान का केंद्र बने 'वॉइस एंड ब्लूटूथ कंट्रोल्ड होम ऑटोमेशन सिस्टम' को मार्गदर्शक श्रीमती चंदा श्रीवास्तव विद्यालय शास. उ.मा. विद्यालय रामपुर,अंबिकापुर के छात्र ललित राजवाड़े एवं शौर्य महंत ने मिलकर प्रदर्शित किया। यह आधुनिक मॉडल घर की विभिन्न सुविधाओं को वॉइस कमांड और ब्लूटूथ के माध्यम से नियंत्रित करने की तकनीक पर आधारित है, जिसने दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की। व्यक्तिगत मॉडल में 'डाय चेक' को छात्र सुमेश्वर गुप्ता ने शिक्षक श्री प्रत्यूष दुबे सेजेस सरगुजा के मार्गदर्शन में प्रदर्शित किया। दोनों मॉडलों ने सरगुजा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए मेले में विशेष पहचान बनाई। साथ ही राजस्थान के 'सहस्त्रबाहु' महाराष्ट्र के साइन लैंग्वेज ट्रासलेटर, को खुब

विज्ञान प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र

मेले में रोबोटिक्स, अक्षय ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वास्थ्य तकनीक से जुड़े कई मॉडल प्रस्तुत किए गए। जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। विज्ञान प्रदर्शनी 10 दिसंबर से 13 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा । साथ-साथ विभिन्न कार्यशालाएं और वैज्ञानिकों के साथ इंटरेक्टिव सत्र भी आयोजित किये जायेंगे। निश्चित ही इस आयोजन से बच्चों और विजिटर्स को विज्ञान और नवाचार की नई-नई तकनीकों का ज्ञान मिलेगा।

उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम

आयोजनः जिले में महापरीक्षा सफल महिलाओं की रही उत्साही भागीदारी

जांजगीर/नवप्रदेश। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन हुआ।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन और शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित इस महापरीक्षा में जिले के 427 केंद्रों पर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक परीक्षा संचालित की गई। 200 घंटे का अध्ययन पूरा कर चुके 11,341 शिक्षार्थियों– जिनमें 9,300 से अधिक महिलाएँ शामिल थीं–ने उत्साह के साथ भाग लिया। महिलाओं की व्यापक उपस्थिति ने जिले में बढ़ती शिक्षा-जागरूकता और आत्मनिर्भरता को दर्शाया। जिला परियोजना अधिकारी विजया सिंह राठौर और सहायक संचालक जे.पी. शास्त्री की टीमों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। बलौदा, नवागढ़, बम्हनीडीह सहित कई क्षेत्रों में महिलाओं और ग्रामीण शिक्षार्थियों में सीखने का उत्साह साफ दिखाई दिया। सोंठी के आदर्श केंद्र में भी बुजुर्ग महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पढ़ने का अवसर मिलने पर खुशी जताई। यह महापरीक्षा जिले में साक्षरता का उत्सव बनकर उभरी और संदेश दिया कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। संकल्प हो तो हर उम्र सीखने की उम्र है।

उम्रदराज लोगों ने भी दिखाई सीखने की ललक

सोंठी के आदर्श परीक्षा केन्द्र में भी महापरीक्षा का आयोजन हुआ, जहाँ धनबाई गोंड़, सुंदर बाई सूर्यवंशी, यशोदा श्रीवास, रमशिला पटेल, जमुना बाई पटेल, सरोज बाई यादव, कमला बाई यादव सहित अनेक महिलाओं व बुजुर्गों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इनमें से कई उम्रदराज प्रतिभागियों ने कहा कि उन्हें अब जाकर पढ़ने का अवसर मिला है, इसलिए वे बेहद खुश हैं।

सहायक संचालक की टीम ने भी किया निरीक्षण

संयुक्त संचालक कार्यालय, बिलासपुर के सहायक संचालक जे.पी. शास्त्री एवं जिला मिशन समन्वयक हरिराम जायसवाल की टीम ने बम्हनीडीह व नवागढ़ क्षेत्र के केंद्रों का निरीक्षण किया। प्राथमिक शाला बम्हनीडीह, सोनाइडीह, गोविंदा, ठाकुरदिया, पोंडीराछा, गोधना, सलखन आदि केन्द्रों में ग्रामीण महिलाओं ने विशेष उत्साह के साथ परीक्षा दी। केन्द्राध्यक्षों ने बताया कि शिक्षार्थियों में पढ़ने का अवसर मिलने की खुशी साफ झलक रही थी।

धान खरीदी व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर पहुंचे बरदर धान उपार्जन केंद्र

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने विकासखण्ड बलरामपुर अंतर्गत स्थित धान उपार्जन केन्द्र बरदर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान खरीदी की समग्र व्यवस्था, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा केंद्र संचालन की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने केंद्र प्रभारी से धान की आवक की स्थिति, प्रतिदिन प्राप्त होने वाले उपार्जन की मात्रा तथा अब तक खरीदे गए कुल धान, बारदाना की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने नमी मापक यंत्र, तथा तौल यंत्र कार्य का मौके पर परीक्षण करते हुए सटीकता की जांच की। इस दौरान कलेक्टर ने स्वयं धान की तौल प्रक्रिया का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने केंद्र में धान बेचने आए किसानों से सीधा संवाद कर खरीदी प्रक्रिया, प्रतीक्षा समय, बारदाना तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जाना। किसानों ने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी साझा की। कलेक्टर श्री कटारा ने खरीदी केंद्र प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा अनुसार किसानों को सुविधाजनक, पारदर्शी एवं त्वरित खरीदी व्यवस्था उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। केंद्र में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, सभी व्यवस्थाएँ नियमित रूप से सुचारू रहे। उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि खरीदी कार्य समयबद्ध एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित हो। उन्होंने अवैध धान के आवक पर भी सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने किया ग्रामीण बस सेवा के द्वितीय चरण का शुभारंभ

बलरामपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा वर्चुअल रूप से मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत विकासखण्ड राजपुर के ग्राम नवकी एवं रामचन्द्रपुर के ग्राम डिण्डो में बस परिवहन सेवा शुरू की गई। दोनो ही ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन वर्चुअल रूप से जुड़े इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्रामवासियों को शुभकामनाएं दी। योजना के शुभारंभ के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सुदूर वनांचलों में रहने वाले लोगों के आवागमन सुविधा के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना से सहुलियत मिलेगी। विकासखण्ड रामचन्द्रपुर अंतर्गत बस संचालन रामानुजगंज से वाड्रफनगर तक किया जाएगा। जिसके अंतर्गत छतवा, लोधा, खुरा, बाहर चुरा, विमलापुर, डिण्डों, टाटीआथर, सलवाही, गोबरा, फुलीडूमर के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। विकासखण्ड राजपुर के ग्राम नवकी में ग्रामीण अंचल को जिला मुख्यालय से जोड़ने और आम नागरिकों को सुलभ यातायात सुविधा मिलेगी। जिसके अंतर्गत रूट प्रतापपुर से पटना निर्धारित किया गया है, जो मकनपुर, गोपालपुर, राजपुर, शंकरगढ़, चलगली, महुवाडीह, डीपाडीह होते हुए पुनः पटना तक संचालित होगा। वर्चुअल कार्यक्रम में राजपुर से जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर, जनपद अध्यक्ष विनय भगत, नगर पंचायत उपाध्यक्ष संजय सिंह, जनपद सीईओ संजय दुबे व अधिकारी-कर्मचारी तथा ग्रामीणजन जुड़े रहे। इसी प्रकार डिण्डों से जनपद अध्यक्ष मुद्रिका सिंह, मुन्शी राम साण्डिल्य, बलवंत सिंह, लालमन यादव, जनपद सीईओ रणवीर साय सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।योजना के तहत बस सेवा का संचालन 02 मार्गो में किया जाएगा। ग्रामीण बस सेवा के इन मार्गों पर यात्रा करने वाले ग्रामीणों को अब अधिक सुगम, सुरक्षित और किफायती परिवहन सुविधा मिल सकेगी। लंबे समय से बेहतर आवागमन की मांग कर रहे ग्रामीणों ने इसे राहत भरा निर्णय बताया है। इसी प्रकार ज्ञातव्य है कि कुछ महीने पूर्व प्रथम चरण के अंतर्गत राजपुर से नरसिंहपुर मार्ग तथा रामानुजगंज से भीतरचुआ पर ग्रामीण बस सेवा शुरू की गई थी, द्वितीय चरण की शुरुआत के साथ अब जिले के और अधिक ग्रामीण क्षेत्रों को निर्बाध परिवहन सुविधा का लाभ मिलेगा, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, बाज़ार एवं रोजगार संबंधी आवाजाही और आसान हो जाएगी। सीएम साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विकास को नई गति मिल रही है और मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना से गांव और शहर के बीच की दूरी कम होगी और लोगों का जीवन आसान बनेगा।

मोटिवेशनल सेमिनार एवं मार्गदर्शन कार्यशाला आज

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक उन्मुखीकरण एवं भविष्य निर्माण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मोटिवेशनल सेमिनार एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन 12 दिसंबर शुक्रवार को काका लरंगसाय स्टेडियम, शंकरगढ़ में किया जाएगा। कार्यक्रम 'चौंपियन ऑफ़ चेंज' पहल के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका लक्ष्य जिले के विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और लक्ष्य-निर्धारण की क्षमता विकसित करना है। जिसमे में मोटिवेशनल स्पीकर प्रिंस वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

सड़क हादसे में ग्रामीण की मौत, जांच में जुटी पुलिस

लखनपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में नरसंहार का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इसी कड़ी में 9 दिसम्बर दिन मंगलवार की शाम तकरीबन 6.30 बजे कुंवरपुर बांध मोड़ के पास टाटा 407 क्रमांक सीजी 04 पीएफ 9812 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक क्रमांक सीजी 15 डीआर 2306 के सवार परमेश्वर चौधरी पिता शंकर चौधरी उम्र 45 वर्ष जाति हरिजन साकिन ग्राम मोरगा फोकटपारा थाना बागों जिला कोरबा छग को जबरदस्त ठोकर मार दिया जिससे मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस के जरिए बाईक सवार को प्राथमिक उपचार के लिए लखनपुर अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक उदयपुर किराये के मकान में रह कर राजमिस्त्री का पेशा किया करता था 9 दिसम्बर मंगलवार को काम के सिलसिले में अम्बिकापुर जा रहा था लेकिन रास्ते में ग्राम कुंवरपुर थाना लखनपुर के पास विपरीत दिशा से आ रही टाटा 407 के चपेट में आ गया।गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। परिवार वालों के सूचना पर लखनपुर पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर अस्पताल मर्चुरी में रखवाया। देर रात होने कारण 10 दिसम्बर दिन बुधवार को शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। तथा मर्ग कायम कर तहकीकात करने जुटी है। टाटा 407 वाहन का चालक घटना के बाद फरार हो गया है। पुलिस खूनी वाहन को पकड़ कर थाने में खड़ा करा दिया है।

महिला सशक्तीकरण व बाल जागरुकता 16 दिवसीय शिविर का आयोजन

■ 'गुड टच-बैड टच' व महिला अधिकारों पर प्रभावी कार्यक्रम

एमसीबी/नवप्रदेश। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में नगरपालिका क्षेत्र नागपुर के पंचायत भवन में लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु 16 दिवसीय अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला सशक्तिकरण केंद्र एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों और महिलाओं को गुड टच-बैड टच, मानव अधिकार, माहवारी प्रबंधन, शी बॉक्स पोर्टल तथा व्यक्तिगत सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला कानूनी अधिकार, घरेलू हिंसा अधिनियम, सखी सेंटर सेवाएँ, पास्को एक्ट और साइबर सुरक्षा पर मार्गदर्शन दिया गया। 1098, 181 और 1930 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी प्रदान की गई।

यात्रा | जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन को किया रवाना, दर्शानार्थियों को दी शुभकामनाएं

सरगुजा संभाग के 850 श्रद्धालु अयोध्याधाम के लिए रवाना

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के अंतर्गत सरगुजा संभाग के 850 श्रद्धालु तीर्थयात्री आज अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में तीर्थयात्रियों की विशेष ट्रेन को जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन को रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, महापौर मंजूषा भगत, जिले के जनप्रतिनिधिगण, टूरिज्म बोर्ड सहायक संचालक सरगुजा आशिष वर्मा तथा रेलवे एवं आई.आर.सी.टी.सी. के अधिकारी कर्मचारीगण अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में उपस्थित रहे। अतिथियों ने सभी यात्रियों को सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। उप संचालक समाज कल्याण एवं नोडल अधिकारी व्ही. के. उके ने बताया कि जिले के जनपद पंचायत अंबिकापुर से 17, उदयपुर से 19, लखनपुर से 17, लुण्ड्रा 17, बतौली 17, सीतापुर से 18, मैनपाट से 15, नगर निगम अंबिकापुर से 30 नगर पंचायत लखनपुर से 07 तथा नगर पंचायत सीतापुर से 07 कुल 164 तीर्थ यात्री अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए हैं। यात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं देखभाल हेतु जिले से अनुरक्षक दल भी उनके साथ भेजा गया है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भोजन, आवास एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह विशेष ट्रेन यह यात्रा दिनांक 13.12.2025 को वापस अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। सरगुजा संभाग के सभी जिलों से शासन द्वारा निर्धारित यात्री कोटा में सरगुजा से 164, जशपुर से 204, बलरामपुर-रामानुजगंज से 164, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से 57, कोरिया से 108, सुरजपुर से 147 कुल 850 दर्शानार्थी अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आरंभ की गई 'श्री रामलला दर्शन योजना' का उद्देश्य आमजन, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को अयोध्या धाम के दर्शन का अवसर प्रदान करना है। यह योजना न केवल श्रद्धा और आस्था को सशक्त बनाती है, बल्कि शासन की संवेदनशीलता और जनसेवा के भाव को भी दर्शाती है।

फॉर्म-6 के साथ आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य

मुंगेली/नवप्रदेश। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के नियमों में निर्वाचन आयोग ने महत्वपूर्ण संशोधन करते हुए अब फॉर्म-6 के साथ घोषणा पत्र और पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो एवं आयोग के द्वारा सुझाए गए 11 दस्तावेजों में से कोई एक अनिवार्य कर दिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि दस्तावेजों की कमी या गलत जानकारी मिलने पर आवेदन स्वीकृत नहीं किया जाएगा। इस संबंध में 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक विधानसभावार स्थापित क्लस्टर में प्राप्त आवेदनों का दावा-आपत्ति लिया जाएगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदक को स्वयं से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेजों की सही जानकारी देनी होगी। आवेदक को अपने परिवार के नाम, पता, जन्मतिथि, पूर्व निवास क्षेत्र तथा मतदान स्थल से संबंधित समस्त जानकारी स्पष्ट रूप से देनी होगी। आयोग के नियमों के अनुसार, एसआईआर में आवश्यक दस्तावेजों का मिलान किए बिना नाम सूचीबद्ध नहीं किया जाएगा। नए मतदाताओं को नाम जुड़वाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित फार्म 06 में बताए गए जन्म एवं निवास से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

न्यूज गैलरी

आईटीएस कॉलेज के नर्सिंग विभाग में मानव अधिकार विषय पर जागरूकता कार्यक्रम

गरियाबंद/नवप्रदेश। ITS कॉलेज के नर्सिंग विभाग मे मानव अधिकार विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम मे नर्सिंग एवं फार्मेसी के छात्र- छात्राएं सम्मिलित हुए, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय यशवंत वासनीकर जी, अपर सत्र न्यायाधीश एवं फास्ट ट्रैक विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो), गरियाबंद रहे, जिन्होंने मानवाधिकार संरक्षण और लैंगिक अपराधों की रोकथाम पर मार्गदर्शन दिया। विशिष्ट अतिथि माननीय बी.आर. साहू, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, और माननीया कु. सीमा कंवर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, ने मानवाधिकारों की संवैधानिक व्यवस्था तथा न्यायालयिक प्रक्रियाओं पर जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में निर्देशक बी.पी. वर्मा (डायरेक्टर) नर्सिंग प्राचार्या सुश्री कांति ध्रुव, फार्मेसी प्राचार्य राहुल राठौर, तथा सभी HODs और स्टाफ की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सुचारू संचालन सुश्री क्षमा साहू ने किया। यह कार्यक्रम छात्रों में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और न्यायिक प्रणाली को समझने की दिशा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ।

महाविद्यालय में विश्व मानवाधिकार दिवस मना

खैरागढ़/नवप्रदेश। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय के इतिहास विभाग में वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस विभागाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र कुमार साखरे द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया। धरमपाल वर्मा ने वीर नारायण सिंह पर प्रकाश डालते बताया की इनका जन्म 1795 में छत्तीसगढ़ के सोनाखान में एक जमीदार परिवार में हुआ था। इन्होने अंग्रेजो द्वारा चलाये जा रहे दमनचक्र का विरोध किया। डॉ. जितेन्द्र कुमार साखरे ने कहा की छत्तीसगढ़ में 1856 में भीषण अकाल पड़ा और लोगों के पास खाने के लिए कुछ नही था, जनता का बुरा हाल था तब वीर नारायण सिंह ने अंग्रजो से सहायता प्राप्त साहूकार के गोदामो से अवैध एकत्रित किया हुआ अनाज लुट कर भूखमरी से पीड़ित गरीब जनता को बांट दिया।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना

खैरागढ़/नवप्रदेश। पाण्डादाह वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम पिपलाकछार में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से ग्राम स्तरीय शिविर का आयोजन हूआ। शिविर में ग्राम सरपंच, पंचगण तथा स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभों, आवेदन की प्रक्रिया, पात्रता तथा सोलर रूफ्टॉप प्रणाली की स्थापना से संबंधित तकनीकी जानकारी के साथ सब्सिडी एवं वित्तीय सहायता संरचना के बारे में बताया। जिससे आमजन सही तरीके से योजना का लाभ उठा सकें।

नीरज सिंह ठाकुर को लेकर चौंकाने वाले दावे सामने आए

‘बिहान’ भर्ती में ‘सपनों की बोली’! परियोजना प्रबंधक-समन्वयक चयन में ‘अंकगणित का चमत्कार’

■ **क्या सीईओ जिला पंचायत करेंगे ‘दूध का दूध, पानी का पानी’?**

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ‘बिहान’ के तहत जिला पंचायत गरियाबंद में बहुप्रतीक्षित BPM (विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक) और AC (क्षेत्रीय समन्वयक) संविदा भर्ती प्रक्रिया सूत्रों के अनुसार बड़े सवालों के घेरे में आ गई है। अभी तक आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं हुई है, लेकिन विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि यह मामला जल्द ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) जिला पंचायत गरियाबंद के कार्यालय की चौखट पर दस्तक देगा। चयन प्रक्रिया को लेकर जो गंभीर आरोप लग रहे हैं, उन्हें देखकर ऐसा लग रहा है मानो यह कोई भर्ती नहीं, बल्कि ‘चयन का महाकुंभ’ था, जिसमें अपारदर्शिता और अनियमितता के ‘अद्भुत’ दर्शन हुए हैं।

BPM चयनः जब ‘अनुभव’ को ‘जादू की छड़ी’ मिल गई! सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, BPM चयन में ‘अंकों की बाजीगरी’ का एक शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है।

अंकों का रहस्यमय खेलः चयनित BPM उम्मीदवार, नीरज सिंह ठाकुर, को लेकर चौंकाने वाले दावे सामने आए हैं। कहा जा रहा है कि यही उम्मीदवार जब कवर्धा और बेमेतरा जैसे अन्य जिलों में इंटरव्यू/कौशल परीक्षा में शामिल हुए,

तो उन्हें 2 अंक कम मिले। लेकिन गरियाबंद में आते ही, उन्हें अचानक 2 अंक अधिक मिल गए! सवाल यह है - क्या गरियाबंद की हवा में ऐसा कोई ‘विशेष तत्व’ था, जिसने उनके प्रदर्शन को क्षण भर में चमका दिया, या फिर यह ‘अनुभव प्रमाण पत्र’ के अंक देने में अपनाई गई अद्वितीय उदारता का परिणाम है?

अनुभव प्रमाण पत्र की ‘माया’: सूत्रों का दावा है कि जिस एक साल के अनुभव के बदले अतिरिक्त 2 अंक दिए गए हैं, उसकी सत्यता पर गंभीर संदेह है। CGSRLM की गाइडलाइन के अनुसार, अनुभव महिला सशक्तिकरण और गरीबी उन्मूलन के संबंधित कार्यक्षेत्र का होना अनिवार्य है। सूत्रों की मांग है कि ज्वाइनिंग लेटर, बैंक स्टेटमेंट और सैलरी स्लिप की पारदर्शी जांच हो। ‘प्लानिंग’ के तहत चयन?: यह भी आरोप है कि चयनित BPM पूर्व में जिला गरियाबंद में YP के पद पर BPM के प्रभार पर कार्यरत थे, जिससे यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि यह चयन पूर्व-सुनियोजित प्लानिंग का हिस्सा हो सकता है।

’अयोग्य’ भी हुए ‘योग्य’: चयन समिति पर उठते सवाल चयन प्रक्रिया में अपनाई गई प्रक्रियात्मक अनियमितताएं इस ‘अंकगणित के चमत्कार’ को और भी संदिग्ध बनाती हैं: चयन समिति का ‘गरियाबंद वर्जन’: अन्य जिलों में जहाँ चयन समिति में 5 सदस्य (जिनमें एक NRLM अधिकारी) रहे, वहीं गरियाबंद में सदस्यों की संख्या में बार-बार बदलाव किया गया और समिति में 4 सदस्य रखे गए, जिसमें से दो सदस्य हत्रारूके ही थे! सूत्रों का कहना है कि यह ‘स्पष्ट संदेह’ पैदा करता है कि चयन को एक विशेष दिशा देने के लिए यह अतिरिक्त व्यवस्था की गई थी।

अनुभव के अंकों का ‘गणितीय भ्रम’: BPM उम्मीदवार के पास कथित तौर पर केवल 5 वर्ष का अनुभव था, लेकिन उन्हें कुल 8 अंक दिए गए! सूत्रों के अनुसार, उन्हें अधिकतम 6 अंक मिलने चाहिए थे। क्या गणित के नियम गरियाबंद जिला पंचायत में काम करना बंद कर चुके हैं? ST वर्ग का ‘फिल्ड 1s अकाउंट्स’ पेंचः ST वर्ग से चयनित श्रीमती संगीता ध्रुव (लेखा सह MIS) को लेकर भी सवाल हैं।

शिक्षा की गुणवत्ता का जमीनी स्तर पर दिखाई देना चाहिए असर

स्कूल शिक्षा मंत्री ने शिक्षा विभाग की दुर्ग संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ली

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग के दुर्ग संभाग स्तरीय अंतर्गत दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले की समीक्षा बैठक ली। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि सभी डीईओ एवं बीईओ शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए फिल्ड में नियमित तौर पर स्कूलों का दौरा करें। उन्होंने कहा कि इसका असर जमीनी स्तर पर दिखाई देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में पढ़ाई का स्तर अच्छा होना चाहिए। उन्होंने युक्तियुक्तकरण अंतर्गत शिक्षकों की स्थानांतरण के संबंध में गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की नीतियों के अनुरूप जिन शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण अंतर्गत अभी तक ड्यूटी ज्वाइन नहीं की है, उन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में पढ़ाई पर विशेषतौर पर ध्यान देने की जरूरत है। जियो टैगिंग एवं शिक्षकों की उपस्थिति के माध्यम से नियमित अध्यापन के संबंध में मानिटरिंग होनी चाहिए। परीक्षा परिणामों में सुधार लाने के लिए सभी शिक्षक उत्कृष्ट कार्य करें। शिक्षक मेहनत करेंगे तो इसके बेहतरीन

परिणाम प्राप्त होंगे। बच्चों को अभ्यास कराएं और उनकी पढ़ाई के लिए अच्छा माहौल एवं व्यवस्था बनाएं। यह भी ध्यान देने की जरूरत है कि बच्चे शाला त्यागी नहीं हो तथा उनके पढने की अभिरूचि बनी रहे। शिक्षकों को अध्यापन कार्य के लिए प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है। वर्ष भर की कार्य योजना के अनुरूप अध्यापन कार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के संबंध में जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने राजनांदगांव में अपार आईडी निर्माण की प्रगति पर संतोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणामों के आधार पर जवाबदेही तय होगी तथा प्राथमिक कक्षाओं में भी बेहतर परिणामों के लिए सतत मूल्यांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्कूलों में बच्चों को पहाड़ा अच्छी तरह याद होना चाहिए।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के साथ ही शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए प्राईवेट टयूटर्स, शाला त्यागी बच्चों की स्थिति में सुधार होना चाहिए।

उन्होंने शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश तथा उनके अध्ययन की मानिटरिंग करने के लिए कहा। उन्होंने सत्र 2024-25 के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम एवं सत्र 2025-26 का लक्ष्य, कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में प्रथम श्रेणी, 80 प्रतिशत से अधिक एवं 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की संभावित संख्या, कक्षा तीसरी से पांचवीं तक 20 तक का पहाड़ा तथा कक्षा छठवीं से आठवीं तक 25 तक का पहाड़ा, कमजोर बच्चों के लिए बारह खड़ी लागू करने उपचारात्मक शिक्षण, भवन विहीन विद्यालयों की संख्या, मॉडल स्कूल बनाए जाने वाले विद्यालयों की संख्या, समग्र शिक्षा, पीएमश्री विद्यालय, पीएम ई-विद्या चैनल के उपयोग, आने वाले वर्षों में जिलों के लक्ष्य के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सचिव स्कूल शिक्षा विभाग सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिए शिक्षकों की ऑनलाईन उपस्थिति होनी चाहिए, ताकि शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचे। स्कूलों में ड्राप आऊट में कमी लाने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता है। सभी बीईओ एवं डीईओ निरंतर दौरा करें। दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करते हुए समेकित कार्ययोजना बनाकर परीक्षा परिणामों में सुधार लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए युवाओं को प्रेरित करें। प्राचार्यों एवं बीईओ के वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से कार्यों की सतत मानिटरिंग करें। कार्य योजना बनाकर पढ़ाई में कमजोर बच्चों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित करें। उन्होंने स्कूलों के निर्माणाधीन कार्यों में गति लाने के लिए कहा। संचालक लोक शिक्षण संचालनालय श्री ऋतुराज रघुवंशी ने कहा कि ऐसे बच्चे जिनका परीक्षा परिणाम अच्छा नहीं रहा है, उनके लिए उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था की गई है। ऐसे बच्चों को चिन्हांकित कर शनिवार बैगलैस डे के दिन उनकी शिक्षण गुणवत्ता में सुधार लाएं।

धरसींवा विधायक अनुज शर्मा के 400 करोड़ के झूठे दावे

धरसीवां/नवप्रदेश। नगर पंचायत कुँवरा में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में दूरबीन से प्रतीकात्मक निरीक्षण के दौरान भाजपा के ही पूर्व पार्षद प्रतिनिधि धनसिंह वर्मा एवम भाजपा के ही पूर्व एल्डरमैन प्रतिनिधि मुन्ना पटेल ने खुलेआम स्वीकार कर लिया कि पूरे नगर पंचायत कुँवरा में विधायक अनुज शर्मा ने एक भी फूटी कौड़ी विकास के लिए नहीं दी है।÷यह बयान भाजपा के अपने नेता का है, जिसे सुनकर मौके पर मौजूद सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने तालियां बजाई और विधायक के 400 करोड़ के दावे पर ठहाके लगाए। इसी तरह पूरा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 से लेकर सभी वार्डो का दूरबीन से जाकर विकास कार्य को देखा वहां टूटी-फूटी सड़के कांग्रेस सरकार में स्वीकृत सभी कार्यों को रुकवा दिया गया है कुँवरा नगर पंचायत में कांग्रेस सरकार में स्वीकृत लगभग 6 करोड़ के कार्यों को निरस्त करवा दिए हैं जिसमे रामलीला मंच निर्माण शीतला मंदिर निर्माण रानी सागर तालाब सौदर्यीकरण कार्य नाला निर्माण कार्य, पुष्प वाटिका निर्माण कार्य छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति निर्माण जैसे कार्य टेंडर हो गए थे उसे निरस्त करवा दिया गया अनुज शर्मा विधायक धरसीवां ने। सनातन धर्म और हिंदू की बड़े-बड़े ढींगे हांकने वाले लोग रामलीला मंच शीतला मंदिर निर्माण बनने नहीं दिए, यही है इनका कर चरित्र और चेहरा

निरीक्षण कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष ऊधो राम वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, नगर निगम रायपुर के पार्षद जयंत साहू, जिला पंचायत रायपुर के सदस्य हरिशंकर निषाद पूर्व जनपद सदयगण शैलेंद्र शर्मा तारकेश्वर वर्मा कांग्रेस नेता महेंद्र गुड्डू सेन कार्यकारी अध्यक्ष भावेश बघेल, जनपद प्रतिनिधि अंजित सायतोड़े, नगर पंचायत कुँवरा के पूर्व अध्यक्ष ढालेंन वर्मा कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी सुरेश साहू एवं उपाध्यक्ष राजा खान प्रेमलाल पॉल ढालचंद अनिल बघेल सहित भारी संख्या में नगर पंचायत कुँवरा के पार्षदगण उपस्थित रहे।

कोचिया के गोदाम में छापा , 491 कटटा धान, ट्रक जब्त

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला प्रशासन ने अवैध धान के भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते जिले के गंडई मे धान कोचिया के गोदाम मे छापामार कार्यवाही मे 491 कटटा धान अवैध रूप से बरामद किया है । डिप्टी कलेक्टर रेणुका रात्रे की अगुवाई मे की गई कार्यवाही मे गंडई के पिनेश देवांगन के गोदाम मे धान खरीदी मे अवैध धान खपाने की सुचना के बाद ट्रक से धान उतारते समय ट्रक सहित धान पकड़ा गया। धान को राजनांदगांव से लाकर गंडई मे डंप किया जा रहा था जिसे खरीदी मे खपाने की तैयारी थी। कृषि उपज मंडी गंडई के अधिकारियो ने मौके पर पहुँचकर ट्रक और उसमे भरे 91 कटटा धान सहित गोदाम में उतार कर डंप किए जा चुके 4 सौ कटटा धान को जप्त किया है ।

सरसींवा का कॉलेज धोबानी भेजने का खेल डॉ. अनंत बोले : शिक्षा है, घरेलू सामान नहीं!

■ **दिलीप अनंत जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति कांग्रेस सारंगढ़ बिलाईगढ़ ने भाजपा के शिक्षा पर किये राजनीती पर किया प्रहार!**

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)। शिक्षा के मुद्दे पर अपनी तेज़ और तिखी आवाज़ के लिए पहचाने जाने वाले अनुसूचित जाति कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ. दिलीप अनंत एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह भी दमदार है–सरसींवा में खुलने वाला शासकीय कॉलेज, जिसे कांग्रेस सरकार के समय मंजूरी मिली थी, उसे भाजपा सरकार चुपके से 15-17 किलोमीटर दूर जंगल किनारे धोबानी भेजने की तैयारी कर रही है। और बस, यहीं

से शुरू होता है इस कहानी का मजेदार लेकिन तंज भरा मोड़।

डॉ. अनंत ने कहा–÷भाजपा के कुछ खास लोग शिक्षा को सेवा नहीं, सेल्फ-सर्विस समझ बैठे हैं। कॉलेज को ऐसे शिफ्ट कर रहे जैसे अपना मोबाइल टॉवर कहीं भी उठा के रख दें। भाई, कॉलेज है! बच्चों का भविष्य है! कोई तंबू-पंडाल नहीं कि जहाँ मन किया वहाँ सरका दिया! उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार ने सरसींवा के लिए कॉलेज स्वीकृत किया था, बजट में भी सेक्शन हुआ था, अधिकारी सर्वे के लिए तैयार थे। लेकिन अब भाजपा सरकार इसे धोबानी भेजकर निजी कॉलेज संचालकों की ‘खुशामदी सेवा’ में लगी हुई है। डॉ. अनंत ने तंज कसते हुए कहा–÷हम धोबानी में कॉलेज खुलने के खिलाफ नहीं हैं, वहाँ खुल जाए, दोगुना खुल जाएज पर जो सरसींवा का कॉलेज है, वह सरसींवा का ही रहेगा। ये कोई ‘पासिंग द पार्सल’ वाला खेल नहीं चल रहा! उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि अगर सरकार ने सरसींवा के हक में फैसला नहीं लिया, तो क्षेत्र के लोग उनके साथ मिलकर ऐसा आंदोलन करेंगे कि सरकार को सरसींवा और धोबानी के बीच की दूरी किलोमीटर में नहीं, सिरदर्द में महसूस होने लगेगी।

सहायक शिक्षक फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश भाजपा द्वारा जारी घोषणापत्र मे मोदी की गारंटी बताकर प्रदेश के सहायक शिक्षको की वेतन विसंगति दूर करने के लिए सौ दिन के वादे को दो साल मे भी पूरा नही करने के विरोध मे सहायक शिक्षक फेडरेशन ने अधिकारियो और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर सरकार से घोषणापत्र के वादे को विधानसभा के शीतकालीन सत्र मे पूरा करने की मांग की। सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रामलाल साहू की अगुवाई मे मुख्यमंत्री के नाम विधायक यशोदा वर्मा, प्रधानमंत्री के नाम सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह को ज्ञापन सौंप फेडरेशन पदाधिकारियो ने बताया कि प्रदेश सरकार ने विधानसभा चुनाव के दौरान अपने घोषणापत्र मे मोदी की गारंटी बताकर सहायक शिक्षको के वेतन विसंगति को सौ दिन मे दूर करने का वादा किया था लेकिन दो साल बाद भी वादे का अता पता नही है।

शैक्षणिक भ्रमण : शा.कन्या उ.मा. वि. की छात्राओं ने जाना बैंकिंग और फाइनेंस की दुनिया का सच

गरियाबंद/नवप्रदेश। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में छात्राओं के कौशल विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गरियाबंद की बी.एफएस.आई. (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा) संकाय की छात्राओं को एक दिवसीय शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को कक्षा में दी जाने वाली सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक और मैदानी ज्ञान से रूबरू कराना था।

कक्षा नौवीं और दसवीं की छात्राओं ने अपने शैक्षणिक भ्रमण के तहत श्रीराम फाइनेंस, गरियाबंद शाखा का दौरा किया। यहाँ शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने

फाइनेंस सेक्टर की बारीकियों को समझाते हुए लोन (ऋण) स्वीकृति की प्रक्रिया, केवाईसी (KYC) के महत्व और चेक क्लीयरेंस जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। विशेष रूप से गाड़ियों के फाइनेंस और उसकी प्रक्रिया के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई। छात्राओं ने उत्सुकतापूर्वक कई प्रश्न पूछे, जिनका शाखा प्रबंधक ने सहजता से उत्तर दिया।

वहीं, कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं की छात्राओं ने बैंक ऑफ बड़ौदा, गरियाबंद शाखा का भ्रमण किया। यहाँ छात्राओं ने बैंकिंग गतिविधियों को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा। शाखा प्रबंधक राजेश कुमार ने छात्राओं को बैंकिंग के दैनिक कार्यों जैसे चेक भरना, नकद जमा करना और निकालना, आरटीजीएस/नेफ्ट के माध्यम से राशि हस्तांतरण, लॉकर सुविधा और खाता खुलवाने की प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने बैंकिंग में केवाईसी की अनिवार्यता पर भी प्रकाश डाला। बैंक के अन्य कर्मचारियों ने भी छात्राओं को विभिन्न विभागों की जानकारी दी।

ग्रामीणों में रोष | कार्यवाही नहीं किए जाने के विरोध में लगातार बढ़ते आक्रोश के बाद मामला और गरमाया

सीमेंट प्लांट के चौतरफा विरोध के बाद प्रशासन ने रोकी जनसुनवाई

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के संडी ब्लाक मे सीमेंट प्लांट के चौतरफा विरोध और उग्र धरना प्रदर्शन के बाद बैकफुट पर आई सरकार ने आखिरकार 11 दिसंबर को होने वाली जनसुनवाई को स्थगित करने के आदेश जारी किए । सप्ताह भर मे सीमेंट प्लांट का पूरे जिले में विरोध शुरू हो गया था । जनसुनवाई टालने संडी ब्लाक के खनन क्षेत्र के शामिल गांव के किसानों का आक्रोश पहले ही बढ़ गया था । 6 दिसंबर को छुईखदान एसडीएम कार्यालय का घेराव

करने भी उम्मीद से ज्यादा किसान अपना विरोध दर्ज कराने पहुँचे थे । ज्ञापन के बाद राजनांदगांव कवर्धा हाइवे भी कई घंटे जाम कर दिया गया था । जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही नही किए जाने के विरोध मे लगातार बढ़ते आक्रोश के बाद मामला और गरमा गया था । दो दिन पहले ही किसान बैठका मे छुईखदान पहुँचे पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भी किसानो की उपजाऊ जमीन मे सीमेंट प्लांट लगाए जाने का विरोध करते किसानो की मांगो पर सहमति दी थी । विपक्ष के जनप्रतिनिधि सहित सत्तापक्ष के कई स्थानीय नेता भी सीमेंट प्लांट के विरोध मे लगातार जनअभियान चलाकर जनसुनवाई स्थगित करने जूटे थे।

खैरागढ़ से लेकर राजनांदगांव तक विरोध फिर किया स्थगित

सीमेंट प्लांट के लिए होने वाली जनसुनवाई को रोकने क्षेत्र के किसानो के विरोध ने इतना विकराल रूप लिया कि सत्ताधारी दल के नेताओ को भी इसमे शामिल होना पड़ा । खैरागढ़ मे कई नेताओ ने इसका विरोध खुलकर किया तो कूछ अंदर से विरोध दर्ज कराते रहे । सीएम विष्णुदेव साय के राजनांदगांव दौरे के दौरान भी राजनांदगांव क्षेत्र के प्रमुख भाजपा नेताओ ने प्लांट के विरोध को देखते सीएम से जनसुनवाई स्थगित करने की मांग की थी । मंगलवार को खैरागढ़ क्षेत्र से भी बड़ी संख्या मे भाजपा नेता सीएम हाऊस रायपूर पहुँचे और जनसुनवाई को किसानो के पक्ष मे स्थगित करने की मांग रखी । जिसके बाद जिला कलेक्टर ने आदेश जारी किए।

मानव अधिकार विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

गरियाबंद/नवप्रदेश। ITS कॉलेज के नर्सिंग विभाग मे मानव अधिकार विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम मे नर्सिंग एवं फार्मेसी के छात्र- छात्राएं सम्मिलित हुए, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय यशवंत वासनीकर जी, अपर सत्र न्यायाधीश एवं फास्ट ट्रैक विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो), गरियाबंद रहे, जिन्होंने मानवाधिकार संरक्षण और लैंगिक अपराधों की रोकथाम पर मार्गदर्शन दिया। विशिष्ट अतिथि माननीय बी.आर. साहू, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, और माननीया कु. सीमा कंवर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, ने मानवाधिकारों की संवैधानिक व्यवस्था तथा न्यायालयिक प्रक्रियाओं पर जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में निर्देशक बी.पी. वर्मा (डायरेक्टर) नर्सिंग प्राचार्या सुश्री कांति ध्रुव, फार्मेसी प्राचार्य राहुल राठौर, तथा सभी HODs और स्टाफ की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सुचारू संचालन सुश्री क्षमा साहू ने किया। यह कार्यक्रम छात्रों में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और न्यायिक प्रणाली को समझने की दिशा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। समापन पर अतिथियों का सम्मान डिपार्टमेंट द्वारा किया गया।

न्यूज गैलरी

एसईसीएल खदान जलाशय 10 वर्ष के लिए पट्टे पर

मछली पालन के आवेदकों के लिए बड़ा अवसर

एमसीबी/नवप्रदेश। खड़गवां विकासखंड के चिरमिरी क्षेत्र स्थित एसईसीएल पोखरी/खदान जलाशय को मछली पालन हेतु 10 वर्षों के लिए पट्टे पर देने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कुल 18.50 हेक्टेयर रकबा पट्टा आवंटन के लिए उपलब्ध है। प्रशासन ने बताया कि प्राथमिकता क्रम में पंजीकृत मत्स्य सहकारी समितियाँ, मछुआ समूह, स्थानीय महिला स्व-सहायता समूह तथा मछली पालन में प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को मौका दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक विज्ञापन की तिथि से 15 दिनों के भीतर निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन सहायक संचालक, मत्स्य पालन कार्यालय एमसीबी में जमा कर सकेंगे। प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रखी जाएगी।

लालपुर की शासकीय भूमि का सीमांकन पूरा, 22 को दस्तावेज सत्यापन अनिवार्य

दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर राजस्व करेगा कार्रवाई

एमसीबी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत लालपुर स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 29, रकबा 139.70 एकड़ का सीमांकन कार्य 10 दिसंबर को राजस्व अमले द्वारा संपन्न किया गया। सीमांकन के दौरान यह तथ्य सामने आया कि उक्त भूमि पर कुल 86 व्यक्तियों को विभिन्न सक्षम अधिकारियों/निस्तार अधिकारियों द्वारा पट्टा दिए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है, किंतु मौके पर किसी भी व्यक्ति ने कोई वैध पट्टा या राजस्व अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया। राजस्व विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि खसरा क्रमांक 29 के सभी काबिज, दावेदार एवं पट्टाधारी अपने-अपने भूमि संबंधी मूल दस्तावेज– खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, विक्रय पत्र, नामांतरण, डायवर्सन पत्र, न्यायालयीन लंबित प्रकरणों की प्रति एवं अन्य भूमि अभिलेख– सहित 22 दिसंबर को प्रातः 11 बजे पंचायत भवन लालपुर में उपस्थित होकर दस्तावेजों का अनिवार्य रूप से सत्यापन कराएं। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि निर्धारित तिथि पर दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर यह माना जाएगा कि संबंधित व्यक्ति अपने पक्ष में कोई अभिलेख नहीं रखना चाहता। ऐसी स्थिति में उसके दावे को एकपक्षीय रूप से निरस्त करते हुए प्रशासन नियमानुसार आगे की राजस्व कार्यवाही करेगा।

मझौली शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए समितियों से आवेदन आमंत्रित

एमसीबी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत मझौली स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान (आईडी 532004083) के संचालन से सरपंच एवं सचिव द्वारा असमर्थता जताने के बाद जिला प्रशासन ने नए संचालक के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। प्रशासन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दुकान के संचालन हेतु अब पात्र संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं, ताकि राशन वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रह सके। प्रशासन के अनुसार आदिम जाति सहकारी समितियाँ, बहुउद्देशीय सहकारी समितियाँ, महिला स्व-सहायता समूह, वन सुरक्षा समितियाँ तथा नियमानुसार पात्र अन्य संस्थाएँ आवेदन प्रस्तुत कर सकती हैं।

किसानों से सीधा संवाद कर लिया फीडबैक, माइक्रो एटीएम सुविधा को बढ़ावा देने दिए निर्देश

धान खरीदी व्यवस्था का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

डीईओ काटने व धान उठाव पर प्रगति लाने के निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में धान खरीदी व्यवस्था को सुगम और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर विलास भोसकर ने आज विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खरीदी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए किसानों से सीधे संवाद कर धान खरीदी व्यवस्था की जानकारी ली।

कलेक्टर भोसकर सबसे पहले करजी धान उपार्जन केन्द्र पहुंचे, जहां उन्होंने पंजीकृत किसानों की संख्या, अब तक हुई खरीदी, पिछले वर्ष के विक्रय आंकड़े, डीईओ कटिंग, उठाव की स्थिति, मजदूरों का भुगतान, बारदाना एवं तिरपाल जैसी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने किसान श्री फूल साय से चर्चा कर धान विक्रय प्रक्रिया और उसकी पारदर्शिता पर फीडबैक लिया। किसान ने धान खरीदी व्यवस्था पर अपनी संतुष्टि जाहिर की। इसके बाद कलेक्टर ने दरिमा धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने धान खरीदी, डीईओ, उठाव और माइक्रो एटीएम की सुविधा का अवलोकन किया। इस के दौरान उन्होंने झिदकालो के किसान श्री अशोक कुमार सिंह से चर्चा की, किसान ने बताया कि उन्होंने घर बैठे 'किसान तुंहर टोकन' ऐप के माध्यम से अपना टोकन प्राप्त

किया था। केन्द्र पहुंचते ही उन्हें बारदाना उपलब्ध हो गया और बिना किसी परेशानी के धान विक्रय सम्पन्न हुआ। किसान अशोक ने कलेक्टर समक्ष माइक्रो एटीएम से राशि भी निकाली। इस पर कलेक्टर ने समिति प्रबंधक को निर्देश दिए कि माइक्रो एटीएम के उपयोग का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे किसानों को बैंक जाने की आवश्यकता कम पड़े। कलेक्टर ने नवानगर और कर्रा धान उपार्जन केन्द्रों का भी निरीक्षण कर खरीद एवं उठाव की स्थिति जानी। उन्होंने पंजीकृत किसानों की संख्या, अब तक हुई खरीदी, डीईओ कटिंग, उठाव, कैरी फॉरवर्ड किसानों, नवीन पंजीयन, रकबा समर्पण, बारदाना उपलब्धता तथा माइक्रो एटीएम सुविधा की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पोड़ी कला के एक किसान से भी सीधे कर उनका टोकन देखा और धान खरीदी व्यवस्था पर प्रतिक्रिया ली।

कलेक्टर ने किसान का बैंक पासबुक में नियमित रूप से इंट्री कराने की सलाह दी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, किसानों को समय पर बारदाना उपलब्ध कराया जाए, डीईओ और उठाव का कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरा करें, भुगतान में किसी भी प्रकार का विलंब न हो, किसानों के लिए माइक्रो एटीएम की सुविधा प्रभावी रूप से संचालित रहे तथा सभी समितियों में पारदर्शिता और अनुशासन पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी बी एस कांमठे, सीसीबी नोडल अधिकारी पीसी गुप्ता, डीएमओ अरुण विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

एसआईआर पुनरीक्षण में लापरवाही पर कलेक्टर सख्त: तहसीलदार निलंबित, कई अधिकारियों को नोटिस

बरेला, पथरिया और जरहागांव में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दी चेतावनी

मुंगेली/नवप्रदेश। एसआईआर पर सख्त हुए कलेक्टर, निर्देशों का अनुपालन न होने एवं धीमी प्रगति पर निलंबन समेत अधिकारियों को नोटिस जारी। कलेक्टर ने नगर पंचायत पथरिया, जरहागॉव, बरेला में पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने आज एस.आई.आर. कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के उद्देश्य से बरेला, नगर पंचायत जरहागांव, ग्राम फुलवारी, नगर पंचायत पथरिया सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशों का अनुपालन न होने एवं धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जाहिर की और जरहागाव तहसीलदार कमल किशोर पाटनवार को निलंबित करने तथा एसडीएम मुंगेली अजय शतरंज, जरहागॉव सीएमओ सुरेश कुमार गुप्ता, सीएमओ बरेला नरेश मसीह, फुलवारी सेक्टर अधिकारी लखनलाल कुर्रे, रोजगार

सहायक फुलवारी सुखदेव निषाद, बीएलओ एवं अभिहित अधिकारियों सहित अन्य संबंधित को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने एसआईआर में अनकलेक्टेबल एवं पलायित लोगों की संख्या अधिक होने, उसके स्पष्ट आंकड़े एवं जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण न होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने श्रेणी सी अंतर्गत स्थायी रूप से स्थानांतरित, दीर्घकालीन अनुपस्थित तथा पहले से पंजीकृत व्यक्तियों की गलत प्रविष्टी तथा स्थानांतरित व पहले से पंजीकृत व्यक्तियों के ईपिक नम्बर ना प्राप्त किए जाने पर बीएलओ और अभिहीत अधिकारी पर गहरी नाराजगी जताई। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत अथवा अनुपस्थित व्यक्तियों के नामों को हटाने और पहले से पंजीकृत प्रविष्टियों का अत्यंत सावधानीपूर्वक पुनरीक्षण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि लक्ष्य-आधारित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इस दौरान मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। आयोग के निर्देशानुसार अब 11 दिसम्बर तक घर-घर जाकर सत्यापन एवं गणना कार्य की तिथि निर्धारित की गई है। इसी तरह 16 दिसंबर को मतदाता सूचियों का प्रारूप का प्रारंभिक प्रकाशन तथा 15 जनवरी 2026 तक दावा एवं आपत्तियां ली जायेगी। 07 फरवरी 2026 तक सुनवाई एवं सत्यापन का कार्य किया जायेगा। इसके उपरांत 14 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। ऐसे मतदाता जिनका ड्राफ्ट सूची के प्रकाशन में नाम नहीं रहेगा, वे 16 दिसम्बर से 15 जनवरी तक नाम जुड़वाने हेतु दावा-आपत्ति कर सकते हैं। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने व दावा-आपत्ति के लिए समुचित दस्तावेज जमा नहीं करने पर अंतिम प्रकाशन सूची में ऐसे मतदाताओं का नाम विलोपित रहेगा।

ग्राम स्वराज अभियान के तहत उपसरपंचों का प्रशिक्षण जारी

एमसीबी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में नवनिर्वाचित उपसरपंचों के लिए आयोजित त्रि-दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आज जल जीवन मिशन पर एक महत्वपूर्ण तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया।

यह सत्र अमृत सदन, जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के सभाकक्ष में जिला पंचायत संसाधन केंद्र (डीपीआरसी) द्वारा संचालित किया गया। सत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के विशेषज्ञों ने जल जीवन मिशन की कार्यप्रणाली, संचालन-संधारण की प्रक्रिया, शासन के राजपत्र प्रावधान, तथा ग्राम पंचायतों को पेयजल योजनाओं के हस्तांतरण की विधि पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि/यां.)
संभाग बिलासपुर (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-3669/NIT-03/2025-2026/ व ले लि दिनांक: 09.12.2026

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 22.12.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 29.12.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 30.12.2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे से
कार्य की अवधि :- 30.06.2026 वर्षा ऋतु सहित
निविदाकारों की श्रेणी : ई पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र की राशि (रु. में)	अमानत राशि (रु. में)
03 T0045	शासकीय कालेज पेण्ड्रा जिला जीपीएम के पुरूष एवं महिला टायलेट में विद्युतीकरण कार्य	1.00	300.00	2000.00
03 T0046	एम.आर.एस. कालेज जिला जीपीएम के टायलेट में विद्युतीकरण कार्य	0.21	300.00	2000.00
03 T0047	हाई स्कूल भवन लरकानी ब्लाक मरवाही जिला जीपीएम में विद्युतीकरण कार्य	7.25	750.00	5438.00
03 T0048	शासकीय हाई स्कूल धाराशीव खोखरा ब्लाक नवागढ़ जिला जांजगीर में विद्युतीकरण कार्य	6.66	750.00	4995.00
03 T0049	2 नग आई टाईप ज्युडिशियल स्टाफ क्वार्टर नवागढ़ जिला जांजगीर में विद्युतीकरण कार्य	1.51	300.00	2000.00
03 T0050	2 नग एच टाईप ज्युडिशियल स्टाफ क्वार्टर नवागढ़ जिला जांजगीर में विद्युतीकरण कार्य	1.80	300.00	2000.00
03 T0051	कन्या महाविद्यालय जाज्वल्यदेव जिला जांजगीर चांपा के अतिरिक्त कक्ष में विद्युतीकरण कार्य	5.37	750.00	5000.00
03 T0052	डी-1 नहर से पथरीकापा ब्लाक लोरमी जिला मुंगेली में एचटी एवं एलटी लाईन शिफ्टिंग का कार्य	5.54	750.00	5000.00
03 T0053	अखरार से शमसान रोड ब्लाक लोरमी जिला मुंगेली में एचटी एवं एलटी लाईन शिफ्टिंग का कार्य	5.54	750.00	5000.00
03 T0054	जिला न्यायालय भवन मुंगेली के लॉयर हाल, डिजीटल कम्प्युटर कक्ष एवं टायलेट में विद्युतीकरण कार्य	4.79	750.00	4790.00
03 T0055	सिविल कोर्ट कोटा ब्लाक कोटा जिला बिलासपुर के पुरूष, महिला, दिव्यांग एवं ट्रांसजेंडर टायलेट में विद्युतीकरण कार्य	1.44	300.00	2000.00
03 T0056	फेमिली कोर्ट मुंगेली के टायलेट में विद्युतीकरण कार्य	0.59	300.00	1180.00
03 T0057	डी टाईप क्वार्टर मुंगेली के अतिरिक्त कक्ष एवं लाईब्रेरी कक्ष में विद्युतीकरण कार्य	0.83	300.00	1660.00
03 T0058	फेमिली कोर्ट मुंगेली में सबमर्सिबल पंप सेटर प्रदाय एवं स्थापना का कार्य	0.70	300.00	1400.00
03 T0059	डी-1 टाईप जज बंगला जिला मुंगेली में विद्युतीकरण कार्य	1.14	300.00	2000.00
03 T0060	हाई स्कूल भवन साजापानी ब्लाक कोटा जिला बिलासपुर में विद्युतीकरण कार्य	6.17	750.00	5000.00
03 T0061	हाई स्कूल भवन दर्री विजयपुर ब्लाक तखतपुर जिला बिलासपुर में विद्युतीकरण कार्य	6.87	750.00	5153.00
03 T0062	शासकीय निरंजन केशरवानी कालेज कोटा जिला बिलासपुर में विद्युतीकरण कार्य	2.28	750.00	2280.00

नोट:- 1. निविदा आमंत्रण में दर्शाये गये कार्य अनुसार पृथक-पृथक कार्य हेतु अमानत राशि पृथक प्रस्तुत करना होगा। 2. निविदा फार्म का लिफाफा 2 एवं अमानत राशि हेतु लिफाफा 3 को एक बड़े लिफाफा-1 के अंदर निविदा सूचना क्रमांक एवं ग्रुप क्रमांक डाल कर पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करना होगा। अलग अलग कार्य हेतु अलग अलग लिफाफा प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा खोली नहीं जायेगी। 3. निविदा फार्म के साथ अमानत राशि (टी.डी.आर./एफ.डी.आर) के लिफाफा के अंदर 100/- का शपथ पत्र डालना अनिवार्य है। 4. आवेदन के जीएसटी नंबर संलग्न करना अनिवार्य है। 5. वित्तीय वर्ष 2024-25 का जीएसटी रिटर्न की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। 6. ईपीएफ नंबर की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-252605359/1

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभावि यां.)
संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

डीएफओ अभिनव कुमार को मिला दिल्ली में एमएफओआई अवार्ड

मुंगेली/नवप्रदेश। वनमंडल डीएफओ अभिनव कुमार को दिल्ली में कृषि जागरण एमएफओआई अवार्ड से सम्मानित किया गया। वनमंडल में औषधीय पौधों के सघन रोपण और ऑग्मेंटेशन कार्य में मिली उल्लेखनीय सफलता को देखते हुए उन्हें यह सम्मान मिला।

जिले में वन पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, जैवविविधता संरक्षण को बढ़ावा देने तथा वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों की आजीविका संवर्धन के लिए किए गए कार्यों की व्यापक सराहना की जा रही है। वन विभाग द्वारा किए गए औषधीय पौधों के रोपण का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ जंगलों का निर्माण, समुदायों का सशक्तिकरण तथा पारंपरिक औषधीय परंपरा को पुनर्जीवित करना है। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि आदिवासी एवं वन - सीमा क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के स्वास्थ्य और आजीविका से भी गहराई से जुड़ी हुई है। आयुर्वेदिक पौधों की खेती को प्रोत्साहन मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। पौधों की नर्सरी, रोपण, संरक्षण और प्रसंस्करण से जुड़े कार्यों ने लोगों की आय बढ़ाने में अहम योगदान दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि औषधीय पौधों के उत्पादन से छत्तीसगढ़ को हर्बल स्टेट के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य और मजबूत हुआ है। डीएफओ अभिनव कुमार को मिला यह राष्ट्रीय सम्मान न सिर्फ वनमंडल बल्कि पूरे मुंगेली जिले के लिए गौरव का विषय है। उनके नेतृत्व में चला औषधीय रोपण अभियान जिले की पर्यावरणीय समृद्धि, सामुदायिक विकास और पारंपरिक औषधीय विरासत के संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ है। अभियान से परंपरागत ज्ञान को नया जीवन औषधीय पौधों का रोपण अभियान परंपरागत वनौषधि ज्ञान को संरक्षित करने और युवा पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। अभियान के तहत आदिवासी समुदायों को प्रशिक्षण देकर औषधीय पौधों के महत्व और उपयोग के बारे में जागरूक किया गया, जिससे उनमें प्राकृतिक संसाधनों के प्रति स्वामित्व और संरक्षण की भावना बढ़ी है। इस उपलब्धि के पीछे छत्तीसगढ़ औषधि पादप बोर्ड की सक्रिय भूमिका भी रही है।

रात 7 बजे से सुबह 6 बजे तक शासकीय धान का उठाव पूर्णत: प्रतिबंधित

एमसीबी/नवप्रदेश। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारु, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से शासन के निर्देशों के साथ अतिरिक्त सख्त दिशानिर्देश जारी किए हैं। जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में इन नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों, राइस मिलरों और परिवहनकर्ताओं को दिए गए हैं।मुख्य निर्देश इस प्रकार– रात 7:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक शासकीय धान का उठाव पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। राइस मिलर एवं परिवहनकर्ता अपनी गाड़ियों की आवाजाही इसी समय-सीमा के अनुरूप सुनिश्चित करेंगे। शाम 7:00 बजे से पहले उपार्जन केंद्र से रवाना होने वाले सभी वाहनों में अनिवार्य दस्तावेज वाहन के साथ उपलब्ध होने चाहिए, ताकि निरीक्षण के दौरान तत्काल प्रस्तुत किए जा सकें। राइस मिल/परिवहनकर्ता का वाहन उपार्जन केंद्र में प्रवेश करते ही केंद्र प्रभारी को इसकी सूचना सहायक नोडल अधिकारी को देनी होगी। गेट पास ऐप में आवश्यक प्रविष्टि करने के बाद केंद्र प्रभारी को वाहन के साथ स्वयं की फोटो सहायक नोडल को भेजना अनिवार्य होगा। वाहन की निकासी के समय भी लोडेड वाहन की फोटो तथा प्रस्थान की तत्काल सूचना सहायक नोडल अधिकारी को भेजी जाएगी। उपार्जन केंद्र में वाहन के प्रवेश और निकासी का संपूर्ण विवरण–वाहन क्रमांक, आगमन समय, प्रस्थान समय, चालक का नाम एवं हस्ताक्षर–पंजी में दर्ज किया जाएगा।

नृतक दलों से 15 तक आवेदन आमंत्रित

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला प्रशासन मुंगेली द्वारा वर्ष 2025-26 में आयोजित होने वाले अनुसूचित जाति लोक कला महोत्सव अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम हेतु नृतक दलों से 15 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि कार्यक्रम में चयनित नर्तक दल को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक / 999 / न.पा.प./ लो.नि.वि./ ई-टेण्डर/2025-26 कवर्धा, दिनांक 10/12/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित व्यय (रूपये लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	System Tender No. 181441 Supply and Installation of electrical Online Automatic water chlorination Dosing system for Tubewell and water supply Schemes at Various location in Municipal Council Kawardha (1st call)	33.22	30-12-2025
2	System Tender No. 181480 Construction of RCC culvert & Cc Road Near Dabri ward No. 08 at Kawardha (1st call)	28.00	30-12-2025
3	System Tender No. 181502 Installation of Non Electric Chlorination Unit on borewell Various Location In Municipal Council Kawardha	29.85	30.12.2025

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद कवर्धा

अवैध धान परिवहन पर जिला प्रशासन की कार्रवाई

■1800 बोरी धान सहित 15 वाहन जब्त

■ कुरकुटी बॉर्डर पर नदी में पकड़ी गई तस्करी, 50 बोरी धान बरामद

एमसीबी/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देश और एसडीएम भरतपुर शशि शेखर मिश्रा के मार्गदर्शन में अवैध धान परिवहन के खिलाफ जिले में अब तक की सबसे व्यापक और तेज कार्रवाई जारी है। राजस्व, खाद्य और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें सीमावर्ती क्षेत्रों, नदी मार्गों, आंतरिक सड़कों और खरीदी केंद्रों के आसपास लगातार चौबीसों घंटे निगरानी कर रही हैं। लगातार सघन कार्रवाई के परिणामस्वरूप अब तक 1800 बोरी धान और 15 वाहन जब्त किए गए हैं, जिन्हें जनकपुर, कोटाडोल और कुंवारपुर पुलिस चौकियों में सुरक्षित रखा गया है। प्रशासन का अनुमान है कि यदि ये वाहन पकड़े न जाते तो प्रत्येक वाहन के कई चक्कर लगने से धान की तस्करी करोड़ों का नुकसान पहुँचा सकती थी। फ्लाइंग स्क्वाड टीम का नेतृत्व नायब तहसीलदार महेंद्र साहू और खाद्य निरीक्षक प्रवीण मिश्रा कर रहे हैं। बीती रात कुरकुटी बॉर्डर पर नदी मार्ग से तस्करी करते 50 बोरी धान जब्त किया गया। पिछले 22 दिनों में लगभग 22 लाख रुपये मूल्य का धान अवैध परिवहन से पकड़ा जा चुका है। सीमा और आंतरिक मार्गों पर 12 नाके स्थापित किए गए हैं, तथा सभी नौ धान खरीदी केंद्रों पर सुरक्षा और मॉनिटरिंग को और मजबूत किया गया है। जनकपुर थाना में 12, कुंवारपुर चौकी में 2 और कोटाडोल थाने में 1 वाहन जब्त हैं, जो दर्शाता है कि प्रशासन तस्करी में उपयोग होने वाले वाहनों पर भी कड़ा शिकंजा कस रहा है। राजस्व, खाद्य और पुलिस विभाग का यह संयुक्त अभियान पारदर्शी खरीदी प्रक्रिया, किसानों के हितों की सुरक्षा और अवैध व्यापार पर निर्णायक नियंत्रण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। स्पष्ट संदेश दिया गया है कि जिले में अवैध धान परिवहन पर अब किसी भी स्तर पर कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. (भ/स) संभाग जशपुर
प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-4354/NIT-2/2025-2026/ व ले लि दिनांक- 10/12/2025

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथिः- 18/12/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों दवारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथिः- 26/12/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 29/12/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में)
1	2	3
2 T0062	लो.नि.वि. उपसंभाग कुनकुरी अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं पेंटिंग का कार्य	10.00 7500.00 150000.00

टीप :-
1. निविदा प्रपत्र की कीमत रु. 750/- प्रति नग
2. कार्य पूर्णता की अवधि 03 माह वर्षाऋतु सहित

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-252605406/3

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि.(भ/स) संभाग जशपुर

डीएलएस महाविद्यालय का युवा प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास प्रशंसनीय: वाजपेयी

उच्च शिक्षा विभाग व डीएलएस महाविद्यालय की मेजबानी में आयोजित सेक्टर लेवल क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगारंग समापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। क्रिकेट के आयोजन हमें एक ऐसी दुनिया में ले जाते है जहाँ हर गेंद, हर शॉट और हर निर्णय–जीवन के किसी न किसी सत्य को प्रतिबिंबित करता है परिस्थिति नहीं, प्रतिक्रिया हमें महान बनाती है। टीम-वर्क किसी भी अकेली प्रतिभा से अधिक शक्तिशाली होता है। जीत आपके नाम को चमका सकती है पर हार आपके चरित्र को तराशती है। क्रिकेट हमें यह भी सिखाता है कि हर खिलाड़ी अपनी पारी खेलता है। खेल हमें स्थिरता सिखाते हैं, सिखाते हैं कि कैसे अपने भीतर शांति रखते हुए दबाव के क्षणों में भी सही निर्णय लिया जाए।

उक्त बातें आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान व डी एल एस महाविद्यालय की मेजबानी में आयोजित सेक्टर लेवल क्रिकेट प्रतियोगिता के रंगारंग समापन समारोह में मुख्य अतिथि की आसन्दी से व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथियों में डॉ प्रमोद तिवारी निदेशक स्पोर्ट्स विभाग अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर, संजय दुबे चेयरमैन सी एम डी कॉलेज, संजय सिंह, प्राचार्य, सी.एम.डी. कॉलेज; डॉ अजय श्रीवास्तव, चेयरमैन, आधारशिला विद्यामंदिर रहे समारोह की अध्यक्ष चेयरमैन निशा बसंत शर्मा, प्राचार्य डॉ. प्रताप पाण्डेय, विनायक शर्मा, सी.ई.ओ. राकेश दीक्षित भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के क्रीड़ा अधिकारियों में डॉ. अजय सिंह बसंत आंचल, अजय मिश्रा, संतोष बाजपेयी, प्रमोद तिवारी, डॉ. देवार्शी चौबे, डॉ. आलोक शर्मा, शेख शाहिद, मनीष सक्सेना, जगदीश यादव, आशीष बाजपेयी व पी.एस. ढल्ला, डॉ. क्षमा त्रिपाठी, डॉ. नेहा बेहार , डॉ. संजय दुबे, डॉ. सुमित दुबे, राजेश सिंह तथा रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी शेख अफरीदी एवं हिमानी तिवारी सहित मिठु अधिकारी, श्वेता जायसवाल, शुभम पाण्डेय, चैतन्य जाधव, महिमा जाधव, स्वाती श्रीवास, मोतीलाल पटेल, सुशील पटेल, सुशील यादव, श्रद्धा कश्यप, मिनी गुप्ता, वर्षा श्रीवास, अनुव्रत शर्मा, प्रिया द्विवेदी, प्रगति सुमन, ऋचा वाइक्लिफ, पंकज गुप्ता, कृति शर्मा, नितीश साहू, राजू वर्मा एवं सीमा शर्मा की उपस्थिति रही।

फाइनल मुकाबला सीएमडी कॉलेज ने जीता

माँ वीणापाणि सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ, शॉल, श्रीफल, स्मृति चिह्न से स्वागत किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सी.एम.डी. कॉलेज एवं डी.एल.एस. पी.जी. कॉलेज के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सी.एम.डी. कॉलेज ने निर्धारित ओवरों में 151 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए डी.एल.एस. पी.जी. कॉलेज की टीम 113 रन पर ऑलआउट हो गई। सी.एम.डी. कॉलेज विजेता तथा डी.एल.एस.कॉलेज उपविजेता रहा। मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज दोनों की ट्रॉफी सनी पाण्डेय व बेस्ट बैट्समैन की ट्रॉफी प्रथम सिंह को मिली।

न्यूज गैलरी

विद्यार्थियों को साइकिल वितरित

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत आज 11 दिसंबर को सुबह 9 बजे आंध्र समाज स्कूल, बुधवारी बाजार, रेलवे परिक्षेत्र में कुल 50 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय तक आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है, जिससे उनकी शिक्षा में निरंतरता बनी रहे। साइकिल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री प्रकाश यादव,पार्षद वार्ड नंबर 69, एम आई सी मेंबर नगर निगम बिलासपुर उपस्थित रहे। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन सरस्वती सायकल योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। विद्यालय के प्राचार्य डी.रमम ने शासन एवं शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया और बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के स्कूल प्रबंधक वर्ग के अध्यक्ष एन रमना मूर्ति, कोषाध्यक्ष टी रमेश बाबू उपस्थित थे।

धान खरीदी प्रक्रिया बनी मुसीबत, बाहर बेचने पर किया जा रहा जब्त

वन पट्टाधारी किसानों की समर्थन मूल्य में नहीं हो रही धान खरीदी, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत करहीकछार के वन अधिकार पट्टाधारी किसानों ने इस वर्ष अपनी वन भूमि से प्राप्त धान की खरीदी नहीं होने पर गंभीर आपत्ति जताते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। किसानों का आरोप है कि पिछले तीन वर्षों से शासन द्वारा वन पट्टों की भूमि पर उत्पादित धान की खरीदी की जा रही थी, लेकिन इस वर्ष अचानक प्रक्रिया रोक दिए जाने से वे भारी संकट में हैं।

किसानों ने बताया कि वे तीन वर्षों से वनाधिकार पट्टे की भूमि में कृषि कर धान उत्पादन कर रहे हैं और शासन के ऑनलाइन पोर्टल में उनकी भूमि दर्ज भी है। इसके बावजूद खरीदी केंद्रों में उनका पंजीयन स्वीकार नहीं किया जा रहा। किसानों का कहना है कि वे समय पर फसल काटकर बैलद्वारा और अन्य साधनों से खरीदी केंद्र तक पहुंचाते हैं, लेकिन ऑनलाइन सत्यापन के अभाव में धान जमा नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि करहीकछार के शिवकुमार, सोहरन, बुटेरी, राजाराम, रितेश कमार, रामदयाल सहित अन्य कई किसानों की वन भूमि पूरी तरह मान्य है, फिर भी इस बार खरीदी में किसी तरह की सुनवाई नहीं की जा रही। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो उनकी वार्षिक आय प्रभावित होगी और परिवार आर्थिक संकट से जूझने को मजबूर हो जाएंगे।

किसानों ने कलेक्टर से की मांग

किसानों ने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि वन पट्टाधारी किसानों के धान खरीदी को पूर्ववत बहाल किया जाए तथा सत्यापन प्रक्रिया को सरल कर तत्काल पंजीयन स्वीकृत किया जाए। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि उनके पास पिछले वर्ष बेचे गए धान की पावती भी उपलब्ध है, फिर भी इस वर्ष किसी प्रकार का तकनीकी या प्रशासनिक आधार बताकर खरीदी रोकी जा रही है। किसानों ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उनका परिवार गहरे आर्थिक संकट में आ जायेगा।

पत्नी के सिर पर सब्बल से वार कर हत्या, फरार आरोपी पति गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। चरित्र शंका में पत्नी के सिर पर सब्बल से वार कर हत्या करने वाले फरार पति को कोनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार आज 11 दिसंबर को कोनी पुलिस को सूचना मिली कि लोफ़दी फोकटपारा में पुसऊ राम केवट के दामाद जितेंद्र केवट ने अपनी पत्नी संतोषी केवट की सिर में लोहे के सब्बल से वार कर हत्या कर दिया हैं घटना को अंजाम देकर फरार हो गया हैं प्राप्त सूचना के संबंध में तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को अवगत कराया गया जिनके द्वारा तत्काल आरोपी को पकड़ने गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया प्रार्थीया कुंती केवट की रिपोर्ट पर मर्ग व अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल के मार्गदर्शन व निरीक्षक भावेश शेंडे के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर संभावित स्थानों में दबिश दी गई आरोपी दिगर राज्य भागने के फिराक में था जिसे पुलिस टीम द्वारा सूझबूझ से व अथक प्रयास कर पकड़कर पुलिस अभिरक्षा में लिया आरोपी से पूछताछ कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही हैं।

एनटीपीसी के उमंग मेले में विज्ञान की चमक विरानी पब्लिक स्कूल को मिला तीसरा स्थान

■ **77 बाल वैज्ञानिकों की प्रस्तुति, आधुनिक विज्ञान मॉडल्स ने बटोरी सराहना**

सीपत/नवप्रदेश। एनटीपीसी सीपत द्वारा आयोजित उमंग मेला के अंतर्गत भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें बिलासपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। प्रदर्शनी में जूनियर एवं सीनियर वर्ग के नन्हें बाल वैज्ञानिकों ने विज्ञान और गणित पर आधारित अपने-अपने नवाचारी प्रोजेक्ट्स का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। सीनियर वर्ग में कुल 77 प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए गए, जिनमें बच्चों ने आधुनिक विज्ञान के मॉडल्स, ऊर्जा संरक्षण, वैकल्पिक ईंधन और तकनीकी नवाचारों को सरल व आकर्षक ढंग से प्रदर्शित कर खूब वाहवाही बटोरी। यह बाल विज्ञान मेला महिला संगवारी समिति, एनटीपीसी सीपत के तत्वावधान में आयोजित हुआ। परिणामों की घोषणा में प्रथम स्थान स्टीम टी प्रोजेक्ट (बाल भारती पब्लिक स्कूल, सीपत), द्वितीय स्थान बायोडीजल प्रोजेक्ट (बाल भारती पब्लिक स्कूल, सीपत) तथा तृतीय स्थान पैडल पावर जनरेटर मशीन के लिए विरानी पब्लिक स्कूल, सीपत को प्रदान किया गया। इस अवसर पर महिला संगवारी समिति की अध्यक्षा साधना पांडेय ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए सफल आयोजन के लिए समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की भावना को बढ़ावा मिलता है।

विद्यार्थियों की उपलब्धि की सराहना

विरानी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों की उपलब्धि पर विद्यालय की संचालक नसीम विरानी एवं प्राचार्या श्रीमती तारागिरी ने छात्रों की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और देश–प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। विद्यालय की ओर से विज्ञान प्रदर्शनी प्रभारी रितु डोंगरे तथा गणित प्रदर्शनी के लिए ओमप्रकाश यादव का योगदान सराहनीय रहा। कुल मिलाकर, उमंग मेले की विज्ञान प्रदर्शनी ने छात्र–छात्राओं की प्रतिभा, नवाचार और वैज्ञानिक सोच को नया मंच प्रदान किया, जो क्षेत्र के लिए प्रेरणास्पद सिद्ध हुआ।

शिक्षकों की वरिष्ठता सूची जारी, दावा- आपत्ति आज तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के मिडिल व प्राइमरी स्कूलों के शिक्षकों की वरिष्ठता सूची जारी की गई है। दावा आपत्ति के लिए 12 दिसंबर तक का समय दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने नियमित एवं एलबी संवर्ग के प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला, शिक्षक एवं प्रधानपाठक प्राथमिक शाला, व्यायाम शिक्षक, सहायक शिक्षक, सहायक शिक्षक विज्ञान, शिक्षक नियमित, सहायक शिक्षक (डीपीएड, बीपीएड प्रशिक्षित) की 1 अप्रैल की स्थिति में अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया है।

भिलाई तक नाम कैसे गया? विजय केशरवानी ने भाजपा पर लगाया साजिश का आरोप

बिलासपुर /नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और बेलतरा विधानसभा से कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी रहे विजय केशरवानी ने आज पत्रकार वार्ता में निर्वाचन आयोग और भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ गड़बड़ प्रक्रियाओं के कारण कांग्रेस कार्यकर्ता और प्रतिबद्ध मतदाता जानबूझकर टारगेट किए जा रहे हैं। उन्होंने दस्तावेजी प्रमाणों के साथ यह दावा दोहराया कि उनका पुराना निवास – वर्षों से परिवार का पता – नर्मदा नगर है, परंतु हालिया जांच में उनका नाम बिलासपुर की मतदाता सूची से हटाकर भिलाई के एक वार्ड में शामिल पाया गया। विजय ने इसे लिपिकीय त्रुटि मानने से इनकार करते हुए कहा कि यह सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान विजय केशरवानी ने बताया कि उनकी ओर से वर्षों पहले भरे गये नामांकन फॉर्म, बीएलओ के समक्ष एसआईआर के समय जमा किए गए दस्तावेज और 2003 की मतदाता सूची–इन सभी में उनका पता स्पष्ट रूप से बिलासपुर में है। इसके बावजूद उनका नाम भिलाई के वार्ड क्रमांक 54 की सूची में दिखना न केवल अटपटा है, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। विजय ने कहा, 'मैं खुद प्रत्यक्ष प्रमाण हूँ – मेरे साथ जो हो सकता है, वह किसी और के साथ भी हो सकता है। इसलिए हर कांग्रेस कार्यकर्ता और प्रतिबद्ध मतदाता को सतर्क रहना होगा।' विजय केशरवानी ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपने संगठन के माध्यम से पुख्ता जानकारी जुटाई है कि दर्जन भर से अधिक मतदाताओं के नामों को किसी एक विधानसभा से दूसरे विधानसभा अथवा एक जिले से दूसरे जिले में धकेला गया है, जबकि वे मूलतः बिलासपुर के निवासी हैं।

पुराने बस स्टैंड में व्यापारियों ने दिया धरना

नगर निगम पर लगाया मनमानी का आरोप

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुराना बस स्टैंड के पुराने व्यापारियों ने आज धरना आंदोलन किया और नगर निगम पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई और मनमानी का आरोप लगाया । व्यापारी संघ के सदस्य राजेश गुप्ता ,गोविंद राम पमनानी और परस बजाज ने बताया 40 वर्ष पहले यह दुकाने उन्हें अलट की गई थी बाद में उन्हें अवैध बता कर तोड़ दिया गया। जबकि निगम इसका किराया लेता रहा। इसकी सारी रसीद मौजूद है । इन व्यापारियों को नए परिसर में दुकान देने का वादा किया गया था लेकिन अब इसकी नीलामी की जा रही है और नए लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। लीज खत्म होने के बाद भी नगर निगम इन 55 दुकानों का किराया लेते रहा है पूर्व निगम आयुक्त रानू साहू ने इन व्यापारियों से पूरी व्यवस्था का वादा किया था लेकिन नए आयुक्त ने इसे पूरा अवैध करार दे दिया व्यापारियों ने बताया कि वह 100 से अधिक बार आयुक्त से मुलाकात कर चुके हैं लेकिन कोई हल नहीं निकला है। यह स्थिति बनी रही तो व्यापारी उग्र आंदोलन करने पर विवश हो जाएंगे ।आज धरने में पुराने व्यापारी संतोष विश्वकर्मा विश्वा नारायण पांडे अजीत छाबड़ा लक्ष्मण श्रीवास गोविंद राम पमनानी यशु अजमानी और राजेश गुप्ता सहित बहुत से पुराने व्यापारी शामिल थे । स्थिति पर नियंत्रण के लिए पूरे समय पुलिस बल तैनात रहा ।

अग्रवाल सेवा समिति के प्रयास से भारतीयनगर मुक्तिधाम में नवनिर्माण कार्य जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। अग्रवाल सेवा समिति के तत्वावधान में भारतीय नगर मुक्तिधाम के संधारण रखरखाव जिणोर्धर नवनिर्माण का कार्य व्यापक रूप से चल रहा, मुक्तिधाम में हो रहे समस्त कार्य सामाजिक दानदाताओं के सहयोग से चल रहा, वर्तमान समय अग्रवाल सेवा समिति द्वारा भारती नगर मुक्तिधाम में व्यवस्थित गार्डन, पार्किंग, सैड एवं बैठक का निर्माण, अंत्येष्टि चबूतरा निर्माण दशगात्र एवं अन्य कार्यों हेतु बैठक व्यवस्था के साथ-साथ लाइट पंखा वाटर कूलर फव्वारा वृक्षारोपण बाथरूम स्नानघर मुक्तिधाम के अंतर्गत नई सीसी रोड का निर्माण पूरे परिसर को सीसीटीवी कैमरा लगाकर सुरक्षित करने हेतु परमानेंट गार्ड,माली, पर्सनल सफाई कर्मी लेबर सभी आवश्यक व्यवस्था की जा रही है सेवा समिति के सदस्यों को निरंतर नगर निगम प्रशासन, जिला प्रशासन एवं बिलासपुर विधायक का सहयोग प्राप्त हो रहा है चल रहे निर्माण कार्य के निरीक्षण हेतु नगर पालिका निगम आयुक्त अमित कुमार भारतीय नगर मुक्तिधाम पहुंचे कुछ अन्य विशेष बचे कार्यों की आवश्यकता को समझते हुए तत्काल करवाने आश्वस्त किया।

मांग केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, सांसद विवेक तनखा, बृजमोहन अग्रवाल और ज्योत्सना से प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

हवाई संघर्ष समिति ने दिल्ली में बिलासपुर एयरपोर्ट और हवाई सुविधा की मुहिम तेज की

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल आज सुबह 8 बजे दिल्ली पहुंचा और आते साथ ही उसने बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास और नई उड़ानों की मांग के लिए अपनी मुहिम प्रारंभ कर दी। सुबह 10 बजे प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्य केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के निवास स्थान पहुंचे जहां सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई मुलाकात में बिलासपुर के सांसद और राज्य मंत्री श्री साहू ने एयरपोर्ट की आवश्यकता और उसकी मुहीम को सही बताया।

साथ ही साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करने के लिए आवश्यक निर्देश अपने स्टाफ को दिए। समिति ने कल इन मुलाकातों के सरकार होने की उम्मीद जाहिर की है। हवाई सुविधा जनसंख्या समिति के प्रतिनिधि मंडल को सभी राजनेताओं के द्वारा सहयोग और समय प्रदान किया गया कल समिति के द्वारा राष्ट्रीय धरना स्थल जंतर मंतर पर दोपहर 2 बजे से एक सांकेतिक धरने का आयोजन भी किया गया है जिसमें प्रतिनिधिमंडल के अलावा दिल्ली में उपस्थित बिलासपुर और छत्तीसगढ़ के नागरिकों से शामिल होने की अपील की गई है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल जो दिल्ली में महिम चल रहा है उसमें सर्व रामशरण यादव अशोक भंडारी बद्री यादव समीर अहमद बबला विजय वर्मा मनोज श्रीवास दीपक कश्यप गोपी राव शेख नजीरुद्दीन नरेंद्र बॉलर सोमनाथ यादव प्रकाश बहरानी राजेंद्र शुक्ला देवी सिंह बद्री प्रसाद केवट परसराम केवट प्रशांत सिंह शिरीष कश्यप आशीष खत्री शिरीष कश्यप अकील अली और और सुदीप श्रीवास्तव शामिल है ।

महानगरों तक सीधी उड़ान की मांग पर जोर

प्रतिनिधिमंडल के द्वारा राज्यसभा के वरिष्ठ सांसद विवेक तंखा और छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता और सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा कोरबा की संसद ज्योत्सना महंत के साथ मुलाकात की और बिलासपुर एयरपोर्ट के 4 सी श्रेणी में उन्नयन और सभी महानगरों तक सीधी उड़ान की अपनी मांग को बल दिया। समिति के द्वारा रक्षा मंत्रालय के कब्जे वाली जमीन के मामले का भी तत्काल निपटारा किए जाने की मांग सभी सांसदों के सामने रखी।

दिल्ली-एनसीआर में इस बार पॉल्यूशन का 'टॉक्सिक कॉकटेल'

दिल्ली। इस साल अक्टूबर से शुरू हुआ दिल्ली-एनसीआर का प्रदूषण अब दिसंबर तक लंबा खिंच गया है। हवा की गुणवत्ता लगातार बहुत खराब से गंभीर बनी रही, जबकि पराली जलाने का योगदान बहुत कम रहा। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की नई रिपोर्ट 'टॉक्सिक कॉकटेल ऑफ पॉल्यूशन ड्यूरिंग अर्ली विंटर इन दिल्ली-एनसीआर' में बताया गया है कि लोकल स्त्रोतों से निकलने वाला प्रदूषण अब मुख्य विलेन बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम 2.5 के साथ-साथ नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड के स्तर भी बढ़े हैं, जो एक जहरीला मिश्रण बना रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि छोटे-छोटे कदम अब काम नहीं आएंगे, बल्कि वाहनों, उद्योगों और बिजली संयंत्रों से उत्सर्जन कम करने के लिए बड़े बदलाव जरूरी हैं।

वैज्ञानिक तथ्य: ये इलाके न सिर्फ स्टैंडर्ड से ऊपर हैं, बल्कि शहर के औसत से भी ज्यादा प्रदूषित हैं। उत्तर और पूर्वी दिल्ली सबसे प्रभावित।

कारण: ट्रैफिक, उद्योग, कंस्ट्रक्शन और कचरा जलाने से धूल और गैसें बढ़ रही हैं. रिपोर्ट कहती है कि ये हॉटस्पॉट अब स्थाई हो गए हैं, चार साल से लगातार बने हुए।

ईडी और एटीएस ने 40 ठिकानों पर मारे छापे

मुंबई(आईएएनएस)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के पाडघा के पास ईडी और एटीएस की संयुक्त अभियान ने पूरे इलाके में हलचल मचा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और महाराष्ट्र एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) की टीमें बुधवार-गुरुवार मध्य रात्रि ही कार्रवाई शुरू कर दी। कई आवासीय परिसरों पर एक साथ सर्च ऑपरेशन चलाया। सूत्रों के अनुसार, संयुक्त कार्रवाई का दायरा केवल ठाणे तक सीमित नहीं है। महाराष्ट्र में करीब 40 जगहों पर एक साथ छापेमारी की गई है। यह पूरी कार्रवाई आतंक से जुड़े संदिग्ध वित्तीय लेनदेन की जांच से जुड़ी हुई है। ईडी अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में एजेंसी ने एक नया ईसीआईआर दर्ज किया है, जो एनआईए की उस जांच से संबंधित है जिसमें साकिब नाचन को आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में आरोपी बनाया गया है।

अफगानिस्तान की संप्रभुत्ता और स्वतंत्रता का मजबूती से समर्थन करता है भारत

आतकंवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई पर जोर

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा कि तालिबान के साथ व्यावहारिक संवाद की जरूरत है। केवल दंड देने वाले उपायों पर फोकस करने से अफगानिस्तान पहले जैसी स्थिति में ही रहेगा। भारत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ऐसे नीतिगत उपाय अपनाने चाहिए, जो अफगान लोगों को स्थायी लाभ प्रदान कर सकें। संयुक्त राष्ट्र में भारती के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि तालिबान के साथ व्यावहारिक संवाद होना चाहिए और नीति ऐसी होनी चाहिए जो सकारात्मक कदमों को प्रोत्साहित करे। उन्होंने आगे कहा कि केवल दंड देने वाले उपायों पर फोकस करने से पिछले साढ़े चार वर्षों की तरह हालात बने रहेंगे। हरीश ने अफगान जनता की विकास जरूरतों को पूरा करने में भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया।

अफगानिस्तान को कठिन परिस्थितियों में रखा

भारत ने अफगानिस्तान पर हवाई हमलों को लेकर भी चिंता जताई और निर्दोष महिलाओं- बच्चों और खिलाड़ियों की हत्या की निंदा की। हरीश ने कहा कि अफगानिस्तान के लोगों को व्यापार और पारगमन के तहत कई वर्षों से मुश्किल परिस्थितियों में रखा जा रहा है, जो विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानकों का उल्लंघन है और एक चौतरफा जमीनी सीमा से घिरे देश के खिलाफ युद्ध जैसी कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि भारत अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुत्ता और स्वतंत्रता का मजबूती से समर्थन करता है।

अफगानिस्तान की स्थिति पर नजर रख रहा भारत

तालिबान के सत्ता में आने के बाद अगस्त 2021 में भारत ने अपने अधिकारियों को काबुल से वापस बुला लिया था। जून 2022 में भारत ने अफगानिस्तान की राजधानी में तकनीकी टीम भेजकर अपनी कूटनीतिक मौजूदगी फिर से मजबूत की। हरीश ने कहा कि भारत अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि काबुल में दिल्ली के तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्जा देने का हालिया फैसला इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हरीश ने कहा कि भारत अफगान जनता की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं के अनुसार अफगानिस्तान के समग्र विकास, मानवीय मदद और क्षमता निर्माण परियोजनाओं में अपने योगदान को बढ़ाने के लिए सभी पक्षों से जुड़ा रहेगा। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी अक्तूबर छह दिवसीय भारत दौरे पर आए थे। यह तालिबान के सत्ता में आने के बाद भारत आने वाले पहले वरिष्ठ मंत्री थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुत्ताकी के साथ वार्ता की थी और काबुल में दिल्ली के तकनीकी मिशन दूतावास के रूप में अपग्रेड करने और अफगानिस्तान में विकास कार्यों को फिर से शुरू करने का एलान किया था। उन्होंने पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए जोर देकर कहा कि उन संस्थाओं और व्यक्तियों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तालमेल बनाने का प्रयास करना चाहिए, जिन्हें सुरक्षा परिषद ने आतंकवादी घोषित किया है।

पीएम की पूरी टीम बेनकाब
कांग्रेस ने भाजपा को लिया आड़े हाथ

नई दिल्ली। वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर लोकसभा और राज्यसभा में हुई चर्चा के बाद कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। पार्टी ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पूरी टीम वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के अवसर पर सदन में हुई चर्चा में पूरी तरह बेनकाब और गलत साबित हुई।कांग्रेस के महासचिव और संचार प्रभारी जय राम रमेश ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में वंदे मातरम् पर तीन दिन तक चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि चर्चा में राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रीय गान पर भी चर्चा हुई। रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और उनकी टीम ने दो प्रमुख इतिहासकारों द्वारा लिखी गई किताबें, रुद्रांगसु मुखर्जी की 'भारत का गीतः राष्ट्रगान का एक अध्ययन' और सब्यसाची भट्टाचार्य की 'वंदे मातरम' पढ़ी ही नहीं हैं। ये बातें मोदी सरकार की झूठी दलीलों को और उजागर करती हैं। इतना हीं नहीं रमेश ने यह भी कहा कि बहस का उद्देश्य पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और स्वतंत्रता सेनानियों जैसे रवींद्रनाथ टैगोर का अपमान करना था।

टैगोर की सलाह पर ही पार्टी ने तय किया

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि इतना उम्मीद करना ही बेकार है कि वे अपने झूठों के बेनकाब होने के बाद भी इसे पढ़ें। इसके साथ ही कांग्रेस नेता ने पहले इतिहासकार सुगता बोस के हवाले से बताया कि 1937 में रवींद्रनाथ टैगोर की सलाह पर ही पार्टी ने तय किया था कि राष्ट्रीय सभाओं में केवल वंदे मातरम् का पहला भाग ही गाया जाएगा।

अनुराग ने टीएमसी सांसद पर लगाये ई-सिगरेट पीने के आरोप

नई दिल्ली। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज तृणमूल कांग्रेस सांसद पर गंभीर आरोप लगाए। अनुराग ठाकुर ने स्पीकर ओम बिरला से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने की मांग की। इस पर स्पीकर ने उन्हें आश्वस्त किया कि किसी भी तरह के नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सदन के नियमों के मुताबिक समुचित जांच कराई जाएगी। हिमाचल प्रदेश से निर्वाचित लोकसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रश्नकाल के दौरान कहा, 'पूरे देश में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन संसद में तृणमूल कांग्रेस सांसद ई-सिगरेट पी रहे हैं।' उनकी इस बात को गंभीरता से लेते हुए स्पीकर ओम बिरला ने कहा, संसदीय नियमावली के तहत इस घटना की जांच कराई जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि संसद की मर्यादा से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अनुराग ठाकुर ने दोपहर करीब 11.27 बजे प्रश्न पूछा।

राहुल गांधी पर भड़के मनोज तिवारी

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र में अवैध घुसपैठियों पर कार्रवाई के मुद्दे पर सियासी बयानबाजियां तेज हो गईं। इसी कड़ी में गुरुवार को भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर जुबानी हमला करते हुए उन्हें खुला चैलेंज दे दिया। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि अवैध घुसपैठियों पर कार्रवाई की बात होते ही विपक्ष वॉकआउट क्यों करता है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी कहते कुछ हैं लेकिन उनकी छिपी मानसिकता कुछ और ही होती है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा हर बार उनकी बयानों की शैली में प्रकट हो जाता है। तिवारी ने कहा कि मैं राहुल गांधी को चैलेंज करता हूं। ये लोग अवैध घुसपैठियों पर कार्रवाई की बात आते ही सदन से वॉकआउट कर जाते हैं।

भारत की समुद्री सीमा में घुसी पाकिस्तानी नाव,11 गिरफ्तार

अहमदाबाद। भारत की जल सीमा के अंदर घुसने वाली एक पाकिस्तानी नाव को तटरक्षक बल ने गुरुवार को जब्त कर लिया। इस नाव में सवार 11 सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने भारतीय जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में एक पाकिस्तानी नाव को जब्त कर लिया है और उसके चालक दल के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों को आगे की जांच के लिए गुजरात की जाखौ मरीन पुलिस को सौंप दिया गया है। गुजरात रक्षा पीआरओ विंग कमांडर अभिषेक कुमार तिवारी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय तटरक्षक बल ने बुधवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए भारत के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र के अंदर चालक दल के 11 सदस्यों वाली एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव को जब्त किया।



खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

सिप्ला लिमिटेड ने युरपीक के लॉन्च की घोषणा की

नई दिल्ली। सिप्ला लिमिटेड ने आज युरपीक के लॉन्च की घोषणा की। यह एक सप्ताह में एक बार दिया जाने वाला इंजेक्टेबल उपचार है, जिसे मोटापे और टाइप 2 डायबिटीज़ मेलिटस देश की दो सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रबंधन के लिए बनाया गया है। लिली को भारत के औषधि नियंत्रक महानियंत्रक की मंजूरी मिलने के बाद, सिप्ला को भारत में युरपीक, यानी लिली के टिरज़ेपाटाइड के दूसरे ब्रांड को वितरित और प्रमोट करने के अधिकार प्राप्त हैं। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, अचिन गुप्ता ग्लोबल चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, सिप्ला लिमिटेड ने कहा युरपीक का लॉन्च मोटापे और टाइप 2 डायबिटीज़ मेलिटस भारत की दो दीर्घकालिक और गंभीर बीमारियों के खिलाफ लड़ाई में परिवर्तनकारी क्षण का प्रतीक है। सिप्ला इस क्षेत्र में उसी स्तर की विशेषज्ञता और वैज्ञानिक प्रतिबद्धता के साथ प्रवेश कर रहा है, जिसने क्रोनिक बीमारियों और श्वसन देखभाल में हमारी नेतृत्वकारी स्थिति को परिभाषित किया है।

एचडीएफसी टेक इनोवेटर्स- 2025' सफलतापूर्वक पूरा

मुंबई। एचडीएफसी बैंक ग्रुप ने 'एचडीएफसी टेक इनोवेटर्स - 2025' के चौथे संस्करण को सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसमें छह सेक्टर के 10 विजेताओं और उभरती महिला फाउंडर्स के लिए दो स्पेशल रिकग्निशन अवॉर्ड्स की घोषणा की गई। एचडीएफसी टेक इनोवेटर्स-2025 को एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी कैपिटल और एचडीएफसी एएमसी ने मिलकर आयोजित किया था, जिसमें ग्रुप की दूसरी कंपनियों - एचडीएफसी लाइफ, एचडीएफसी एर्गो, एचडीएफसी सिक्योरिटीज और एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज़ ने भारत के तेज़ी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम को सपोर्ट किया।

कोटक सिक्योरिटीज मार्केट आउटलुक

मुंबई। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड (कोटक नियो) ने अपना मार्केट आउटलुक 2026 जारी किया है, जिसमें वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय शेयर बाजार और कमोडिटी (जैसे सोना) में मजबूती की उम्मीद जताई गई है। रिपोर्ट में आने वाले साल में निवेशकों के ध्यान देने लायक बड़े आर्थिक रुझान, सेक्टर के अवसर और कमोडिटी के अनुमान बताए गए हैं। कोटक सिक्योरिटीज के एमडी एंड सीईओ श्रीपाल शाह ने कहा कि, ÷वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत ग्रोथ का मजबूत केंद्र बना हुआ है। हमारी इक्विटी पर राय पॉजिटिव है, क्योंकि कॉर्पोरेट अर्निंग अच्छी रहने की उम्मीद है और नीतिगत माहौल भी सहयोगी है। 2026 में सोना एक सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में अपनी चमक बनाए रखेगा। युवा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी से बाजार और मजबूती पकड़ेगा और वेल्थ क्रिएशन के नए अवसर पैदा होंगे।

एशियन यूथ पैरा गेम्स: भारत के अब्दुल कादिर इंदौरी ने दो स्वर्ण पदक जीते

दुबई(आईएएनएस)। भारत के अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर बटरफ्लाई और 50 मीटर बैकस्ट्रोक इवेंट्स में दो गोल्ड मेडल जीते। अब्दुल कादिर इंदौरी की सफलता पर पैरालंपिक कमेटी ऑफइंडिया ने बधाई देते हुए अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, भारत के लिए सुनहरा अवसर। एक शानदार उपलब्धि जो उनके धैर्य, अनुशासन और भारत के युवा पैरा-एथलीट्स की बढ़ती ताकत को दिखाती है। बधाई हो, अब्दुल। इवेंट में ईरान ने 195 सदस्यों वाला अपना सबसे बड़ा दल भेजा है। उज्बेकिस्तान ने 124, थाईलैंड ने 122, और भारत ने 122 सदस्यों का दल भेजा है। मेजबान यूएई के 55 एथलीट यह दिखाएंगे कि देश में पैरा-स्पोर्ट कैसे विकसित हुआ है और एशियन पैरालंपिक कमेटी और दुबई क्लब फॉर पीपल ऑफ डिटरमिनेशन जैसे ऑर्गनाइजेशन इस इलाके में समावेश को बढ़ावा देने के लिए कितने प्रतिबद्ध हैं।

क्रिकेट से ज्यादा मुझे किसी और चीज से प्यार नहीं

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना अपनी शादी स्थगित होने के बाद पहली बार सार्वजनिक मंच पर नजर आईं। दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान मंधाना कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ मौजूद थीं। इस दौरान मंधाना ने कहा कि क्रिकेट से ज्यादा अहमियत वह अपनी जिंदगी में किसी भी दूसरी चीज को नहीं देतीं। बस गेंद देखना है और मारना है।

'धुरंधर' ने वसूल लिया अपना बजट, छठे दिन मचाया धमाल

मुंबई। धुरंधर की रफ्तार को बॉक्स ऑफिस पर रोकना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन हो चुका है। फिल्म को अभी सिनेमाघरों में आए हुए महज छह दिन ही हुए है, लेकिन रणवीर सिंह की मूवी ने एक-एक करके फिल्मों को बॉक्स ऑफिस के सिंहासन से उतारना शुरू कर दिया है। अमेजिंग बात ये है कि ये मूवी जिस रफ्तार से घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर रही है, उससे दोगुनी रफ्तार से दुनियाभर में मूवी की कमाई हो रही है। विदेशों में आदित्य धर के निर्देशन में बनी धुरंधर लोगों को कितनी ज्यादा पसंद आ रही है, इस बात का अंदाजा आपको इस फिल्म के ओवरसीज बिजनेस से हो जाएगा, तो चलिए देर किस बात की है। फटाफट से देख लेते हैं फिल्म की दुनियाभर में 6 दिनों में कुल कमाई कितनी हुई है।

32 करोड़ से वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत करने वाली फिल्म 'धुरंधर'के कलेक्शन में वीकेंड पर बड़ी उछाल देखने को मिली थी। महज 2 दिनों में फिल्म का ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन 77.85 करोड़ और तीन दिन में 140 करोड़ तक पहुंच गया था। चार दिनों के अंदर ही फिल्म ने 185 करोड़ और पांच दिन खत्म होने तक 224 करोड़ का वर्ल्डवाइड बिजनेस किया था।

आलिया भट्ट को मिला गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट के खाते में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। एक्ट्रेस को रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। आलिया को ट्यूनीशियाई अभिनेत्री हेंड सबरी के साथ एक समारोह में सम्मानित किया गया, जिन्हें उमर शरीफअवॉर्ड से नवाजा गया। रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का पांचवां संस्करण सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित किया जा रहा है। गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड जीतने पर खुशी जताते हुए आलिया ने कहा कि गोल्डन ग्लोब्स द्वारा सम्मानित होना मेरे लिए गर्व की बात है।

अगले साल छग राज्यसभा की दो सीटें होंगी रिक्त

■ **कई दावेदार, लॉबिंग भी शुरू**

रायपुर/नवप्रदेश। अगले साल अप्रैल 2026 में छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की दो सीटें रिक्त होने जा रही हैं। इसमें राज्यसभा सदस्य फूलोदेवी नेताम और कवि तेजपाल सिंह तुलसी का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 को खत्म होगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव होंगे। जिसमें एक सीट भाजपा और एक सीट कांग्रेस को मिलना तय है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में 90 सदस्यों में 54 भाजपा, 35 कांग्रेस और एक गोड़वाना गणतंत्र पार्टी का विधायक है।

चुनाव की स्थिति में प्रथम और द्वितीय ऑप्शन को लेकर वोटिंग होगी। इसमें भाजपा के विधायक अपने राज्यसभा प्रत्याशी को वोट करेंगे, वहीं कांग्रेस के विधायक अपने प्रत्याशी को वोट करेंगे। ऐसी स्थिति में दोनों पार्टियों से एक-एक प्रत्याशी बनाए जाएंगे। मालूम हो कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ से पांच राज्यसभा सांसद हैं। इसमें फूलोदेवी नेताम, कवि तेजपाल सिंह तुलसी, राजीव शुक्ला, रंजीत रंजन और देवेंद्र प्रताप सिंह। इसमें चार राज्यसभा सदस्य पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बनाए गए थे। वहीं भाजपा के सत्ता में आने के बाद वर्ष 2024 में देवेंद्र प्रताप सिंह को राज्यसभा सदस्य बनाया गया। वैसे तो देशभर में नवंबर 2025 से अप्रैल 2026 के बीच राज्यसभा की करीब 70 से अधिक सीटें खाली हो जाएंगी।

कई दावेदार, लॉबिंग भी शुरू: इसमें कई दिग्गज नेत्ता व प्रमुख नाम शामिल हैं, मगर छत्तीसगढ़ की रिक्त होने वाली दो सीट को लेकर चार महीने पहले ही चर्चा शुरू हो गई है। चर्चा की एक वजह भाजपा और कांग्रेस को संख्या बाल के मुताबिक एक-एक सीट मिलना तय है। भाजपा में राज्यसभा सीट को लेकर वैसे तो दावेदारों की लंबी कतार है, किंतु भाजपा में सामूहिक निर्णय होता है, इसलिए भाजपा में दावेदारी को लेकर लॉबिंग नजर नहीं आती है, किंतु कांग्रेस में अभी से दावेदारों के नाम सामने आने लगे हैं। कांग्रेस नेताओं को उम्मीद है कि सरकार में रहते हुए राज्यसभा में चार सदस्य बनाए गए, इसमें तीन बाहरी थे, जिसके चलते प्रदेश कांग्रेस की जमकर किरकिरी हुई, इसलिए इस बार शायद छत्तीसगढ़ से ही किसी की मौका मिले। कुल मिलाकर राज्यसभा की रिक्त होने चाली दो सीटों को लेकर राजनीतिक गलियारे में चचर्चाएं शुरू हो गई है।

समितियों से धान खरीदी के साथ परिवहन में तेजी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में भी 15 नवंबर से धान की खरीदी कराई जा रही है। जिले के सभी 96 उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जा रहा है। आज भी जिले के अधिकांश उपार्जन केंद्रों में 1, 13,000 क्विंटल से अधिक धान खरीदा गया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक उपार्जन केंद्रों में 17 लाख 25706।80 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है । इसी प्रकार से खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में अब तक यहां पर भी 1044506।60 क्विंटल धान खरीद लिया गया है जबकि वनांचल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में अब तक 4,49,705,60 क्विंटल धान की खरीदी सुनिश्चित करा ली गई हैं। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ सुधीर सोनी का कहना है कि उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी प्रतिदिन सुनिश्चित की जा रही है। धान खरीदी में काफी तेजी आई है। 43 हजार क्विंटल से अधिक उठा धानः मिल मालिकों के साथ अनुबंध हो जाने के बाद धान परिवहन में भी तेजी आने लगी है राजनांदगांव जिले में अब तक 43 030 ।00 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है। खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में 1890 क्विंटल से अधिक धान का उठा हुआ है। मोहला मानपुर प्रथम बगड़ चौकी में 240 क्विंटल से अधिक का धान उठ चुका है। आधिकारिक की माने तो मिल मालिकों से 70प्रतिशत से अधिक धान का अनुबंध कर लिया गया है। अनुबंध के बाद से उठाव में तेजी आ रही है।

न्यूज गैलरी

अब घर-घर दस्तक देंगे बीएलओ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले में भी मतदाता पुनरीक्षण का कार्य तेजी से पूर्ण कराया जा रहा है। 11 दिसंबर को फार्म एकत्रित करने की अंतिम तिथि होने के चलते एक बार फिर से बीएलओ घर-घर दस्तक देते नजर आ रहे हैं। अब तक दो से तीन बार घरों में बीएलओ ने अपनी उपस्थिति दे दी है। फिर भी अधिकांश मतदाताओं की सही जानकारियां नहीं मिल पाई हैं। यह चिंता का विषय बना हुआ है । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसके लिए राजनांदगांव जिले में भी तेजी से अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व में गणना पत्र भरने की तिथि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने के लिए जा रहे आवेदन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पीएमश्री योजना अंतर्गत जिले में संचालित पीएम श्री शासकीय हायर सेकेण्डरी शालाओं में आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा। बच्चों को प्रशिक्षण देने के लिए जुडो, कराटे, ताईक्वांडों, किक बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट विधाओं में दक्ष खिलाडियों व प्रशिक्षकों से आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है। प्रशिक्षण देने के लिए इच्छुक एवं पात्र प्रशिक्षक व खिलाड़ी 12 दिसम्बर 2025 तक आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 89 से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है।

गरीब परिवारों को दिया जा रहा नि :शुल्क एलपीजी कनेक्शन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री उज्जवला गैस कनेक्शन योजना को हर गरीब परिवार के घर-घर तक पहुंचाने सरकार ने कमर कस ली है। इस संबंध में बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें शहर के इंडेन गैस एच पी गैस व अन्य गैस एजेंसियों सहित डिप्टी कलेक्टर अंकित चौहान उपस्थित थे। प्रेस वार्ता में कलेक्टर चौहान ने बताया बताया कि पीएम उज्ज्वला योजना का सरकारी टारगेट कि कोई भी गरीब परिवार इस लाभ से वंचित न रहे इसमें शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले 2।33 लाख उज्जवला योजना का टारगेट सरकार की ओर से दिया गया था, और खासकर राजनांदगांव को 5600 का टारगेट दिया गया है। जिसके अंतर्गत गरीब परिवार में महिला के नाम से उज्जवला योजना का कनेक्शन दिया जाता है। उन्होंने बताया कि पूरे जिले में 7000 के करीब आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिसमें महिला मुखिया के नाम से 6800 केवायसी भी हो गया है। डिप्टी कलेक्टर ने बताया कि नियम शर्तों के अनुसार उज्जवला गैस कनेक्शन योजना का लाभ लेने वाली घर की महिला मुखिया होना चाहिए और परिवार में कोई और एलपीजी गैस कनेक्शन नहीं होने चाहिए।

गढ़चिरौली में 11 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नक्सली आंदोलन को फिर एक बड़ा झटका लगा है। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में 11 वरिष्ठ नक्सलियों ने आत्म समर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों पर करोड़ों रुपए का इनाम घोषित था। गढ़चिरोली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस महासंचालक रश्मि शुक्ला के समक्ष 11 वरिष्ठ नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है।

ग्रामीण क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले के विरूद्ध कार्रवाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। असमाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन के दौरान लालबाग पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्र में उपद्रव मचाकर अशांति फैलाने वाले बदमाश के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। लालबाग पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 10 दिसंबर को सूचना मिली कि ग्राम बुद्धभरदा में वाद विवाद हो रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और देखा कि उमाशंकर साहू पिता भोलाराम साहू निवासी जंगलपुर के द्वारा अपनी पत्नी लिमका अडकने के मायके में जाकर शराब के नशे में तू बिना बताये मायके क्यों आ गयी है कहकर गाली गालौज कर रहे था। जिसे मौके पर पुलिस व आसपास के लोगों के द्वारा समझाने का प्रयास किया गया परंतु वह और अधिक उत्तेजित होकर वाद विवाद करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया था। जिसे धारा 170 बी। एन। एस। एस। के तहत गिरफ्तार किया गया।

होटल संचालकों के बीच मारपीट, 5 गिरफ्तार

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर में दो होटल संचालकों के बीच हुए विवाद के मामले में पुलिस ने दोनों ही पक्षों के कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। डोंगरगांव थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णा पाटले से मिली जानकारी के अनुसार 20 नवंबर के रात्रि डोंगरगांव स्थित योगेश दोसा एवं गौतम होटल के संचालकों द्वारा पुरानी बात को लेकर वाद-विवाद एवं मारपीट की घटना हुई थी। घटना के प्रार्थिया भान बाई यादव पति भानु यादव, उम्र 50 साल, निवासी वार्ड 11 सिनेमा लाईन डोंगरगांव की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 361/25 धारा 296, 115(2), 351(2), 191(2), 333 बीएनएस एवं प्रार्थी योगेश कुमार देवांगन पिता त्रिलोचन देवांगन, उम्र 33 साल, निवासी वार्ड न 02 जेन्टस क्लब मैदान के पास डोगरगांव के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने पर धारा 296 115 (2), 191 (2), 49, 109 बीएनएस का अपराध कायम किया गया था।

बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेसः सफलता के 3 गौरवपूर्ण वर्ष

आधुनिक सुविधाओं और समयबद्ध संचालन के लिए प्रसिद्ध

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय रेलवे की आधुनिकतम और श्रेष्ठतम वंदे भारत एक्सप्रेस, जो बिलासपुर और नागपुर के मध्य संचालित होती है, ने अपने तीन वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिए हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने इस प्रतिष्ठित ट्रेन को तीन वर्ष पूर्व आज ही के दिन हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया था। यह गाड़ी अपनी उच्च गति, आधुनिक सुविधाओं और समयबद्ध संचालन के लिए प्रसिद्ध है।

3 वर्षों के इस गौरवशाली अवसर पर कोचिंग डिपो बिलासपुर ने पूरे उत्साह के सभी कोचों को तिरंगे गुब्बारों से सुंदर रूप से सजाया गया, जिससे सम्पूर्ण परिसर में राष्ट्रीय गौरव और उल्लास का वातावरण निर्मित हुआ। यह सजावट यात्रियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी और इस उपलब्धि का प्रतीकात्मक सम्मान भी।

नया उपलब्धि की हासिलः बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत ने इस साल मार्च मैं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन की पहली ISO 9001:2015 सर्टिफाइड ट्रेन बनने का खिताब भी अपने नाम करवाया है । जो उच्चतम गुणवत्ता मानकों, उत्कृष्ट प्रबंधन प्रणाली, सुरक्षा, स्वच्छता और यात्री संतुष्टि का प्रमाण है । यह उपलब्धि न केवल इस ट्रेन की विश्वसनीयता को बढ़ाती है, बल्कि भारतीय रेलवे की नवाचार और सेवा सुधार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। इस वंदे भारत रेक का रखरखाव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोचिंग डिपो, बिलासपुर में किया जा रहा है । कोचिंग डिपो बिलासपुर के अधिकारियों , सुपरवाइजर और कर्मचारियों ने नई तकनीक से युक्त इस वंदे भारत रेक के संचालन में अपने कौशल, ज्ञान और अनुभव का प्रदर्शन करते हुए इसे पूरी दक्षता के साथ संचालित किया है । पिछले तीन वर्षों में इस ट्रेन ने बिना किसी तकनीकी समस्या के सुचारु और निर्बाध रूप से अपनी सेवाएँ प्रदान की हैं ।

पिछले वर्ष इस वंदे भारत रेक का प्रथम शॉप शेड्यूल-1 कोचिंग डिपो बिलासपुर में सफलतापूर्वक पूरा किया गया । इस उपलब्धि के साथ कोचिंग डिपो बिलासपुर भारतीय रेल का पहला कोचिंग डिपो बन गया, जिसने यह महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया।

यात्रा समय को कम करती है ये ट्रेन

बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ने यात्रियों के सफर को न केवल आरामदायक और सुरक्षित बनाया है, बल्कि यात्रा समय को भी उल्लेखनीय रूप से कम किया है । यह गाड़ी लगभग 412 किलोमीटर की दूरी को केवल 5.5 घंटे में तय करती है । इसमें उत्कृष्ट बैठक व्यवस्था, वाई-फाई, इन्फोटेनमेंट प्रणाली और ऑटोमैटिक दरवाजों जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह ट्रेन न केवल व्यापारिक और पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित कर रही है, बल्कि क्षेत्रीय समृद्धि में भी योगदान दे रही है । वंदे भारत एक्सप्रेस ने अपने यात्रियों के हृदय में विशिष्ट स्थान बनाया है । समयबद्ध संचालन और उत्कृष्ट सेवा यात्रियों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करते हैं ।

26 नई व 35 रेल लाइन दोहरीकरण कार्य जारी: रेलमंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को दुर्ग सांसद विजय बघेल के लोकसभा में पूछे एक सवाल के जवाब में कहा कि छत्तीसगढ़ में भविष्य के रेल नेटवर्क के लिए एक दीर्घकालिक रोडमैप तैयार किया गया है।

पिछले तीन वर्षों (2022-23 से 2024-25) और चालू वित्त वर्ष (2025-26) के दौरान, राज्य में पूर्णतः कुल 5,755 किलोमीटर लंबाई को कवर करने वाले 61 सर्वेक्षण कार्य (26 नई लाइन और 35 दोहरीकरण) शुरू किए गए हैं, जो राज्य में रेल नेटवर्क के सघन विस्तार की योजना को दर्शाता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में स्वीकृत परियोजनाओं, उनकी प्रगति और वर्तमान स्थिति का विस्तृत विवरण सदन के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि राज्य में रेल अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए बजट आबंटन में एक ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। जहां 2009-2014 के दौरान औसत वार्षिक परिव्यय मात्र 311 करोड़ प्रति वर्ष था, वहीं वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए यह बढ़कर 6,925 करोड़ हो गया है, जो 22 गुना से अधिक की वृद्धि है।

हत्यारे दो दबंग भाइयों को 10-10 साल की कैद

रायपुर/नवप्रदेश। मामूली विवाद में युवक की हत्या करने वाले आरोपी दो दबंग भाइयों को आरोप सिद्ध होने पर रायपुर के न्यायाधीश ने 10-10 साल सश्रम कारावास और 500-500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड का भुगतान न करने पर 3-3 माह अतिरिक्त कठोर सजा का प्रावधान है। यह मामला उरला थाना क्षेत्र के बीरगांव स्थित नागेश्वर नगर का है। इस मामले में अंतिम सुनवाई द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार सिंह की कोर्ट में पूर्ण हुई। अतिरिक्त लोक अभियोजक कैलाश अगाशे ने कोर्ट को बताया कि 6 मई 2021 की देर रात करीब 11.30 बजे बीरगांव के नागेश्वर नगर स्थित रंगमंच में बैठ कर झम्मन यादव, हिरेन्द्र देवांगन, सुभाष, करण व कार्तिक बातचीत कर रहे थे।

तुमड़ी बोड़ के अरोरा राइस मिल में 1300 कट्टा धान जब्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में अवैध धान रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत तुमड़ी बोड़ स्थिति अरोरा राइस मिल से 1300 कट्टा धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। मिली जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन की एक टीम ने आज तुमड़ी बोध में अरोरा फूड प्रोडक्ट में जांच कर भौतिक सत्यापन किया है जिसमें कुल 1300 कट्टा धान जब्त किया गया है जिसके संबंध में कोई दस्तावेज नहीं दिए जाने के कारण मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध रूप से धान का संग्रहण कर रहे कोचियों के साथ ही राइस मिलो का भी लगातार भौतिक सत्यापन किया जा रहा है जिसके कारण अवैध धान के मामले बड़े तेजी के साथ सामने आ रहे है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज किया जाएगा।

धान खरीदी मामले में कोचियों से मिलभगत के चलते डोंगरगढ़ के खाद्य निरीक्षक सिद्धार्थ मिश्रा को हटाकर राजनांदगांव संलग्न कर दिया गया है। उनके स्थान पर सुश्री गरिमा सोरी को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में धान कोचियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के बीच यह खबर आ रही थी की डोंगरगढ़ खाद्य विभाग कोचियों से मिलीभगत करके कार्यवाही नहीं कर रहा है। जिसके कारण आ रही शिकायत की जांच कराई गई तो कोचियों का यह बयान लिखित में सामने आया कि खाद्य विभाग की जानकारी में ही कोचियों का काम हो रहा है ।

गोवा के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे ने शीतकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते बिलासपुर-मडगांव-बिलासपुर के मध्य 4 फेरे के लिये साप्ताहिक शीतकालीन स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया है। बिलासपुर-मडगाँव शीतकालीन स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 20, 27 दिसम्बर, 3 एवं 10 जनवरी को प्रत्येक सप्ताह शनिवार तथा मडगाँव बिलासपुर शीतकालीन स्पेशल ट्रेन मडगाँव से 22, 29 दिसम्बर, 5 एवं 12 जनवरी को प्रत्येक सोमवार को चलेगी। स्पेशल ट्रेन का स्टॉपेज जोन के भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनादगाँव, गोंदिया एव नागपुर स्टेशनों में दिया गया है।

15 वर्षों से ट्रेनों में चोरी करने वाला चोर रायपुर में गिरफ्तार

■ **तीन लाख 28 हजार रुपये के सामान बरामद**

रायपुर/नवप्रदेश। ट्रेन में हो रही चोरी की घटनाओं पर कार्रवाई करते हुए जीआरपी रायपुर ने अंतरराज्यीय चोर सौरभ बुरान्डे (35) को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से तीन लाख 28 हजार रुपये के सोने-चांदी के जेवर और मोबाइल बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने क्या कहाः रेलवे एसपी स्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के अनुसार, चोरी की घटनाओं को देखते हुए विशेष टीम बनाकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। 13 नवंबर को पकड़े गए आरोपित गोलू उर्फ सन्नी सोनवानी और सुमित विश्वकर्मा ने पूछताछ में सौरभ बुरान्डे का नाम उजागर किया था, जिसके बाद टीम ने बुधवार को उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में सौरभ ने स्वीकार किया कि वह पिछले 15 वर्षों से ट्रेनों में चोरी कर रहा है। पकड़े जाने के डर से वह बागबाहरा, महासमुंद, राजिम और गोंदिया सहित कई स्थानों पर ठिकाना बदलकर रहता था। वर्तमान में वह राजिम में रह रहा था।

पहले भी हो चुका है गिरफ्तारः आरोपित पूर्व में भी जीआरपी गोंदिया, जीआरपी रायपुर और सिटी कोतवाली महासमुंद से गिरफ्तार हो चुका है। कुल छह प्रकरणों में सौरभ की संलिप्तता सामने आई है। तीन प्रकरणों में उसके कब्जे से सोने का हार, मंगलसूत्र, लाकेट और एक मोबाइल फोन सहित कुल 3,28,000 रुपये का मशरूका जब्त किया गया है।

अब तक 10 फीसदी अंक बढ़ने पर ही जारी होती थी नई अंकसूची

अब पुनर्मूल्यांकन में 5 प्रतिशत बढ़ने पर भी अंक वृद्धि मान्य

रायपुर/नवप्रदेश। दसवीं एवं बारहवीं में रिजल्ट के बाद उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराने पर अब 5 प्रतिशत अंक बढ़ने पर भी अंक वृद्धि मान्य की जाएगी और विद्यार्थी को नई अंकसूची जारी की जाएगी। अभी तक 10 फीसदी बढ़ने पर अंक वृद्धि मान्य की जाती रही है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा पुनर्मूल्यांकन नियम में किए गए बदलाव से बड़ी संख्या में विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

माशिमं की परीक्षा समिति के निर्णय के बाद माशिमं ने उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन नियम में बदलाव किया है। जिसके अनुसार कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में परिणाम से असंतुष्ट होने पर विद्यार्थी द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन कराने पर पूर्व में मिले अंक में 5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होती है तो अंक वृद्धि को मान्य करते हुए नई अंकसूची जारी की जाएगी। अभी तक पुनर्मूल्यांकन कराने पर अंक वृद्धि तभी मान्य होती थी जब अंकों में 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होती थी। विद्यार्थियों के हित में माशिमं ने पुनर्मूल्यांकन में अंक वृद्धि के नियम को शिथिल कर दिया है।

नई व्यवस्था आगामी बोर्ड परीक्षा से लागू होगी। अंक वृद्धि को शिथिल किए जाने से 10वीं एवं 12वीं के बड़ी संख्या में विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। कई बार देखा गया है कि पुनर्मूल्यांकन कराने पर 8 से 9 प्रतिशत अंकों की बढ़ोत्तरी होती थी, तब भी अंक वृद्धि मान्य नहीं होती थी। इससे विद्यार्थियों को निराशा होती थी लेकिन अब 5 प्रतिशत अंक वृध्दिन मान्य होने से कई विद्यार्थी प्रावीण्य सूची में भी सम्मिलित हो सकेंगे। गौरतलब है कि 10वीं एवं 12वीं में कई विद्यार्थी टॉप टेन में आने से दो-चार अंक से चूक जाते थे और पुनर्मूल्यांकन कराने पर भी राहत नहीं मिलती थी।

30 हजार से ज्यादा कॉपियों का पुनर्मूल्यांकनः पिछली पहली बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट के बाद मूल्यांकन से नाखुश विद्यार्थियों की ओर से पुनर्मूल्यांकन के लिए 30237 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें 18231 आवेदन कक्षा 12वीं के लिए मिले थे। पुनर्मूल्यांकन के लिए यह प्रावधान था कि 10 फीसदी अंक बढ़ने पर ही अंक वृद्धि मान्य होती थी, जिसे बदलकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है जबकि पुनर्गणना नियम में उत्तरपुस्तिकाओं में अंकों की दोबारा गणना करने पर अंकों में कमी या वृद्धि दोनों मान्य की जाती है अर्थात एक अंक की भी कमी या वृद्धि मान्य होती है।

पत्नी की हत्या, पति को आजीवन कारावास

राजनांदगांव/नवप्रदेश। टंगिया से वार कर पत्नी की हत्या करने के मामले में आरोपी पति को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक विनोद कुमार बाजपेई ने बताया कि अभियुक्त ओमप्रकाश साहू एवं मृतिका भुवनेश्वर साहू पति-पत्नी है उनके बीच आए दिन होने वाले विवाद के चलते भुवनेश्वरी साहू अपने मायके में रह रही थी। 16 जुलाई 2024 को भुवनेश्वरी साहू अपनी भाभी कुमारी बाई साहू एवं चाची सुलोचना भाई साहू के साथ अपने दादा के खेत में निंदाई करने गई थी। तीनों खेत में निंदाई कर रहे थे। तभी दोपहर लगभग सवा 1 बजे अभियुक्त ओमप्रकाश साहू खेत में आया, जो अपने हाथ में टंगिया रखा हुआ था और अपनी पत्नी भुवनेश्वरी साहू को बोला कि 'ससुराल चलने को बोलता हूं तो तबीयत खराब होने का बहाना बनाती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com